रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची • गुरुवार, 05 अक्टूबर 2023 • आश्विन कृष्ण पक्ष 06, संवत 2080 • पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹6 • वर्ष : 1, अंक : 170

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

जन्म
15 अक्टूबर 1939
निधन
04 अक्टूबर 2023



यादों में...

कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो



# नि:स्वार्थ सेवक का जाना...

बसंत मुंडा/रेहान अहमद। रांची

कार्डिनल तेलेस्फोर प्लास्दियुस टोप्पो का जन्म 15 अक्टूबर 1939 को गुमला जिले के चैनपुर पेरिस के सुदरवर्ती गांव झारगांव के कुड़ुख (उरांव परिवार)में हुआ था. एंब्रोस टोप्पो व माता सोफिया खलखो के 10 पुत्र- पुत्रियों में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो माता-पिता की आठवी संतान थे. हाई स्कूल तक की शिक्षा उन्होंने गुमला में प्राप्त की थी, इसके बाद रांची के संत जेवियर्स कॉलेज से उन्होंने इंटर व बीए की डिग्री हासिल की. रांची विवि से इतिहास में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की . बेल्जियम के पुरोहित के जीवन से प्रेरित होकर उन्होंने संत अल्बर्ट सेमिनरी में दाखिला लिया. दर्शनशास्त्र की पढ़ाई संत अल्बर्ट कॉलेज रांची में जारी रखा. दर्शनशास्त्र की पढ़ाई करने के लिए उन्हें पॉन्टिफिकल अरबन यूनिवर्सिटी रोम भेजा गया, जहां से उन्होंने थियोलॉजी की डिग्री ली थी.



## कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो का परिचय

- **जन्म स्थान :** गुमला जिला के झारगांव में
- **पिता :** एंब्रोस टोप्पो
- **माता :** सोफिया खलखो
- **प्राइमरी एजुकेशन :** अपर प्राइमरी स्कूल, झाड़गांव
- **सेकेंडरी एजुकेशन :** लिवेंस बर्वे बॉयस सेकेंडरी स्कूल, चैनपुर
- **हायर एजुकेशन :** संत जेवियर कॉलेज, रांची आई ए और बी, संत अल्बर्ट्स कॉलेज रांची से थियोलॉजी और फिलॉसफी, पॉलिटिकल और बनियान यूनिवर्सिटी, रोम (इटली) से एसटीएल किया, रांची यूनिवर्सिटी से इतिहास में एमए

- 3 में 1969 को स्विट्जरलैंड में पावन पवित्र पुरोहित अभिषेक संस्कार हुआ
- संत जोसेफ' एस हाईस्कूल तोरपा में सहायक शिक्षक प्रतिनियुक्ति
- संत जोसेफ'एस हाई स्कूल तोरपा में ही एक्टिंग हेड मास्टर के रूप में भी सेवा दी
- लीव्स वोकेशन सेंटर तोरपा के संस्थापक निदेशक बने
- आर्च बिशप पीयूष केरकेट्टा एस. जे. के सचिव के रूप में भी सेवा दी
- 8 जून 1978 को आप दुमका के बिशप इलेक्ट हुए
- 7 अक्टूबर 1978 को दुमका के दुधनी में कंसेक्रेटेड बिशप बनाए गए
- 8 नवंबर 1984 को सब को एजुकेटर के रूप में रांची स्थानांतरित किए गए
- 7 अगस्त 1985 को रांची के आर्चबिशप के रूप में प्रोन्नति मिली
- 25 अगस्त 1985 को रांची के आर्च बिशप के रूप में पदस्थापित किए गए

### महत्वपूर्ण तिथियां

- 1985 में ईश सेवक फादर लीवंस के आगमन के शत वर्षीय समारोह का आयोजन.
- 1986 में पोप जॉन पॉल द्वितीय का रांची विजिट
- 1995 में उल्हासू में और लेडी के नए श्री का पवित्र संस्कार
- 1997 में संत की पुत्री का शतवर्षीय समारोह
- 2002 में प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन का रांची डायसिस
- 1993 गुमला डिजीज का गठन, सिमडेगा डिजीज बना
- 1995 में खूंटी आशीष का गठन
- 2003 में उर्सुलाइन धर्म बहनों के आगमन के शतवर्षीय समारोह का आयोजन
- 28 सितंबर 2003 को कार्डिनल के रूप में नॉमिनेशन
- 19 अक्टूबर 2003 को मदर टेरेसा का रोम में ब्यूटीफिकेशन होना
- 21 अक्टूबर 2003 में आप ने भारत के प्रथम आदिवासी कार्डिनल बने

## आठ मई 1969 को हुआ था टोप्पो का पुरोहिताभिषेक

8 मई 1969 को बिशप फ्रांसिस कुस द्वारा स्विट्जरलैंड के बसेल में तेलेस्फोर पी. टोप्पो का पुरोहिताभिषेक किया गया. वहां से वह एक युवा पुरोहित के रूप में भारत वापस लौटे और संत जोसेफ स्कूल तोरपा में नियुक्त किए गए. इसके साथ ही विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य बनाए गए. वर्ष 1976 में लीवंस बुलाहट केंद्र तोरपा की स्थापना की और वे पहले अन्वेषक एवं निर्देशक बने. इसके बाद महाधर्माध्यक्ष पीयूष केरकेट्टा एसजे आर्च बिशप हाउस रांची का सेक्रेटरी बनाया गया. 8 जून 1978 को वे दुमका के बिशप चुने गए. और यहीं उन्होंने प्रभु का मार्ग तैयार करो को आदर्श वाक्य चुना. महाधर्माध्यक्ष पीयूष केरकेट्टा द्वारा 7 अक्टूबर 1978 को संत तेरेसा गर्ल्स स्कूल दुधानी में उनका अभिषेक किया गया. 8 नवंबर 1984 को संत पिता पोप जॉन पॉल द्वितीय द्वारा कोअजूतर रांची के महाधर्माध्यक्ष के रुप में नामित किए गए. 7 अगस्त 1985 को रांची के महाधर्माध्यक्ष के रुप में पदोन्नति दी गई. 25 अगस्त 1985 को अपनी जिम्मेदारी संभाली.



## एशिया के पहले आदिवासी जिन्हें कॉर्डिनल बनाया गया

21 अक्टूबर 2003 को संत पिता के धर्माध्यक्ष तेलेस्फोर पी. टोप्पो को कॉलेज ऑफ कॉर्डिनल में शामिल किया गया. कैथोलिक कलीसिया के ऐसे सम्मानित पद से नवाजे जाने वाले पूरी एशिया के पहले आदिवासी बिशप थे. जनवरी 2004 में दो साल के लिए कांफ्रेस ऑफ बिशप्स ऑफ इंडिया (सीसीबीआई) के अध्यक्ष चुने गए. फिर 18-19 अप्रैल 2006 को कार्डिनल टोप्पो कैथोलिक बिशप कांफ्रेंस इंडिया (सीबीसीआई) के अध्यक्ष चुने गए थे. वर्तमान में तेलेस्फोर पी टोप्पो देश के पांच कार्डिनल में एक थे. रांची धर्मप्रांत में आर्च बिशप के रूप में 8 नवंबर 1984 से वे काम कर रहे थे.

## बच्चों से करते थे स्नेह, गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद करते थे

फादर असीम ने बताया कि वे कॉर्डिनल टोप्पो को 8वीं क्लास से जानते थे. बचपन से ही उनके आसपास रहे. उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला. यह मेरी खुशकिस्मती थी कि मुझे कॉर्डिनल के करीब आने का अवसर मिला. उनके अंदर नम्रता की काफी भावना थी. वे बच्चों से बहुत स्नेह करते थे. इसलिए तो गरीब परिवार के बच्चों में शिक्षा की कमी देख कर उनके माता-पिता से उन्हें शिक्षित करने की बात करते थे. वे बच्चों की शिक्षा में अपनी ओर से सहयोग करते थे. उनमें समाज सेवा की बड़ी भावना थी. लोगों को उनसे सीख लेने की जरूरत है.

## कार्डिनल जैसे लोगों का जन्म दुनिया में विरले ही होता है :फादर असीम

आर्च बिशप हॉउस के फादर असीम ने बताया कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो पिछले एक माह से मांडर के अस्पताल में इलाजरत थे. उन्हें कोई बीमारी नहीं थी. वे 84 वर्ष के थे. वृद्धावस्था के कारण बीमार हुए थे. दोपहर 3 .45 बजे उनका निधन हो गया. उनके निधन से उनके चाहनेवाले व शिष्य सदमें में हैं. कार्डिनल के जाने से पूरा समाज गमगीनहै. फादर असीम ने कहा कि उनकी जगह दूसरा कोई ले नहीं सकता है. कॉर्डिनल टोप्पो ने ही आर्च बिशप हाउस को काफी आगे बढ़ाया था. आर्च बिशप हाउस की शुरुआत छोटे रूप में हुई थी. इसे आगे बढ़ाने में कॉर्डिनल की बड़ी भूमिका रही है.

## कोरोना काल में कॉर्डिनल लोगों के स्वस्थ्य की लेते रहे जानकारी

कोरोना काल के समय भगवान की दया से कार्डिनल बिल्कुल स्वस्थ थे. उन्हें कोरोना नहीं हुआ था. इस बीच वे समाज के गरीब, असहाय, दलित व आदिवासियों की काफी चिंता करते रहे थे. जैसे ही उन्हें पता चला कि यहां लोग कोरोना की चपेट पर आ रहे हैं, कार्डिनल वृद्धावस्था में भी दूसरों की सेवा के लिए निकल पड़ते थे. उनका हालचाल लेते. उनके बारे में चिकित्सकों से मिल कर जानकारी लेते, उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए मंगलकामना करते और चिकित्सकों से बेहतर इलाज करने की अपील करते.

## गरीबों के उत्थान के लिए किया सेवा कार्य

उन्होंने गरीबों, दलितों, आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कई सेवा कार्य किये हैं. प्रेम, शांति, एकता की सीख भी उन्होंने दी. समाज के ऐसे परिवार, जो गरीबी के कारण अपने परिवार को शिक्षा दिलाने में असमर्थ थे, कार्डिनल वैसे परिवार के बच्चों की शिक्षा में मदद करते थे, क्योंकि समाज में हर चीज में सबसे पहली जरूरत शिक्षा ही है. शिक्षा से ही उस बच्चे का विकास होगा और इस तरह विकसित शिक्षा से ही विकसित समाज का मार्ग अग्रसर होगा.

## तोरपा व हुलहुंडू में वोकेशनल सेंटर की स्थापना की

कार्डिनल ने तोरपा में सबसे पहले वोकेशनल सेंटर की स्थापना की, उसके बाद उन्होंने हुलहुंडू में वोकेशनल सेंटर की स्थापना की. यहां पुरोहितों को प्रशिक्षण दिया जाता है. उनके स्थापित वोकेशनल सेंटर में आज भी प्रशिक्षण का सिलसिला जारी है. उनके निधन के बाद उनकी कमी का काफी एहसास हो रहा है. इस कमी को पूरा करना बहुत मुश्किल है. अपने बारे में ना सोच कर केवल गरीबों, दलितों, आदिवासी एवं पूरे समाज की चिंता उन्हें सताती रहती थी. ऐसी सोच और विचार वाले लोगों का इस दुनिया में विरले ही जन्म होता है.















# कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो कहते थे, पहले तो मैं आदिवासी हूं फिर धार्मिक गुरु

स्मृति शेष
रतन तिर्की

आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी कैथोलिक कार्डिनल थे. ईसाईयों के सबसे बड़े धर्माध्यक्ष पोप ने आर्चबिशप तेलेस्फोर पी टोप्पो को कार्डिनल के पद पर उनकी कार्यकुशलता और आदिवासियों के विकास, उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें कार्डिनल बनाया गया. आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करते रहे. वह हमेशा आदिवासियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया करते थे. झारखंड के हर मुद्दों पर मुखर रहते थे, जिसके कारण कई बार उनका पुतला दहन भी किया गया था. जब-जब उनका पुतला दहन किया जाता था, तब-तब वह कहते थे- पहले तो मैं आदिवासी हूं, फिर धार्मिक गुरु हूं. मेरी पहचान आदिवासी है, तभी तो मुझे पहला एशियाई भारतीय आदिवासी कार्डिनल बनाया गया है.

**धर्मांतरण के मुद्दे पर मोदी से की थी बात :** धर्मांतरण के मुद्दे पर वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी रांची में मिले थे. वीर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा में आर्चबिशप टोप्पो ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर ईसाई मिशनरियों के ऊपर हो रहे अत्याचार और हमलों पर चिंता जताई थी. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मॉब लींचिंग पर रोक लगाने की मांग की थी. यही नहीं, उन्होंने ईसाई मिशनरी शिक्षण संस्थानों को मिलने वाली एफसीआरए एकाउंट पर से रोक हटाने की मांग की थी. मोदी ने आर्चबिशप तेलेस्फोर पी टोप्पो को आश्वस्त करते हुए कहा था कि जरूर मदद करेंगे. आर्चबिशप कार्डिनल टोप्पो ने प्रधानमंत्री से कहा था कि धर्मांतरण जैसे गंभीर विषय पर राष्ट्रीय स्तर की बैठक बुलायी जाये.



## अपना समय गरीबों की सेवा में बिताते थे

इसके अलावा, मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिलकर धर्मांतरण और मिशनरियों के शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवा कार्यों में बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करने और रोक लगाने की मांग की थी. उन्होंने मुख्यमंत्री रघुवर दास से मांडर स्थित फादर कोंस्टंट लीवंस विश्व स्तरीय अस्पताल के कर्टेन रेजर कार्यक्रम का उद्घाटन कराया था. वह हमेशा अपना समय गरीबों की सेवा को ही महत्वपूर्ण सेविकाई कार्य में ही लगाते थे. उन्होंने रांची में गरीबों को रोजगार से जोड़ने के लिए रिक्शा वितरण और कपड़ों का वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की थी, जो आज भी जारी है.

## सर्वधर्म समभाव के हितैषी थे : फादर महेंद्र पीटर तिग्गा

हॉफमैन लॉ एसोसिएट के निदेशक व अधिवक्ता फादर महेंद्र पीटर का कहना है कि इनके निधन से एक अध्याय का अंत हो गया है. ये एक साधारण से आदिवासी परिवार से आते थे और सही मायनों में झारखंड के धरती पुत्र थे, जिन्हे अपने आदिवासी होने में हमेशा गर्व था और वे विभिन्न मंचों से इस बात को कहते भी थे. वे सभी वर्गों और सभी धर्मों के लोगों के बीच प्रिय थे और सर्वधम समभाव का पालन करते थे. राजनीतिक मुद्दों पर भी वे बोलने से नहीं रुकते थे और जब भी समाज को उनके मार्गदर्शन की जरूरत हो, वे दिया करते थे. हम सब उन्हें बहुत ज्यादा मिस करेंगे और उन्हे भुला नहीं पाएंगे. लेकिन उन्होंने जो सीख हमें दी, वे उनकी स्मृति के रूप में हमेशा हमारे साथ रहेंगी. प्रभु ने उन्हें इतना ही समय दिया था और अपने पास बुला लिया. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें, यही प्रार्थना है.

**वीमेंस यूनिवर्सिटी :** 11 को कुलाधिपति यूनिवर्सिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे, 2019 में पीएम ने किया था शिलान्यास

# 3 साल में दूसरी बार उद्घाटन, आएंगे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

आम तौर पर यह देखा गया है कि किसी संस्थान या प्रतिष्ठान का एक बार ही उद्घाटन होता है. इसके अलावा जीर्णोद्धार होने की स्थिति में पुनः यह प्रक्रिया अपनायी जाती है. लेकिन यहां नव स्थापित जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी का तीन साल में तीसरी बार उद्घाटन की तैयारी चल रही है. आगामी 11 अक्तूबर को राज्यपाल सह कुलाधिपति यूनिवर्सिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे. जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज को अपग्रेड कर वर्ष 2021 में यूनिवर्सिटी बनाया गया था. उसके बाद से इस विश्वविद्यालय के नये कैंपस का तीसरी बार उद्घाटन होने जा रहा है.



3 फरवरी 2019 को पीएम द्वारा यूनिवर्सिटी का ऑनलाइन शिलान्यास गया था (फाइल फोटो).

### शिलान्यास कार्यक्रम में रघुवर शामिल थे

वीमेंस यूनिवर्सिटी भवन का 3 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया था. तब तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और सांसद विद्युत वरण महतो भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे. भवन निर्माण पूरा होने के बाद वर्ष 2021 में 28 दिसंबर को मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नए भवन और कैंपस का उद्घाटन किया था. उसके बाद से भवन खाली पड़ा हुआ है.

### हाल-फिलहाल लगा है बेंच-डेस्क

यूनिवर्सिटी के आठ मंजिले नए भवन में उद्घाटन को लेकर तैयारी चल रही है. पहली से लेकर तीसरी और छठी से 8वीं मंजिल तक की कक्षाओं में बेंच-डेस्क लगा दिये गये हैं. इसके अलावा सभी कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड लगाए गए हैं. उद्घाटन समारोह के लिए करीब एक हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले पंडाल बनाने आदि की भी तैयारी है. कैंपस की सफाई हो रही.

### करोड़ों की लागत से आया फर्नीचर

जानकार बताते हैं कि यूनिवर्सिटी के नए भवन में करोड़ों की लागत से बेंच-डेस्क व अन्य आवश्यक फर्नीचर लगाए गए हैं. इसके लिए दिल्ली की किसी डीएफएल नामक एजेंसी को कांट्रैक्ट दिया गया था. इसके संचालक यूनिवर्सिटी की कुलपति के संबंधी ही बताए जाते हैं. इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं. हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी इस संबंध में किसी तरह की जानकारी होने से इनकार किया है.

## आपकी बात



बचपन से लेकर एमडी तक की शिक्षा इन्होने रांची से ही पूरी की और अब रांची में अपना योगदान भी दे रही हैं.

**नाम : डॉ प्रेरणा**
**पेशा : चिकित्सक**
**निवास : रांची**

नर सेवा, नारायण सेवा के संकल्प के साथ सामाज के लोगों की सेवा में जुटी हुई हैं डॉ प्रेरणा. डॉ प्रेरणा मूल रूप से हजारीबाग के बरकट्ठा की रहने वाली हैं. इनका जन्म रांची में हुआ. बचपन से लेकर एमडी तक की शिक्षा इन्होने रांची से ही पूरी की और अब रांची में अपना योगदान भी दे रही हैं. पढ़ाई के साथ नृत्य संगीत, कला और गीता पाठ की ओर भी रुचि रखती हैं. प्रारंभिक शिक्षा संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल लालपुर से पूरी करने के बाद डीएवी नंदराज और डीएवी हेहल से दसवीं की टॉपर रही हैं. 12वीं डीपीएस रांची से पूरा किया. यहां भी वो पढ़ने में अव्वल थीं. 2013 में रिम्स में एमबीबीएस में दाखिला लिया. एमबीबीएस करते हुए संवेदनशील और सजग रहीं डॉ. प्रेरणा ने इन सालों में कई महत्वपूर्ण चीजों को समझा और उन्हें यह प्रतीत हुआ कि चिकित्सा के क्षेत्र को अगर दुरुस्त करना है तो उसको उसके मूलरूप में ही सुधार करने पर कुछ बदलाव आएगा. अतः इसे पूरा करने के लिए उन्होंने एमडी में (पीएसएम) विभाग का चयन किया. सबसे पहले उन्हें एमजीएम इंदौर मे पीएसएम मिला, मगर इन्होंने अपने ही राज्य को सेवा देने व यहां की चिकित्सा व्यवस्था में उचित सुधार लाने के लिए रिम्स में सत्र 2021 में दाखिला लिया. कोविड के बेकाबू लहर के दौरान हर दिन अपने विभाग गईं व यहां के लोगों को वैक्सीनेशन देने, कोरोना के प्रति जागरूक करने और सुदूर इलाकों से आये कोरोना मरीजों की हर संभव मदद की. खुद की चिंता छोड़, बीमार होने के बावजूद वह हर दिन उतने ही जोश और जुनून से काम करती रहीं. इसी जनसेवा का फल रहा कि एमडी की फाइनल परीक्षा में सेकंड टॉपर बनीं. अब डॉ प्रेरणा झारखंड में ही वरीय रेजिडेंट बनकर आगे स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व स्वास्थ्य लाभ सबको सुनिश्चित की जा सके, ऐसी योजनाओं पर काम करेंगी.

## ब्रीफ खबरें

### युवाओं को ईएलसी का दिया गया प्रशिक्षण

**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड में बुधवार को एसभीइइपी के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. मनोहर लाल प्लस प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया. चाकुलिया के भावी व युवा मतदाता को ईएलसी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी शिवानंद घटवारी,राजस्व उप निरीक्षक मिंटू प्रसाद व नोडल ऑफिसर के रूप में राजनीतिक विज्ञान के शिक्षक पुरुषोत्तम आनंद उपस्थित रहे.

### हिंदुस्तान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, कोडरमा के बच्चों ने हिंदुस्तान ओलंपियाड में अपना शानदार प्रदर्शन किया है. मार्च 2023 में आयोजित परीक्षा में इंद्रजीत कुमार (कक्षा एक), तन्मय सिंह (कक्षा दो), अंकित कुमार (कक्षा पांच), प्रतीक राज (कक्षा छह), अरात्रिका सिन्हा (कक्षा सात), कुमारी श्रेयसी (कक्षा आठ), शायंतिका मोदी (कक्षा नौ), देव्यांश कुमार (कक्षा 12) ने कोडरमा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया. सभी विद्यार्थी को हिंदुस्तान ओलिंपियाड की ओर से 2100 रुपये का चेक और सर्टिफिकेट ऑफ एक्सेलेंस दिया गया.

### आदर्श मवि में योग प्रतियोगिता आयोजित

**बड़कागांव।** झारखंड आयुष विभाग की ओर से बड़कागांव प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया. प्रखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्रामपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार, छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया. सभी प्रतिभागियों को आयुष विभाग हजारीबाग की ओर से टी-शर्ट और टोपी दिया गया. चयनित सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में प्रखंड के हर विद्यालय से दो-दो प्रतिभागियों का चयन किया गया.

### 'भारत को जानो' में सेक्रेड हार्ट तृतीय

**कोडरमा।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में विजेता बनने पर सेक्रेड हार्ट स्कूल ने छात्रों को सम्मानित किया. विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता में स्कूल को जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में तृतीय स्थान मिला. जूनियर वर्ग में एंजेल भारती व सौरव रंजन तथा सीनियर वर्ग में मयंक पांडेय व निखिल राज ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था. मौके पर विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, अकादमी को-ऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार मौजूद थे.

नैक एक्रिडिटेशन के लिए टीम का दौरा, विरोध की तैयारी में मोर्चा

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में नैक का निरीक्षण आज से

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के नैक एक्रिडिटेशन के लिए यूजीसी नैक की तीन सदस्यीय टीम बुधवार को देर शाम शहर पहुंची. इसे लेकर कॉलेज की ओर से टीम के स्वागत की तैयारी की गयी है. यह टीम यहां रह कर गुरुवार से दो दिन तक कॉलेज का निरीक्षण करेगी. इस क्रम में टीम के सदस्य कॉलेज में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेने के साथ ही कामकाज, क्लास रूम, लाइब्रेरी, लेबोरेटरी, कैंटीन वगैरह का निरीक्षण करेंगे. इसके अलावा मौजूदा छात्रों व उनके अभिभावकों से फीडबैक लेंगे. साथ ही यह टीम कॉलेज के एलुमिनाई एसोसिएशन के साथ भी बातचीत करेगी.

**विरोध दर्ज कराएंगे छात्र संगठन :** कोल्हान छात्र संघर्ष मोर्चा व आदिवासी छात्र एकता समेत अन्य छात्र संगठनों ने बुधवार को संयुक्त रूप से स्थानीय परिसदन में संवाददाताओं को बताया कि छात्र संगठनों द्वारा पूर्व में कई महीने से को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्रिंसिपल के खिलाफ विश्वविद्यालय से लेकर के राजभवन तक अनियमितताओं को उजागर कर जांच की मांग की गई थी. फलस्वरूप राजभवन से जांच समिति भी बनी व विश्वविद्यालय को इस पर कार्रवाई करने का आदेश मिला, परंतु कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव व प्रशासन के लोग कहीं न कहीं प्राचार्य डॉ अमर सिंह को निजी स्वार्थ के लिए बचा रहे हैं.



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मोर्चा नेता व उपस्थित कार्यकर्ता.

### मोर्चा के बैनर तले टीम का स्वागत व प्राचार्य के खिलाफ आंदोलन

छात्र संगठनों के नेताओं ने कहा कि गुरुवार को को-ऑपरेटिव कॉलेज में नैक की टीम आ रही है, उनका छात्र संगठन स्वागत सह सम्मान करते हुए बताएंगे कि कोल्हान विश्वविद्यालय में कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है. स्थायी कुलपति भी नहीं हैं. को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्रिंसिपल के खिलाफ विरोध एवं धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा. कल सभी छात्र संगठन कोल्हान छात्र संघर्ष मोर्चा के बैनर तले स्वागत सह आंदोलन करेंगे. संवाददाता सम्मेलन में सोनू ठाकुर, इंद्र हेंब्रम, अजय होनहागा, राहुल कुमार, विपिन शुक्ला, वीरेंद्र पासवान, अभिषेक झा, छात्र आजसू के कुंदन, दीपक पांडे, जेसीएम के जिलाध्यक्ष कृष्ण कामत, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सचिन कुमार, रोहित, आदिवासी छात्र एकता के राज बांकिरा, सपन भूमिज, देवानंद सिंह भूमिज समेत विभिन्न संगठनों के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### वर्कर्स कॉलेज में नैक की तैयारियों की समीक्षा



**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में नैक के तीसरे राउंड की तैयारियां जोरों पर हैं. इसके लिए नैक प्रीपरेशन कमेटी का गठन किया गया है, जिसका अध्यक्ष कॉलेज के डॉ अनिल चंद्र पाठक को बनाया गया है. नैक की सात क्राइटेरिया के अंतर्गत कॉलेज का मूल्यांकन किया जाता है. सभी सातों क्राइटेरिया के लिए सात अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है. आज सभी तैयारियों का जायजा लेने के लिए इन्हीं टीमों के प्रभारी एवं सदस्यों की कॉलेज में एक बैठक हुई. कॉलेज के ऑडियो-विजुअल हॉल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व वित्त पदाधिकारी डॉ पीके पाणी ने की. डॉ पाणी ने सभी को नैक के विभिन्न मूल्यांकन बिंदुओं के बारे में बताया. साथ ही कॉलेज में नैक की तैयारियों की जानकारी ली. सात क्राइटेरिया के सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की. बैठक में आईक्यूएसी प्रभारी प्रो कुमारी प्रियंका, नैक कमेटी के अध्यक्ष प्रो अनिल चंद्र पाठक समेत कॉलेज के शिक्षक रहेंगे.

### प्रो. मोहम्मद बदरुद्दीन का निधन, शोकसभा



**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के पूर्व प्राध्यापक प्रो मोहम्मद बदरुद्दीन का पिछले 3 अक्तूबर को निधन हो गया. उन्होंने मानगो के अपने आजाद नगर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली. बुधवार को शाम 5 बजे कॉलेज ऑडिटोरियम में उनके निधन पर एक शोकसभा की गई, जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल हुए. सभा में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति व मगफिरत के लिए सामूहिक दुआ की गई. इस मौके पर प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने शोक संदेश दिया.

## बीआईटी मेसरा में पैंथियोन 5 से, कई इंस्टिट्यूट होंगे शामिल



संवाददाता। रांची

बीआईटी मेसरा में पैंथियोन 2023 का आयोजन किया जा रहा है. ये कार्यक्रम टेक्निकल बेस्ड होगा. इसका इंरोरेशन 5 अक्टूबर को किया जाएगा. कार्यक्रम 5 अक्टूबर से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा. कार्यक्रम में बिहार के गजल गायक अभिषेक पाठक भी आएंगे. इसमें कई तरह के इवेंट भी होंगे. 5 अक्टूबर को इनॉग्रेशन नाइट विद गजल सेशन, 6 अक्टूबर को कल्चरल नाइट, 7 अक्टूबर को बंद नाइट और 8 अक्टूबर को क्लोजिंग सेरिमनी एंड प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम होगा.

इस दौरान 6 अक्टूबर को 16 इवेंट, 7 अक्टूबर को 17 इवेंट और 8 अक्टूबर को 16 इवेंट आयोजित होंगे. उपरोक्त जानकारी इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ. प्रियंग सक्शेना और नीरज कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का थीम कॉस्मिक ओडिसी है. वहीं 8 अक्टूबर को गूगल डेब्लपमेंट ग्रुप के लोग आएंगे और अपने विचारों को रखेंगे. कार्यक्रम में बीआईटी समेत ट्रिपल आईटी रांची, एनएलयू रांची, आईएसएम धनबाद, एनआईटी जमशेदपुर समेत देशभर के कई विश्वविद्यालय पार्टिसिपेट करेंगे.

### बच्चों को दी गई चुनावी प्रक्रिया की जानकारी

**बोकारो।** सेक्टर-6 के डीएवी पब्लिक स्कूल में 4 अक्टूबर को निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर निर्वाचन प्रक्रिया पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने बच्चों को निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी. कहा कि प्रजातंत्र की शासन व्यवस्था में मतदान का महत्वपूर्ण योगदान है. अपने मत से हम वैसे प्रतिनिधि को चुनकर सरकार बनाने के लिए भेजते हैं, जो देश के विकास के लिए सदा तत्पर रहें. सभी नागरिकों का परम कर्तव्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मतदान का सही प्रयोग करें. सभागार में उपस्थित नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश, जे बनर्जी, राजेश, नेहा कुमारी, अखिलेश कुमार, ओम प्रकाश, श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि ने निर्वाचन प्रक्रिया के विषय में छात्रों को बताया. कार्यक्रम में कक्षा नवमी व दसवीं के विद्यार्थी मौजूद थे.

### आयुष, आयुष्मान और दीपा सर्वश्रेष्ठ वक्ता

**जमशेदपुर।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग में बुधवार को ''गांधीवादी दर्शन और समकालीन दुनिया में इसकी प्रासंगिकता'' विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार अंग्रेजी श्रेणी में आयुष कुमार और आयुष्मान शर्मा को प्रदान किया गया. इसी प्रकार हिंदी श्रेणी में दीपा रानी बागती को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार प्रदान किया गया. इस अवसर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मो रियाज ने प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया. संचालन डॉ मोहम्मद शाहनवाज ने किया. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ कौसर तस्नीम और डॉ इंद्रसेन सिंह ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया. प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.

## पारा मेडिकल स्टाफ की अनुबंध पर बहाली के लिए हुई परीक्षा



संवाददाता। बोकारो

जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत जिले में पारा मेडिकल स्टाफ की अनुबंध पर बहाली को लेकर 4 अक्टूबर को सेक्टर -6 के सिटी कॉलेज में परीक्षा हुई. मालूम हो कि विभिन्न 87 पदों पर पारा मेडिकल कर्मियों की बहाली होनी है. इस परीक्षा में 221 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 117 अनुपस्थित रहे. डीडीसी, डीपीओ सहित डीएमएफटी टीम ने परीक्षा का औचक निरीक्षण किया. डीएमएफटी के तहत जिन 87 पदों पर बहाली होनी है. उनमें फार्मासिस्ट के 9 पद, लैब टेक्नीशियन के 14 पद, एएनएम के 35 पद, जीएनएम के 14 पद, ड्रेसर के 2 पद, एक्स-रे टेक्निशियन के 4 पद, ईसीजी टेक्निशियन के 2 पद, डेंटल असिस्टेंट के 2 पद, पीएसए प्लांट ऑपरेटर के 2 पद, ओटी टेक्निशियन का 1 पद, पोस्टमार्टम असिस्टेंट के 1 पद व कार्डियक असिस्टेंट का 1 पद शामिल हैं.

### एश्ले व श्रुति ने बढ़ाया एसआर डीएवी का मान

**रांची।** आईआईएम रांची के राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया. इसमें एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग की नवम कक्षा की छात्रा एश्ले गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में सप्तम कक्षा की श्रुति मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया. हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि आयकर विभाग रांची के राजभाषा पदाधिकारी कुमार संजय तथा आईआईएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए हिंदी भाषा पर अपने विचार रखे.

## करमपदा स्कूल को दो कंप्यूटर मिले

संवाददाता। किरीबुरु



सेल की किरीबुरु खदान प्रबंधन के सीजीएम कमलेश राय ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमपदा स्कूल प्रबंधन को तकनीकी शिक्षा के लिए दो कंप्यूटर सेट, 109 प्रसिद्ध लेखकों की किताबें दीं. उक्त सामान को सीजीएम कार्यालय सभागार में कमलेश राय ने मुंडा राजेश, मुखिया लिपी मुंडा की उपस्थिति में करमपदा विद्यालय के प्रधानाध्यापक तौहिद आलम को सौंपा. सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि किरीबुरु प्रबंधन खदान की परिधि क्षेत्र के ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के शैक्षणिक व अन्य विकास के प्रति कृतसंकल्प है.

कुछ दिन पहले ही करमपदा स्कूल प्रांगण में किरीबुरु प्रबंधन द्वारा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व शारीरिक स्फूर्ति बनाने के लिए ओपेन जिम लगाया है. इसमें एयर वॉकर, लेग प्रेस, आर्म व्हील, डबल सर्फ बोर्ड आदि शामिल हैं. पुनः आज बच्चों की ज्ञानवर्धन व स्कूल में लाइब्रेरी के लिए 109 किताबों के अलावे बच्चों को कंप्यूटर की तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए दो कंप्यूटर सेट दिया गया. भविष्य में और भी सहयोग कंपनी प्रबंधन देगा. इस दौरान महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक डीबी जयकर, प्रबंधक बी बासा आदि मौजूद थे.

**खास बातें**
- सेल की किरीबुरु प्रबंधन ने उपलब्ध कराए कंप्यूटर
- 109 प्रसिद्ध लेखकों की किताबें भी प्रदान की गईं

### सहायक अध्यापकों का रिजल्ट बेहतर : अतुल

**लातेहार।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा सहायक अध्यापकों का 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए आंकलन परीक्षा आयोजित की गयी थी. इस परीक्षा में 31 हजार सहायक अध्यापक पहली आंकलन परीक्षा में सफलता हासिल की है. सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार व महासचिव अनूप कुमार ने कहा कि एचीवर्स एकेडमी, रांची से जुड़े सहायक अध्यापकों की परीक्षा परिणाम बेहतर आया है. उन्होंने इसके लिए संस्थान के संचालक रमीज रजा व एनके यादव के प्रति आभार प्रकट किया है. रजा व यादव ने भी कहा कि सहायक अध्यापकों ने भी अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन किया है. इस आंकलन परीक्षा से यह साबित हो गया कि झारखंड के तमाम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य सही हाथों में है.

**कार्यक्रम** एलबीएसएम कॉलेज में मैनेजिंग इमोशंस पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

# छात्र-छात्राएं सीरियसनेस से बचें, सिंसियर बनें : डॉ एके झा

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में रोटरी क्लब मिडटाउन, आईक्यूएसी एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "मैनेजिंग इमोशंस "विषयक एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ एके झा ने की. कार्यशाला की मुख्य वक्ता रोटेरियन प्रीति सैनी (काउंसलर, मोटिवेशनल स्पीकर, कंसल्टेंट साइकोलॉजिस्ट) को डॉ अशोक कुमार झा ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. प्राचार्य ने कहा कि संवेग सुखदायक एवं दुखदायक दोनों ही होती है. संवेगों की अभिव्यक्ति से ही व्यक्ति की समाज में पहचान होती है. आज बच्चे छोटी-छोटी बातों पर अपने इमोशन को नियंत्रित नहीं कर पाते और वे गलत कदम उठा कर अपना भविष्य खराब कर लेते हैं. संवेग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक, चिंतन-मनन इत्यादि सभी पक्षों को प्रभावित करते हैं.



**खास बातें**
- कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एके झा ने की
- वक्ताओं ने छाक्ष-छात्राओं को भावनाओं के बिंदु समझाए

### भावनाओं या इमोशंस को प्रबंधित करना, रिश्ते बनाने को लेकर विद्यार्थियों को दिए कई टिप्स

कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रीति सैनी ने कहा कि भावनाओं या इमोशंस को प्रबंधित करना रिश्ते बनाने, लचीलापन बनाने, निर्णय लेने के कौशल, काम को बढ़ाने आदि के द्वारा बेहतर पूर्ण जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है. भावनात्मक नियमन में भावनाओं को पहचानना, स्वीकार करना, समझना, प्रबंधन करना और प्रतिक्रिया देना शामिल है. साथ ही भावनात्मक नियमन कौशल जैसे सचेत रहना, आत्म-जागरूकता पैदा करना आदि भावनाओं को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं. मंच संचालन मनोविज्ञान विभाग के डॉ प्रशांत व धन्यवाद ज्ञापन प्रो प्रमिला किस्कू ने किया. कार्यक्रम में डॉ डीके मित्रा, डॉ विनय गुप्ता, प्रो विनोद कुमार, प्रो पुरषोत्तम प्रसाद, डॉ विजय प्रकाश, डॉ अजेय वर्मा, डॉ जया कच्छप, प्रो ऋतु, प्रो अरविंद पंडित, डॉ सुष्मिता धारा, डॉ शबनम परवीन, प्रो सलोनी रंजने, प्रो मोहन साहू, डॉ नूपुर, डॉ सुधीर कुमार, डॉ संतोष कुमार, प्रो संजीव, प्रो बाबूराम सोरेन समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

### विद्यार्थी अतिरिक्त दबाव कभी नहीं लिया करें

उन्होंने कहा कि आज शहर मेंटल सिकनेस के लिए जाना जा रहा है, कारण कि लोग अपने इमोशन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं और सुसाइड तक कर ले रहे हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने ऊपर अतिरिक्त दबाव न लें. इसका आपके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है. विद्यार्थी सिंसियर बनें, सीरियस नहीं, क्योंकि सिनसियरटी आपको जीवन में आनंद और उपलब्धि प्रदान करती है और सीरियसनेस आपके जीवन में तनाव और अवसाद देता है.

क्लासिफाइड



मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.4 | 24.5 |
| जमशेदपुर | 29.6 | 24.7 |
| डालटनगंज | 20.0 | 24.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● गुरुवार, 05 अक्टूबर 2023 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 06, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 170 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in

**सुर्खियां**

**इंटरनेशनल**
- मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, पांच घायल
- भारत पर कनाडा के आरोप गंभीर : अमेरिका
- इटली : वेनिस में बस हादसे में 21 की मौत
- कनाडा : ग्रेग फर्गस बने पहले अश्वेत स्पीकर

**नेशनल**
- हिमाचल : सरकारी इमारत पर लिखे खालिस्तानी नारे
- ईडी ने अभिषेक बनर्जी को नौ अक्टूबर को तलब किया
- एचएएल ने वायुसेना को पहला एलसीए तेजस सौंपा
- शिवसेना सांसद हेमंत पाटिल के खिलाफ प्राथमिकी

**स्टेट**
- 18 वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट शुरू
- निलंबित आईएएस छवि रंजन को बेल नहीं
- भाजपा में टूट, शक्ति राज कांग्रेस में शामिल
- भानू प्रताप को बेल देने से ईडी कोर्ट का इनकार

**स्पोर्ट्स**
- एशियाड : भारत ने पदक का अपना रिकॉर्ड तोड़ा
- दीपिका-हरिंदर की जोड़ी स्क्वाश के फाइनल में
- भारतीय पुरूष हॉकी टीम एशियाड फाइनल में
- देवताले-ज्योति ने मिश्रित में स्वर्ण जीता

### जीएसटी और वाणिज्य कर विभाग की प्रारंभिक जांच में हो चुकी है गड़बड़ियों की पुष्टि

# फर्जी दस्तावेज पर प्रीति इं. को 185 करोड़ का काम

**अमित सिंह। रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के इंजीनियर शुद्ध पानी पिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये के वारे-न्यारे कर रहे हैं. कई ऐसी एजेंसियों को करोड़ों रुपये की जलापूर्ति योजनाओं का काम सौंपा गया है, जिनके दस्तावेज फर्जी हैं. राज्य जीएसटी एवं वाणिज्य कर विभाग की प्रारंभिक जांच में इन गड़बड़ियों की पुष्टि हो चुकी है. अब विस्तृत जांच के लिए ईडी और मुख्य सचिव से आग्रह किया गया है.

पेयजल विभाग से बोकारो की प्रीति इंटरप्राइजेज कंपनी ने जल जीवन मिशन के तहत करीब 250 करोड़ रुपये का काम लिया. इसमें गढ़वा की 3 व जमशेदपुर की एक जलापूर्ति योजना शामिल है. गढ़वा में कंपनी ने करीब 133 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना का काम लिया है. वहीं, जमशेदपुर के बागबेड़ा में 52 करोड़ की जलापूर्ति योजना का काम भी कंपनी कर रही है. 58 करोड़ की सोनुवा जलापूर्ति योजना का काम कंपनी ने पूरा कर लिया है. प्रीति इंटरप्राइजेज के इंजीनियर रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी बेहतर काम कर रही है. इसलिए कंपनी को लगातार काम मिल रहा है. **शेष पेज 10 पर...**




**कंपनी को मिले काम**

1 आदरबड़िया जलापूर्ति योजना, गढ़वा : 37 करोड़ रुपये (27 माह में पूरा करना है)

2 लोआदाग जलापूर्ति योजना, गढ़वा : 29 करोड़ रुपये (18 माह में पूरा करना है)

3 सगमा जलापूर्ति योजना, गढ़वा : 67 करोड़ रुपये (33 माह में पूरा करना है)

4 बागबेड़ा जलापूर्ति योजना, जमशेदपुर : 52 करोड़ रुपये (30 माह में पूरा करना है)

### प्रीति इंटरप्राइजेज ने तीन योजनाओं का काम लिया

प्रीति इंटरप्राइजेज ने गढ़वा में तीन जलापूर्ति योजनाओं का काम लिया है. कंपनी के साथ एग्रीमेंट भी हो गया है. काम भी शुरू कर दिया गया है. फर्जी दस्तावेज या फर्जी क्रेडेंशियल पर कंपनी ने काम लिया है, इस संबंध में मैं कोई विशेष जानकारी नहीं दे सकता हूं. काम मुख्यालय स्तर से ही आवंटित होता है. टेंडर प्रक्रिया का निष्पादन गढ़वा में नहीं होता है.

**-प्रदीप कुमार, कार्यपालक अभियंता, पेयजल विभाग, गढ़वा प्रमंडल**

### कोई भी दस्तावेज गलत नहीं, परफॉरमेंस बेहतर है

क्रेडेंशियल सहित कोई भी दस्तावेज गलत नहीं है. कंपनी ने टेंडर प्रक्रिया के तहत काम लिया है. करोड़ों रुपये की लागत का काम कंपनी कर रही है. सोनुवा में कंपनी ने समय पर जलापूर्ति योजना का काम पूरा किया है. बेहतर परफॉरमेंस को देखते हुए पेयजल विभाग से कंपनी को काम मिल रहा है.

**-संजय राय, प्रोपराइटर, प्रीति इंटरप्राइजेज**

### राजधानी में आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं का मार्च




राज्यभर की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं सीएम पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए रांची के मोरहाबादी मैदान में जुटीं. वह सीएम आवास तक मार्च के लिए निकलीं लेकिन प्रशासन ने उन्हें राजभवन के पास ही रोक दिया.

### किसने क्या कहा

- मुझे जस्टिफाई करने की जरूरत नहीं है. एजेंसियां नियमानुसार कार्रवाई करती हैं. **-अनुराग ठाकुर**
- चुनाव जैसे नजदीक आएगा ये सारी एजेंसिया एक्टिव कर देंगे. **-अरविंद केजरीवाल**
- मेरी सरकार आई तो कइयों के हाथ पीले करवा दूंगा. ध्यान तो रखना पड़ेगा. **-हनुमान बेनीवाल**
- प्रधानमंत्री जाति जनगणना के विरोधी हैं, वे पिछड़ों, दलितों को उनका हक देना नहीं चाहते हैं. **-सुरजेवाला**

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,800 |
| चांदी (किलो) | 71,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### उ. कोयल परियोजना को 1,836.41 करोड़

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को संशोधित 2,430.76 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा : 1,836.41 करोड़ रुपये) की लागत से पूरा करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. अगस्त, 2017 में शेष कार्य के लिए पहले स्वीकृत लागत 1,622.27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा : 1,378.60 करोड़ रुपये) की थी. शेष कार्य पूरा होने पर यह परियोजना झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी. **-विस्तृत खबर पेज 4 पर देखें**

#### यूजीसी फेलोशिप अब 67,000 रुपये तक

**नई दिल्ली।** इनोवेशन और रिसर्च नवाचार को बढ़ावा देने के लिए यूजीसी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों के शोधकर्ताओं को फेलोशिप के रूप में मिलने वाली की मासिक राशि बढ़ा दी है. यूजीसी के मुताबिक, बढ़ी हुई राशि एक जनवरी 2023 से मान्य है. यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक, जेआरएफ यानी जूनियर रिसर्च फेलोशिप के तौर पर जहां पहले 31,000 रुपये मासिक दिए जाते थे, उसे अब बढ़ाकर 37,000 महीना कर दिया गया है. इसी तरह से सीनियर रिसर्च फेलोशिप यानी सर्फ 35,000 रुपये से बढ़ाकर 42,000 कर दी गई है. यूजीसी का कहना है कि रिसर्च एसोसिएट की फेलोशिप की राशि 47,000 प्रतिमाह से बढ़ाकर 58,000 कर दी गई है.

### सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को लेकर ईडी को लगाई फटकार

# समन के जवाब में असहयोग गिरफ्तारी के लिए काफी नहीं

**शुभम संदेश नेटवर्क। नई दिल्ली/रांची**

देशभर में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगातार की जा रही गिरफ्तारियों के बीच उच्चतम न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की है. शीर्ष अदालत ने बुधवार को अपलोड किए गए अपने फैसले में कहा है कि सिर्फ ईडी के समन के जवाब में असहयोग करना गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता. इतना ही नहीं ईडी के अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देने में आरोपियों की विफलता उनकी गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार नहीं हो सकता.

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को यह भरोसा करने के लिए विशेष रूप से कारण ढूंढना होगा कि आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपराध के दोषी हैं. इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुग्राम स्थित रियलिटी ग्रुप एम3एम के डायरेक्टर बसंत बंसल और पंकज बंसल की गिरफ्तारी को रद्द करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया. दोनों को उन्हें सोमवार को गिरफ्तार किया गया था.

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जांच एजेंसी प्रतिशोध की भावना से काम नहीं कर सकती. उसे उच्चतम स्तर की निष्पक्षता के साथ काम करते हुए दिखना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी, निष्पक्ष और कार्रवाई में निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होने की उम्मीद है. इस मामले में, तथ्यों से पता चलता है कि जांच एजेंसी अपने कार्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में विफल रही है.

- प्रतिशोध की भावना से काम नहीं कर सकती जांच एजेंसी
- सवालों का जवाब देने में विफलता गिरफ्तार का आधार नहीं हो सकता
- ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी और निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होनी चाहिए



### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए सीएम हेमंत

दिल्ली-झारखंड की लीगल टीम से ले रहे सलाह



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पेश नहीं हुए. ईडी ने उन्हें पांचवीं बार समन जारी कर चार अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया था. बताया जाता है कि हेमंत सोरेन दिल्ली और झारखंड की लीगल टीम से परामर्श ले रहे हैं. इससे पहले 23 सितंबर को भी ईडी ने उन्हें समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया था. उसी दिन हेमंत सोरेन समन के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे. मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया था. साथ ही याचिका में ईडी की शक्तियों को भी चुनौती दी थी. इससे पहले मुख्यमंत्री ने ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी. वहीं, 23 सितंबर को सीएम ने ईडी को पत्र लिखकर यह आग्रह किया था कि जब तक हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक एजेंसी की ओर से कोई कार्रवाई न की जाये. उधर, **सुप्रीम कोर्ट** की ओर से की गई यह टिप्पणी कि समन के जवाब में असहयोग करना और सवालों के जवाब देने में विफलता गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए राहत भरी है. हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष पेश न होने पर कयास लगाए जा रहे थे कि ईडी उन्हें गिरफ्तार भी कर सकती है. लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी और दो गिरफ्तारियों को रद्द करना उनके लिए राहत भरा हो सकता है.

### आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में बुधवार को करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले, सुबह में जांच एजेंसी ने आप सांसद के परिसरों पर छापे मारे और उनके स्टाफ से पूछताछ की. मामले में कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर भी तलाशी ली गई. ईडी ने इस मामले में पहले संजय सिंह (51) के स्टाफ और उनसे जुड़े अन्य लोगों से पूछताछ की थी. ईडी ने अपने आरोपपत्र में संजय सिंह का नाम शामिल किया था. एक बिचौलिये दिनेश अरोड़ा ने ईडी को बताया था कि उसकी मुलाकात सिंह से उसके रेस्तरां अनप्लग्ड कोर्टयार्ड में एक पार्टी के दौरान हुई थी.

### रणबीर कपूर को समन

प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ के महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े धनशोधन के मामले में बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को समन जारी कर शुक्रवार को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है. एजेंसी ने आरोप लगाया है कि रणबीर कपूर को कथित तौर पर ऐप के प्रवर्तकों में से एक की शादी में प्रस्तुति देने के लिए धन मिला था. ईडी ने कपूर को छह अक्टूबर को एजेंसी के रायपुर स्थित कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है. सूत्रों ने बताया कि ईडी 14 से 15 अन्य हस्तियों की मामले में भूमिका की जांच कर रही है. उन्हें भी जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा.

## क्रिकेट विश्वकप का आज होगा आगाज

**अहमदाबाद।** क्रिकेट विश्वकप 2023 की शुरुआत गुरुवार को होगी. इसके लिए सभी टीमें भारत पहुंच चुकी हैं. विश्वकप का पहला मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. भारत और पाकिस्तान का पहला मैच 14 अक्टूबर को होगा. इंग्लैंड की टीम युवा नहीं है लेकिन जोस बटलर की कप्तानी में वह तीसरा विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है. टी20 विश्व कप भी इंग्लैंड ने ही जीता था. दूसरी ओर अभी तक आईसीसी विश्व कप नहीं जीत सकी न्यूजीलैंड टीम के सामने कई समस्याएं हैं. कप्तान केन विलियमसन अभ्यास मैच खेलने के बावजूद पहला मैच नहीं खेल पायेंगे. वहीं तेज गेंदबाज टिम साउदी भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं. न्यूजीलैंड टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप तथा 2021 टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी. **-संबंधित खबर पेज 8-9 पर देखें**

## भारत ने पदक का अपना रिकॉर्ड तोड़ा

**हांगझोउ।** भारतीय दल ने बुधवार को एशियाई खेलों में पदकों के लिहाज से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पिछले खेलों में 70 पदक का रिकॉर्ड तोड़ दिया. भारत का पदक के लिहाज से पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जकार्ता और पालेमबांग में हुए 2018 एशियाई खेलो में था जिसमें देश ने 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य पदक सहित कुल 70 पदक जीते थे. भारत के पैदल चाल खिलाड़ियों मंजू रानी और राम बाबू ने बुधवार को 35 किमी मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने 2018 खेलों में 70 पदक के आंकड़े की बराबरी की. ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम की कंपाउंड मिश्रित तीरंदाजी टीम ने इसके बाद स्वर्ण पदक के रूप में मौजूदा खेलों में भारत का 71वां पदक जीता. भारत ने अभी 17 स्वर्ण, 27 रजत और 31 कांस्य सहित 75 पदक जीते हैं जबकि चार दिन की प्रतियोगिताएं बाकी हैं. **-संबंधित खबर पेज 14 पर देखें**

### झारखंड विस में अवैध नियुक्तियों पर हाईकोर्ट सख्त

# अवैध नियुक्तियों की जांच रिपोर्ट पेश करें, अन्यथा अवमानना का केस चलेगा

**शुभम संदेश नेटवर्क। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य विधानसभा में अवैध नियुक्तियों की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट अदालत में पेश न किए जाने पर सख्त नाराजगी जताई है. चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के तीन बार के आदेश के बाद भी रिपोर्ट पेश नहीं किया जाना कानूनी प्रक्रिया में व्यवधान का मामला बनता है. अदालत ने सात दिनों के अंदर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न होने पर विधानसभा के सचिव पर आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी. मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी.

बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्यपाल के निर्देश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले में कार्रवाई लगातार लटकायी जा रही है. लगातार विलंब होता रहा तो अवैध तरीके से नियुक्त हुए अफसर और कर्मी रिटायर हो जाएंगे. इस मामले में विगत सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई थी. इसमें बताया गया था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाला वन मेंबर कमीशन अभी जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट की स्टडी कर रहा है.

**12 अक्टूबर को होगी मामले की अगली सुनवाई**



- हाईकोर्ट ने रिपोर्ट पेश न करने पर जताई नाराजगी
- तीन बार दिया आदेश पेश नहीं की रिपोर्ट
- सात दिनों में रिपोर्ट पेश करने का दिया आदेश

**क्या है पूरा मामला**

बता दें कि झारखंड विधानसभा में 150 से भी अधिक अवैध नियुक्तियों की जांच होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर शिवशंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी. याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भारी गड़बड़ी हुई है. इस मामले की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन (वन मेंबर कमीशन) बना था. कमीशन ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है. इस रिपोर्ट को जांचने के लिए एक दूसरा कमीशन बना दिया गया है.

### शुभारंभ सीएम ने मेदिनीनगर में राज्य के सातवें अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट का किया शुभारंभ

# बाजार उपलब्ध कराएंगे, एमएसपी भी तय करेंगे: हेमंत

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

कृषि और वन उपजों के दृष्टिकोण से झारखंड काफी समृद्ध है. इस दिशा में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन गठन किया गया है. इसके जरिये कृषि और वन उपज को बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा तथा इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी तय होगा. इसके माध्यम से किसानों को अपने इन उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा. उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पलामू में कहीं.

मुख्यमंत्री राज्य के सातवें अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट को राज्यवासियों को समर्पित करने के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे.




**दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ओर**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने किसानों पशुपालकों को कहा कि सरकार डेयरी प्लांट खोल सकती है, लेकिन इसे चलाने का जिम्मा आपका है. आप जितना ज्यादा दूध इस प्लांट को उपलब्ध कराएंगे, उतना ही ज्यादा दुग्ध और दुग्ध उत्पाद यहां तैयार होंगे. इससे न सिर्फ यह डेयरी प्लांट मजबूत होगा, बल्कि आपकी भी आमदनी बढ़ेगी. जरूरत पड़ी तो यहां और भी डेयरी प्लांट स्थापित किए जाएंगे.

**प्रोत्साहन राशि के रूप में 21.90 करोड़ का सौंपा चेक**

**90% सब्सिडी पर दिए जा रहे पशु**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में किसानों के लिए पशु काफी मायने रखते हैं. ऐसे में किसानों को पशुधन से समृद्ध करने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है. इसके तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों-पशुपालकों को पशु दिए जा रहे हैं. इतना ही नहीं, पशु शेड के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है. इस योजना का मकसद किसानों को पशुपालन से जोड़कर उनकी आय को बढ़ाना है.

**25 हजार को होगा फायदा**

पलामू का मेधा डेयरी प्लांट लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से बना है. इस अत्याधुनिक डेयरी प्लांट से लगभग 25 हजार किसानों-पशुपालकों को सीधा फायदा होगा. इस डेयरी की वर्तमान में प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की क्षमता होगी, जिसे एक लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकेगा. यहां दूध के स्टोरेज और प्रोसेसिंग के लिए चार मिल्क सायलो लगाया गया है. इस डेयरी प्लांट का संचालन झारखंड मिल्क फेडरेशन करेगा.

# सिक्किम : बाढ़ में पांच मरे सेना के 23 जवान लापता

**भाषा। गंगटोक**

**प्राकृतिक आपदा**

- ल्होनक झील पर बादल फटा, तीस्ता नदी में बाढ़
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की हालात की समीक्षा

उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई. इसके कारण पांच लोगों की मौत हो गई और सेना के 23 जवान लापता हो गए. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अचानक बाढ़ आने और चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति और बिगड़ गई. बाढ़ मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे आई.

गंगटोक के उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) महेंद्र छेत्री ने बताया कि गोलिटार और सिंगताम क्षेत्र से पांच शव बरामद किए गए हैं, जबकि गोलिटार से तीन लोगों को बचाया गया. राज्य की राजधानी गंगटोक से 30 किलोमीटर दूर सिंगताम में स्टील से बना एक पुल बुधवार तड़के तीस्ता नदी के पानी में पूरी तरह से बह गया. इस पुल को इंद्रेणी पुल के नाम से भी जाना जाता है. सिक्किम सरकार ने एक अधिसूचना में इसे आपदा घोषित कर दिया है. रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण झील में जलस्तर अचानक 15 से 20 फुट तक बढ़ गया. सेना के 23 जवानों के लापता होने की सूचना है. **-विस्तृत खबर पेज 15 पर देखें**

## बीईईओ एवं मुखिया ने जर्जर स्कूल भवन का लिया जायजा, बच्चों ने एक स्वर में की नया भवन बनाने की मांग

# जर्जर कमरे में क्लास नहीं चलाने का दिया निर्देश

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

संवाददाता । मैथन

एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के मैथन स्थित आदर्श वरीय बुनियादी विद्यालय के जर्जर भवन के संबंध में मंगलवार को शुभम संदेश अखबार में प्रकाशित खबर का शिक्षा विभाग में जबरदस्त असर हुआ है. बुधवार 4 अक्टूबर को निरसा के बीईईओ सपन कुमार मंडल और मुखिया बबलू चौधरी ने विद्यालय का दौरा किया. विद्यालय के सभी कमरे का भौतिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान बच्चों ने एक स्वर में नया विद्यालय भवन बनाने की मांग की. बीईईओ ने पाया कि विद्यालय भवन के सभी 16 कमरे की स्थिति काफी जर्जर है. 6 कमरे की स्थिति तो बहुत ही खराब है. बच्चों के पठन-पाठन के लिए उपयुक्त नहीं है. कभी भी हादसा हो सकता है. हादसे की आशंका को देखते हुए बीईईओ ने इन 6 कमरों में तत्काल कक्षा संचालन बंद करने का आदेश विद्यालय के प्राधानाध्यापक उत्तम कुमार घाटी को दिया. मंडल ने पूरे विद्यालय भवन का वीडियो बनाया और कहा कि विद्यालय की जर्जर भवन की रिपोर्ट डीएसई को सौंपेंगे. मुखिया बबलू चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के अन्य मुखियों को साथ लेकर जल्द ही वह डीवीसी प्रबंधन से मिलकर विद्यालय भवन की मरम्मत कराने का आग्रह करेंगे. यदि डीवीसी प्रबंधन विद्यालय भवन का मरम्मत नहीं कराता है, तो वे बच्चों एवं अभिभावकों को लेकर डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ धरना पर बैठेंगे.



विद्यालय भवन का जायजा लेते बीईईओ, मुखिया व अन्य.

### जान जोखिम में डालकर पढ़ते हैं 16 बच्चे

**चाकुलिया ।** प्रखंड की बड्डीकानपुर- कालापाथर पंचायत में पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे और पहाड़ों पर बसे अंतिम गांव जोभी के जर्जर प्राथमिक विद्यालय भवन में 16 बच्चे अपनी जान जोखिम में डाल कर पढ़ते हैं. बरसात के मौसम में कमरों में छत से पानी टपकता है. प्लास्टर भी टूटकर कमरे में गिरते हैं. बावजूद, शिक्षा विभाग अनजान बना हुआ है. भवन जर्जर हो चुका है. इसके भवन का निर्माण वर्ष 2001 में हुआ था. भवन इतना जर्जर हो गया है कि छत की छड़ें दिखाई दे रही हैं और छत से प्लास्टर टूट कर कमरों में गिरता है. प्रधानाध्यापिका छाया रानी सिंह ने कहा कि भवन की छत से प्लास्टर टूट कर गिरता है. हमेशा भय बना रहता है. वार्ड सदस्य चंडी चरण मुंडा ने बताया कि इस विद्यालय का जर्जर भवन अप्रिय घटना का कारण बन सकता है. इस भवन में बच्चों को पढ़ाना खतरे से खाली नहीं है. शिक्षा विभाग अविलंब इस दिशा में पहल करे.

**आओ जानें**

### प्रमुख देशों की संसद का नाम

| क्र.सं. | देश का नाम | संसद का नाम |
|---|---|---|
| 1. | भारत | संसद |
| 2. | पाकिस्तान | नेशनल असेंबली |
| 3. | अफगानिस्तान | शोरा |
| 4. | नेपाल | राष्ट्रीय पंचायत |
| 5. | बांग्लादेश | जातीय सभा |
| 6. | म्यांमार | पाइथु ह्लटाव |
| 7. | जापान | नाइट |
| 8. | चीन | नेशनल पीपल्स असेंबली |
| 9. | दक्षिण कोरिया | नेशनल असेंबली |
| 10. | फिलीपींस | कॉन्ग्रेस |
| 11. | ईरान | मजलिस |
| 12. | मालदीव | मजलिस |
| 13. | सऊदी अरब | मजलिस अल सुरा |
| 14. | इजराइल | नेसेट |
| 15. | दक्षिण अफ्रीका | पार्लियामेंट |

**ब्रीफ खबरें**

### श्यामपुर बी कोलियरी में धरना दूसरे दिन भी जारी

**निरसा।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बैनर तले श्यामपुर बी में 13 व अन्य मजदूरों के नियमितीकरण की मांग को लेकर तीन दिवसीय धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. धरना का नेतृत्व कर रहे जगदीश शर्मा ने कहा कि अभी गांधी जी के बताये रास्ते पर चलते हुए हक और अधिकार मांग कर रहे हैं. प्रबंधन की नींद नहीं खुली तो आगे रणनीति बनाकर जोरदार ढंग से आंदोलन किया जाएगा.

### एकदिवसीय हड़ताल पर रहे ग्रामीण डाक सेवक

**लातेहार।** उप डाकघर, बरवाडीह के डाक कर्मी अपनी मांगों को लेकर बुधवार को एकदिवसीय हड़ताल पर रहे. ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर संघ के गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में डाक कर्मी उप डाकघर के समक्ष हड़ताल पर बैठ गये और अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाने लगे. गजेंद्र कुमार ने वेतन एवं बोनस में बढ़ोत्तरी के साथ कटा हुआ बोनस देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि अगर संघ की मांगों पर सरकार विचार नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा.

### मनिका पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**लातेहार।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मनिका पुलिस ने बुधवार को एनएच-75 पर मनिका थाना के सामने वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान वाहनों के कागजातों के अलावा हेलमेट आदि की जांच हुई. कागजात नहीं मिलने पर वाहनों को जब्त किया गया. खासकर दुपहिया वाहन चालकों की जांच की गयी. हेलमेट व ट्रिपल सवारी करने, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कागजात नहीं दिखाने पर चालकों का वाहन जब्त किया गया.

### परियोजनाओं का हाल जाना, दिए कई निर्देश

**धनबाद।** जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं को लेकर बुधवार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने समाहरणालय में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल), पूर्व मध्य रेल (ईसीआर) के गोमो फ्लाईओवर, जुडको, एनएचएआइ तथा बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान में तेजी लाने, जैसे कई निर्देश दिये.

### गिरिडीह में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**गिरिडीह।** शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या को देखते हुए बुधवार को बड़ा चौक समेत शहर के अन्य हिस्सों में अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान सदर एसडीएम विशालदीप खलखो के नेतृत्व में शहर के बड़ा चौक के अलावा, गांधी चौक, मौलाना आजाद चौक, कालीबाड़ी चौक, टावर चौक, अंबेडकर चौक में अभियान चलाते हुए सड़क किनारे लगाने वाले ठेला, खोमचे व सब्जी दुकानदारों को खदेड़ा गया.

### सुरक्षा के लिए महिला शक्ति पेट्रोलिंग शुरू

**आदित्यपुर।** महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जिले में महिला शक्ति पेट्रोलिंग की शुरुआत की गई है. जिला पुलिस द्वारा की गई इस पहल का शुभारंभ एसपी डॉ. विमल कुमार ने बुधवार को आदित्यपुर थाना से किया. उन्होंने महिला शक्ति पेट्रोलिंग टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. एसपी ने बताया कि फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस योजना की शुरुआत की गई है.

## उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों के लिए मिली मंजूरी

# 1,836.41 करोड़ रुपये मंजूर

संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को संशोधित 2,430.76 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा : 1,836.41 करोड़ रुपये) की लागत से पूरा करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जबकि अगस्त, 2017 में शेष कार्य के लिए पहले स्वीकृत लागत 1,622.27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा : 1,378.60 करोड़ रुपये) की थी. शेष कार्य पूरा होने पर यह परियोजना झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी.

**अंतर-राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है :** उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना एक अंतर-राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है, जिसका कमान क्षेत्र दो राज्यों बिहार और झारखंड में है. इस परियोजना में कुटकू गांव (जिला लातेहार, झारखंड) के पास उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध, बांध के नीचे 96 किमी एक बैराज (मोहम्मदगंज, जिला पलामू, झारखंड), दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) और बैराज से बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) शामिल हैं. बिहार सरकार द्वारा उसके अपने संसाधनों से वर्ष 1972 में बांध के निर्माण के साथ-साथ अन्य सहायक गतिविधियां शुरू की गईं. काम 1993 तक जारी रहा और उस वर्ष बिहार सरकार के वन विभाग द्वारा काम रोक दिया गया. बांध में जमा पानी से बेतला नेशनल पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व को खतरा होने की आशंका के कारण बांध का काम रुका हुआ था. काम रुकने के बाद यह परियोजना 71,720 हेक्टेयर में वार्षिक सिंचाई प्रदान कर रही थी.



### पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र को बचाने के लिए जलाशय के स्तर को कम करने का निर्णय

नवंबर 2000 में बिहार के विभाजन के बाद बांध और बैराज का मुख्य कार्य झारखंड में है. इसके अलावा मोहम्मदगंज बैराज से पूरी 11.89 किमी बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) झारखंड में है. हालांकि, दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) के 110.44 किमी में से पहला 31.40 किमी झारखंड में है और शेष 79.04 किमी बिहार में है. वर्ष 2016 में, भारत सरकार ने परिकल्पित लाभों को प्राप्त करने के लिए परियोजना को संचालित करने के लिए उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया. पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र को बचाने के लिए जलाशय के स्तर को कम करने का निर्णय लिया गया. परियोजना के शेष कार्यों को 1622.27 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय पर पूरा करने के प्रस्ताव को अगस्त 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था.

**खास बातें**

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति का फैसला
- टाइगर रिजर्व को खतरे की आशंका से रुका था काम

### केंद्र 1836.41 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा

इसके बाद दोनों राज्य सरकारों के अनुरोध पर कुछ अन्य घटकों को परियोजना में शामिल करना आवश्यक पाया गया. परिकल्पित सिंचाई क्षमता प्राप्त करने के लिए तकनीकी दृष्टि से आरएमसी और एलएमसी की पूर्ण लाइनिंग को भी आवश्यक माना गया. इस प्रकार, गया वितरण प्रणाली के कार्य, आरएमसी और एलएमसी की लाइनिंग, रास्ते में संरचनाओं की रीमॉडलिंग, कुछ नई संरचनाओं का निर्माण और परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के राहत एवं पुनर्वासन (आर एंड आर) के लिए एकबारगी विशेष पैकेज को अद्यतन लागत अनुमान में प्रदान किया जाना था. तदनुसार, परियोजना का संशोधित लागत अनुमान तैयार किया गया था. शेष कार्यों की लागत 2430.76 करोड़ रुपये में से केंद्र 1836.41 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा.

### इको पार्क दूसरी जगह बनाने की मांग रखी

**बेरमो ।** सीसीएल स्वांग हवाई अड्डा को विरासत के रूप में जीवंत रखने के उद्देश्य से विधायक प्रतिनिधि कुलदीप प्रजापति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 4 अक्टूबर को गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से मिला. विधायक प्रतिनिधि ने सांसद को अनुरोध पत्र समर्पित करते हुए कहा कि सीसीएल प्रबंधन स्वांग हवाई अड्डा में इको पार्क बनाने को प्रयासरत है. ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं कि यह एक धरोहर और विरासत है. यह हवाई अड्डा उस समय से है, जब देश की ज्यादातर आबादी ने जहाज को नजदीक से देखा तक नहीं था. इसलिए इस विरासत को बचाये रखने के लिए लोग आंदोलित हैं. उन्होंने कहा कि यह हवाई अड्डा काफी उपयोगी है और इसे जीवंत रखा जाए.

### बैंक मित्रों ने जोनल मैनेजर को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो।** आंचलिक प्रबंधक, बोकारो अंचल की ओर से बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े बैंक मित्र (बीसी) की सेवा बंद करने से नाराज बीसी संघ के सदस्यों ने 4 अक्टूबर को बैंक ऑफ इंडिया के जोनल कार्यालय में ज्ञापन सौंपा. इस दौरान सभी ने डिप्युटी जोनल मैनेजर से मिलकर सेवा को पुनः चालू करने की मांग की. मौके पर जोनल कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि विभागीय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सेवा बंद की गई है. बीसी संघ के अजय कुमार बर्णवाल व सुकुमार मांझी ने बताया कि जोनल कार्यालय की ओर से सितंबर माह में बीसी सेवा बंद करने का अल्टीमेटम दिया गया था.

# नाराज बीस सूत्री सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार किया

संवाददाता। गावां

प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक बुधवार को हुई. बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जबकि संचालन महेंद्र रविदास ने किया. बैठक में पिछले बैठक में लिए गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई. बैठक में बेंच डेस्क की खरीद में गड़बड़ी, राशन वितरण में गड़बड़ी, पशु चिकित्सालय की बदहाली, आंगनबाड़ी का नियमित नहीं खुलना आदि पर चर्चा की गई. इसी क्रम में ज्ञात हुआ कि संबंधित पदाधिकारी पिछले बैठक में लिए गए प्रतिवेदन की अद्यतन रिपोर्ट बैठक में नहीं लाए हैं. इस पर सदस्यों ने भारी नाराजगी व्यक्त की और बैठक का बहिष्कार कर बाहर चले गए. कस्तूरबा की वार्डन समेत कई अन्य विभागों के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित नहीं थे.

**सरकार की छवि धूमिल हो रही : अध्यक्ष :** अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि गठन के बाद से बीस सूत्री की जितनी भी बैठकें हुई हैं उसके निर्णय पर पदाधिकारी अमल नहीं करते हैं. बैठक बुलाकर सदस्यों से हस्ताक्षर करवाकर केवल कोरम पूरा किया जा रहा है, सरकार की छवि धूमिल हो रही है. विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है. जिसके कारण पदाधिकारी कोई भी रिपोर्ट को देना नहीं चाहते हैं.

# एसडीओ सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने पहुंचे



मौके पर मौजूद पदाधिकारी.

संवाददाता। जमशेदपुर

पूजा सीजन को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है. इस पहल को एक कदम आगे बढ़ाते हुए बुधवार को एसडीओ पीयूष सिन्हा, प्रभारी एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल, साकची थाना प्रभारी संजय कुमार समेत जेएनएसी की टीम ने साकची का दौरा किया. इस दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई. वहीं कई सामानों को भी जब्त किया गया. एसडीओ सबसे पहले साकची संजय मार्केट के बाहर पहुंचे, जहां सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को जब्त करने का आदेश दिया. इसके अलावा फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को जल्द से जल्द सामान हटाने को कहा.

# 80% से अधिक मतदान हो : के रवि

विशेष संवाददाता । रांची

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों से संबद्ध सभी एईआरओ के दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण बुधवार को शुरू हुआ. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आगामी आम चुनाव में झारखंड में मतदान प्रतिशत को 80 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है. इसको लेकर सभी को अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे. मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे पहले जो काम करना होगा, वह है मतदाता सूची को त्रुटि विहीन बनाना तथा छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण करना.

**मतदाता पंजीकरण के लिए मात्र दो शर्तें आवश्यक :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने स्तर पर यह भी प्रचारित करें कि मतदाता पंजीकरण के लिए मात्र दो शर्तें आवश्यक है, व्यक्ति का भारत का नागरिक होना एवं 18 वर्ष की आयु का होना. इसलिए ध्यान रहे कि अन्य किसी प्रमाण या दस्तावेज के अभाव में एक भी नये मतदाता के पंजीकरण का कार्य बाधित न हो. उन्होंने कहा कि इस बात का भी प्रचार प्रसार करें कि वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी अन्य दस्तावेज नियमानुसार निर्धारित हैं, जिसे दिखाकर मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं.



दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन मौजूद अधिकारी.

### सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना होगा

रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं के बीच जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया के भी सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना होगा. उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश देने के साथ-साथ उनसे फीडबैक भी लिया. इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार एवं निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे.

# पीआईएल खारिज, याचिकाकर्ता पर जुर्माना

संवाददाता । रांची

हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाले की जांच के लिए दायर याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है. साथ ही अदालत ने इस केस के याचिकाकर्ता मंटू सोनी पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया है. सुनवाई के दौरान अदालत में एनटीपीसी की ओर से उपस्थित वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने कोर्ट को बताया कि मंटू सोनी पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसकी जानकारी छिपाकर उन्होंने यह याचिका दाखिल की है. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल वर्ष 2016 में हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद तत्कालीन डीसी मुकेश कुमार की अनुसंशा पर राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी. टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने की जानकारी दी थी.

### अमित अग्रवाल की बेल पर 11 अक्टूबर को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया. जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है.

### भानू प्रताप को बेल देने से ईडी कोर्ट ने मना किया

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी और बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. अदालत ने भानु को बेल देने से इंकार करते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है.

### डीजेएन के संचालक को बेल देने से इनकार

**रांची।** चिटफंड कंपनी डीजेएन ग्रुप के संचालक इवातुरी संतोष को जमानत देने से रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट ने इनकार कर दिया है. इवातुरी की ओर से दायर जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

### तारा चंद की बेल पर 11 अक्टूबर को सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम के सहयोगी तारा चंद की याचिका पर रांची ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई. अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है.

### छवि रंजन को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर अपना फैसला सुना दिया है. अदालत ने उन्हें बेल देने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है. अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा है कि लैंड स्कैम में जांच अधूरी नहीं है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल जेल में बंद सस्पेंड हो चुके आईएएस छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. उन्होंने हाईकोर्ट में गुहार लगाई है कि उन्हें डिफॉल्ट बेल दी जाए. इससे पहले सस्पेंड हो चुके आईएएस छवि रंजन ने निचली अदालत में 167 की याचिका दाखिल की थी.

## लापरवाही एमपीएल जानेवाली सड़क पर चलना मौत को दावत देने के समान

# सड़क पर जानलेवा गड्ढा, जिम्मेदार लोगों ने साधा मौन

संवाददाता। निरसा

सड़क पर जानलेवा गड्ढे के चलते निरसा से एमपीएल जाने वाली सड़क पर चलना मौत को दावत देने के समान है. बावजूद जनप्रतिनिधि व एमपीएल प्रबंधन सड़क की दशा सुधारने की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है. लगभग एक माह से यह स्थिति बनी हुई है. ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि व प्रबंधन से शिकायत भी दर्ज करायी. बावजूद सड़क के बीच बने गड्ढे को भरवाने की जरूरत नहीं महसूस की जा रही है. बताते चलें कि एमपीएल मुख्य द्वार से कुछ दूर रेलवे पुल के नीचे सड़क पर जानलेना गड्ढा बन गया है. गर्मी के दिनों में तो सड़क सूखी थी तो लोग संभलकर आना-जाना कर रहे थे. इधर पिछले पांच दिनों से लगातार बारिश के कारण पुल के नीचे सड़क के बीच भारी मात्रा में पानी का जमाव हो गया है. जिससे गड्ढा जानलेवा बन गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि एमपीएल के बड़े-बड़े वाहनों की इसी सड़क से आवाजाही होती है. इस सड़क से करीब 10 पंचायत के हजारों लोगों का निरसा आन-जाना होता है.



रेलवेपुल के नीचे सड़क पर जानलेवा गड्ढा का दृश्य.

### जर्जर सड़क पर चलने को विवश हैं ग्रामीण

**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के खंडामौदा एनएच 49 से बहुलिया चौक तक चित्रेश्वर जाने वाली मुख्य सड़क वर्षों से बदहाल अवस्था में है. लगभग सात किलोमीटर लंबी यह सड़क विगत कई साल से जर्जर है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे व पत्थर उभर आए हैं. बरसात में सड़क पर उभरे गड्ढे पानी से भर जाते हैं. इससे सफर करना मुश्किल हो जाता है. उक्त सड़क फुलबाड़िया, नेड़रा, गामारिया,बहुलिया समेत कई गांव के लोग इस सड़क से आना-जाना करते हैं. यह सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल है. सड़क पर नुकीले पत्थर उभर आए हैं. इससे सड़क पर साइकिल और मोटरसाइकिल पंचर हो रहे हैं. इस सड़क से होकर कई स्कूल के छात्र खंडामौदा आना-जाना करते हैं. विद्यार्थियों को साइकिल से विद्यालय जाने में भी परेशानियां उठानी पड़ती हैं. आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं.



# घाना के अकरा में स्पीकर ने किया समारोह का उद्घाटन



संवाददाता। रांची

पश्चिम अफ्रीका के घाना के अकरा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 6 दिवसीय बैठक चल रही है. इसे लेकर घाना के होटल केम्पेस्की में भारतीय उच्चायोग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कार्यक्रम में शामिल होकर समारोह का उद्घाटन किया. समारोह में घाना के संसद के बहुमत दल के सदन नेता ओसी केयी मेन्सा बोन्सु के अलावा भारतीय शिष्टमंडल में शामिल सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष व लोकसभा के सदस्य शामिल हुए. गौरतलब है कि 6 दिवसीय दौरे पर स्पीकर घाना की राजधानी अकरा में हैं.

### 43 अन्य चार दूसरे जिले के हैं निवासी, लगभग सभी स्वस्थ हो घर लौटे

# एलाइजा से 300 सैंपल की जांच में मिले डेंगू के 55 मरीज

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के कई इलाकों से डेंगू के मरीज मिले हैं. एलाइजा जांच शुरू होने के बाद से अब तक स्वास्थ्य विभाग ने 55 से अधिक डेंगू मरीजों की पुष्टि की है. इसमें 43 लोग धनबाद के हैं और चार दूसरे जिले से आए थे. अब तक 300 से अधिक सैंपल की जांच माइक्रोबायोलॉजी विभाग में की गई है. हालांकि सभी मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं.

कुछ मरीज सामान्य बुखार की हालत में डॉक्टर की सलाह से घर पर रह कर ठीक हुए. धनबाद में डेंगू का पहला केस विगत 9 सितंबर को मिला था. इधर, उपायुक्त वरुण रंजन के



निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग लगातार विभिन्न इलाकों में कंटेनर सर्वे के साथ लार्वानाशी दवा का छिड़काव कर रहा है. दूसरी ओर, जिन क्षेत्रों में बुखार पीड़ित मिले, वहां कई घरों से सैंपल लेकर जांच कराई गई. विभाग के अनुसार अब तक मलेरिया का एक भी मरीज नहीं मिला है.

**वायरस फीवर की चपेट में लोग :** डेंगू मरीज के बाद सबसे ज्यादा संक्रामक वायरस फीवर के मरीजों का संख्या है. जिला वेक्टर बोर्न डिजीज सलाहकार रमेश कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव व बरसात के कारण वायरस संक्रमण का असर सबसे ज्यादा है. लोग बुखार और बदन दर्द से पीड़ित हो रहे हैं. ऐसे में लगातार सैंपल लेकर जांच की जा रही है. हर रोज जांच में डेंगू के मरीज भी मिल रहे हैं. विभागीय रिपोर्ट के अनुसार अब तक मलेरिया और चिकनगुनिया का एक भी मामला सामने नहीं आया है.

#### बुखार पीड़ित तीन लोगों की हुई थी मौत

धनबाद में तेज बुखार से पीड़ित तीन लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग डेंगू को मौत की वजह नहीं मान रहा है. महुदा के एक मरीज की मौत रिम्स रांची में हो गई थी. झरिया में भी दो मरीजों की मौत हो गई. स्वास्थ्य विभाग का कहना है इन मरीजों की मौत दूसरी बीमारियों की वजह से हुई है. हालांकि वे बुखार से पीड़ित थे. विभाग का दावा है कि डेंगू के लक्षण नहीं मिले थे. तीन मामलों को छोड़ दिया जाए तो जिले में डेंगू से मौत की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है.

#### सदर अस्पताल में लगेगी एलिजा मशीन, होगी जांच

**देवघर।** जिले के लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों की अवस्था में खून जांच की लिए अन्य जिलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा. अब ये जांच देवघर के सदर अस्पताल में ही हो जाएंगे. जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर अस्पताल में एलिजा टेस्ट के लिए आवश्यक मशीन लगाने का निर्णय लिया है. इस मशीन की खरीद के लिए सदर अस्पताल को आवश्यक राशि उपलब्ध करा दी गई है.

### अस्पताल परिसर में योगाभ्यास पर रोक

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पर योग कार्य के लिए कक्ष मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाया गया है. प्रविप को कक्ष मुहैया कराने के लिए ज्ञापन सौंपी गई है. योग से स्वास्थ्य लाभ लेने वालों ने प्रविप को ज्ञापन सौंपा. दरअसल केंद्र सरकार के द्वारा योग प्रशिक्षण के लिए मानदेय पर प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है. पूर्व में सभी योग करते थे. इधर नये प्रभारी के प्रतिनियुक्ति के बाद से परेशानी हो रही है. उनका कहना है कि योगाभ्यास अहले सुबह अस्पताल संचालन के समय से पहले समाप्त कर देते हैं. हमलोग सभी का ख्याल रखते हुए समय का भी ध्यान रखते हैं. बावजूद इसके प्रभारी ने योगाभ्यास को अस्पताल परिसर में करने से मना कर दिया. इससे आहत हो हमलोगों नें प्रविप को कक्ष मुहैया कराने के लिए ज्ञापन सौंपी है.

### आओ जानें

## भारत के प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम

| स्टेडियम का नाम | शहर |
| --- | --- |
| मौलाना आजाद स्टेडियम | श्रीनगर |
| शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम | श्रीनगर |
| अरुण जेटली स्टेडियम | नई दिल्ली |
| भूपेन हजारीका स्टेडियम | गुवाहाटी |
| सवाई मानसिंह स्टेडियम | जयपुर |
| जीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम | हैदराबाद |
| दंबरम स्टेडियम | चेन्नई |
| लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम | हैदराबाद |
| इकाना स्टेडियम | लखनऊ |
| ब्रेबोर्न स्टेडियम | मुंबई |
| वानखेड़े स्टेडियम | मुंबई |
| सीबी पटेल स्टेडियम | सूरत |
| कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम | ग्वालियर |
| ईडन गार्डन | कोलकाता |
| ग्रीन पार्क स्टेडियम | कानपुर |

### शुभम संदेश ने पहले ही किया था आगाह, बड़ा हादसा टला, कई वाहन क्षतिग्रस्त

# भाजपा नेता का मकान ढहा

संवाददाता। झरिया

झरिया के चार नंबर टैक्सी स्टैंड में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया. भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार अग्रवाल की दो मंजिली इमारत का अगला हिस्सा ढह गया. मलबे की चपेट में आ कर चार वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. बता दें कि शुभम संदेश अखबार ने विगत रविवार के अंक में नेता जी के जर्जर मकान की हालत को गंभीरता के साथ उठाया था. आशंका जताई गई थी कि यह मकान कभी भी ढह सकता है. गनीमत रही कि जब मकान का अगला हिस्सा गिरा तो उस वक्त कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था.

टैक्सी स्टैंड होने के कारण मकान के नीचे खड़े चार पहिया वाहन संख्या JH10AC5888, BHW915, JH10AA9943, JH10BZ6971 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं.

**हर जुबान पर शुभम संदेश में छपी खबर की चर्चा :** अचानक इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. भीड़ में हर जुबान पर शुभम संदेश अखबार में छपी खबर की चर्चा थी. स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मकान बहुत ही जर्जर हो चुका था लेकिन न मकान मालिक सतर्क हुआ और न ही प्रशासन. मकान के ठीक सामने स्कूल है, जहां बच्चे पढ़ने आते हैं. गनीमत रही कि हादसा तड़के सुबह तीन से चार बजे की बीच हुआ. झरिया में इस तरह के और भी कई जर्जर मकान हैं.

अगर समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है. मकान के मालिक राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि मकान के मरम्मत के लिए मिस्त्री से बात हो चुकी थी. जल्द ही काम लगाने वाले थे. बारिश के कारण मकान ढह गया गनीमत रही कि ज्यादा नुकसान नहीं हुआ.



घटनास्थलपर जुटी भीड़.

#### क्या कहते हैं लोग

क्षतिग्रस्त इनोवा कार के मालिक अमित कुमार ठाकुर ने बताया कि पिछले कई दिनों से उनकी गाड़ी वहां खड़ी रहती थी. मकान जर्जर होने की जानकारी नहीं थी. सुबह सूचना मिली कि मकान का अगला हिस्सा कार पर गिर गया है और गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. पूजा समिति के उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता ने कहा कि पिछले दो सप्ताह से मकान मालिक को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा रहा था. अखबार में भी खबर छपी थी. आखिरकार यह बड़ा हादसा हो ही गया. स्थानीय श्रवण शर्मा ने कहा यह काफी भीड़-भाड़ वाला इलाका है. अगर दिन में यह हादसा होता तो जान माल का भारी नुकसान हो सकता था.

पूर्व पार्षद अनूप साव ने कहा कि झरिया में ऐसे कई पुराने व जर्जर मकान हैं, जिसपर जिला प्रशासन व झरिया अंचल अधिकारी को संज्ञान लेने की आवश्यकता है. प्रशासन संज्ञान नहीं लेता है तो भविष्य में बहुत बड़ी चूक साबित होगी.

#### खास बातें

- आशंका जताई गई थी कि कभी भी ढह सकता है मकान
- गनीमत रही कि हादसा तड़के सुबह हुआ, नहीं थी भीड़

#### गरीबों के घरों पर आफत की वर्षा, कई घर गिरे



गरीबों के क्षतिग्रस्त आवास.

**कसमार।** बोकारो जिले में पिछले चार दिन से हो रही मूसलाधार बारिश अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है. बारिश का सबसे ज्यादा कहर कच्चे मकान में गुजर-बसर करनेवाले परिवारों पर टूटा है. मंगलवार शाम कसमार प्रखंड के हिसिम पहाड़ के आदिवासी बहुल गांव केदला व गुमनजारा के पांच गरीबों का आशियाना टूट गया. इससे कई आदिवासी परिवारों पर आफत आ गई है. जानकारी के अनुसार केदला गांव के हड़साली टोला में सुनीता देवी, निर्मल मांझी व रिंकी देवी का कच्चा खपरैल मकान बारिश में गिर गया. वहीं हिसिम पंचायत के गुमनजारा निवासी चुमु देवी व सगोरी देवी का भी मकान बारिश में क्षतिग्रस्त गया. इससे इन गरीब परिवार की चिंता बढ़ गई है. बारिश में घर टूटने की सूचना परिवारवालों ने स्थानीय मुखिया बबीता देवी व पंचायत समिति सदस्य जगेश्वर मुर्मू को दी है. प्रतिनिधियों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रखंड प्रशासन को देकर आपदा राहत योजना के तहत गरीबों को मुआवजा दिलाने की मांग की है. इसके अलावा कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे गर्री पंचायत क्षेत्र में भी बारिश से कई गरीबों के कच्चे मकान गिर गए हैं.

#### अनीस अंसारी का घर गिरा

**लातेहार।** 30 सितंबर से लातेहार एवं अन्य प्रखंडों में मूसलाधार बारिश हो रही है. मंगलवार को सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत के हुटाग गांव में तेज बारिश में अनीस अंसारी का घर ध्वस्त हो गया. अनीस ने इसकी जानकारी मुखिया रामजीत सिंह को दी. सूचना मिलने पर मुखिया रामजीत सिंह, अनीस अंसारी के घर पहुंचे.



## बारिश से गिरा मजदूर का घर, तीन लोगों को लगी चोटें

संवाददाता। गिरिडीह

बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के फिटकोरिया पंचायत स्थित पतरोडीह गांव में मूसलाधार बारिश के कारण 3 अक्टूबर की रात एक मजदूर का कच्चा मकान गिर गया. घटना के समय गृहस्वामी अपने परिवार के सदस्यों के साथ मकान में सोया हुआ था. मकान गिरने से घर पर सो रहे लोगों को चोट भी पहुंची है. इधर मकान गिर जाने से पीड़ित परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है. बताया गया कि पतरोडीह निवासी विष्णु दास दो कमरे के कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे. मंगलवार की रात एक कमरे में उनका बेटा व बहु सोए थे, जबकि दूसरे कमरे में वह अपनी पत्नी व पोती के साथ सोए थे. रात के समय ही लगातार हो रही बारिश के कारण उनके कमरे का मिट्टी की दीवार क्षतिग्रस्त हो गया और मकान गिर गया. घटना में कमरे में सो रहे तीनों लोगों को चोट पहुंची है. स्थानीय स्तर पर तीनों चोटिल लोगों का इलाज कराया गया है. मकान गिर जाने से गरीब परिवार के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है. पीड़ित परिवार ने बीडीओ को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है.

## गावां में गिरा मिट्टी का घर गरीब की आफत बढ़ी



गिरे घर के पास खड़ा परिवार.

संवाददाता। गावां

प्रखंड में हो रही बारिश से नदी - तालाब का जलस्तर बढ़ गया है. वहीं ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गई हैं. इधर, 4 अक्टूबर को प्रखंड के भेलवा निवासी सुधीर प्रसाद यादव का मिट्टी घर तेज बारिश के कारण गिर गया. घटना में कुछ सामान भी मलबे के अंदर दब गया. गनीमत रही कि उस समय परिवार के सभी लोग घर के बाहर थे, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था. इधर घर गिर जाने की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुनील दास मौके पर पहुंचे और बीडीओ से पीड़ित परिवार को तत्काल अंबेडकर आवास योजना का लाभ देने की मांग की. कहा कि घर गिर जाने से सुधीर यादव का सपरिवार बगल के करकेट के घर में रहने को मजबूर हैं. उसमें भी ऊपर से पानी टपकते रहता है.

### ब्रीफ खबरें

#### जनवितरण की दो दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द

**पाकुड़।** आदेश के अहवेलना करने के मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के दो जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति को रद्द कर दी गई है. अर्जुनदाहा पंचायत के निलंबित जन वितरण प्रणाली दुकान गाथाव बाहा स्वयं सहायता समूह अनुज्ञप्ति व महेशपुर पंचायत के निलंबित जनवितरण प्रणाली दुकान गुलेनहारा बेगम की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गई है. विभाग की ओर से बताया गया कि दोनों दुकान संचालकों पर कई गंभीर आरोप हैं.

#### थाना प्रभारियों को बांटा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस

**पाकुड़।** समाहरणालय परिसर में राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा व उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने संयुक्त रुप से नगर थाना प्रभारियों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया. सांसद विजय हांसदा ने कहा कि वितरित की गई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के काम आएंगी. इस सामग्री से सभी थाना क्षेत्रों में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने में मदद मिलेगी.

#### स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 को लेकर बैठक

**घाटशिला।** उप विकास आयुक्त के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई. बैठक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में विभिन्न पंचायत के मुखिया तथा पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रखंड समन्वयक के साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत चर्चा हुई.

#### ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री को लौटाया मोबाइल

**बोकारो।** पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 12801 के कोच नंबर एच-वन में सफर कर रहे यात्री की मोबाइल छूट गई थी. इसकी जानकारी बोकारो आरपीएफ की टीम को हुई, तो यात्री का मोबाइल ट्रेन से बोकारो रेलवे स्टेशन पर बरामद किया. ट्रेन स्कॉट ऑफिसर पुरुलिया एएसआई पीएन पासवान ने मोबाइल छूट जाने की सूचना बोकारो आरपीएफ टीम को दी थी. बोकारो स्टेशन पर एसआई बलराम मीना ने बोकारो में उक्त कोच की जांच कर फोन को बरामद किया.

#### आंगनबाड़ी केंद्र मनकडीहा में मनाया संकल्प सप्ताह

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र मनकडीहा में संकल्प सप्ताह के तहत बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर धातृ माताओं के बच्चे की मुंहजुठी की गई. इस दौरान महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर उपस्थित बच्चों की लंबाई और वजन कर पोषाहार के सुझाव दिए गए. कार्यक्रम में सुपरवाइजर यशोदा देवी ने महिलाओं को पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी.

#### खरपोका में जल सहिया चयन को हुई बैठक

**पीरटांड़।** जिले के पीरटांड़ प्रखड़ के खरपोका पंचायत अंतर्गत सहनाबाद गांव में बुधवार को बैठक आयोजित कर जल सहिया का चयन किया गया. बैठक की अध्यक्षता खरपोका मुखिया मोहम्मद तनवीर ने की. यह बैठक कार्यपालक अभियंता सह सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता समिति के निर्देशानुसार की गई. बैठक में सर्वसम्मति से जल सहिया के रूप में लीलावती देवी का चयन किया गया.

## बढ़ रहा है डैम का जलस्तर 10 रेडियल गेट खोले गए



डैम के खुले फाटक.

संवाददाता। चांडिल

लगातार हो रही बारिश के कारण चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ता जा रहा है. बुधवार की सुबह तक नौ रेडियल गेटों को खोले जाने के बाद भी जलस्तर का बढ़ना जारी है. सुबह डैम का जलस्तर 181.75 मीटर दर्ज किया गया था. वहीं शाम को जलस्तर 181.85 मीटर से अधिक दर्ज किया गया. बढ़ते जलस्तर को कम करने के लिए एक और रेडियल गेट को खोल दिया गया है. फिलहाल चांडिल डैम के 10 रेडियल गेट डेढ़-डेढ़ मीटर तक खोल दिए गए हैं. ऊपरी क्षेत्र में झमाझम बारिश होने और पानी का बहाव अधिक आने के कारण डैम का जलस्तर बढ़ता जा रहा है. मंगलवार को डैम का जलस्तर 181.50 मीटर था, जो 24 घंटे के अंदर बढ़कर 181.85 मीटर को पार कर गया है.

डैम का जलस्तर बढ़ता देखकर परियोजना प्रशासन ने बुधवार की शाम 10 गेटों को डेढ़-डेढ़ मीटर तक खोलने का निर्णय लिया.

### मिशन इंद्रधनुष को को लेकर बीडीओ की बैठक

**घाटशिला।** ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ कुमार एस अभिनव के कार्यालय कक्ष में बुधवार को आयोजित हुई. बैठक में मुख्य रूप से वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के समीर कुमार तथा अनुमंडल अस्पताल के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मौजूद थे. इनके साथ बीडीओ ने मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की. इस दौरान बीपीएम मयंक कुमार सिंह ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चरण की शुरुआत 9 अक्टूबर से होगी. 14 अक्टूबर तक यह अभियान चलेगा. इस दौरान जीरो से लेकर 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर टीकाकरण किया जाएगा. इसके लिए गांव-गांव में सहिया दीदी एवं एएनएम लगातार सर्वे कर सूची तैयार कर रही है. सूची के आधार पर सभी छूटे हुए बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को वैक्सीन दी जाएगी.

## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

संवाददाता। जमशेदपुर



बस्ती में प्रदर्शन करते लोग.

मानगो के शंकोसाई के एकता नगर में डेढ़ माह से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है. इस कारण लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. लोग दूर-दराज से पानी लाकर अपनी जरूरतों को पूरा कर रहे है. स्थानीय लोगों ने बताया कि पानी को लेकर उन्होंने मानगो नगर निगम एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यालय में दर्जनों बार पत्राचार किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. अब पर्व-त्योहार का समय आ गया है और पानी की कमी के कारण लोग घरों की साफ-सफाई तक नहीं कर पा रहे हैं. मोहल्ले में एकमात्र चापाकल है जहां से लोग लंबी कतार लगाकर पानी लेते हैं. इससे पानी ढोने में कई घंटे लोगों का लग जाते है. दैनिक मजदूरी करने वाले लोग सप्ताह में दो दिन पानी की व्यवस्था करने में लगे रहते है, इस कारण काम पर नहीं जा पाते. जिसके कारण उनके सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो जा रही है.

**समस्या के समाधान की मांग :** शिकायत के बाद भी किसी तरह की कोई पहल नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने बुधवार को बस्ती में प्रदर्शन किया और विरोध जताया. स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी. उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान जल्द नहीं होने पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा. मौके पर हेमंत गोराई, सूर्य प्रमाणिक, बबलु गोराई, विश्वेश्वर सिंह,विनय प्रसाद, पंकज प्रमाणिक, गुरुपदों गोप, शशि गोराई, दिनेश गोराई, उमेश शर्मा, विष्णु पासवान, दिनेश साहू, रिंकू रंजन, नंदू गोराई ,दुर्गा गोराई, इंदु देवी, सलोनी सिंह, राजु साहु, गीता गोराई, संतरा गोप, राजेंद्र गोराई, प्रकाश साव, संदीप शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे.

### गैस एजेंसी के कार्यालय में एसडीओ ने की छापामारी

**चाकुलिया।** नगर पंचायत स्थित चांदनी इंडेन के कार्यालय में और काकड़ीशोल के पास स्थित गोदाम में बुधवार को घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सत्यवीर रजक ने छापामारी की. उनके साथ अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गौरी शंकर दास भी मौजूद थे. अनुमंडल पदाधिकारी ने गोदाम में आवश्यक जांच की और एजेंसी की संचालिका चांदनी रंजन से जरूरी पूछताछ की. गोदाम में भरे हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर नहीं पाए गए, सभी सिलेंडर खाली थे. इस मसले पर संचालिका चांदनी रंजन ने पदाधिकारी को बताया कि सड़क खराब होने के कारण गोदाम तक वाहन नहीं आ पा रहे हैं. इसलिए बाजार में ही किसी स्थल से गैस से भरे हुए सिलेंडर को उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा रहा है.

### विडंबना — विगत दो माह से दो अधिकारी संभाल रहे कमान, अपराधियों का बढ़ा गुमान

# 'एक फूल दो माली' की तरह निरसा एसडीपीओ की कुर्सी

राजकुमार महतो। निरसा

निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की कुर्सी एक है, परंतु अभी उस पर दो अधिकारियों को बैठा दिया गया है. बावजूद क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग पाया है. दो माह पहले एसडीपीओ पीतांबर सिंह खेरवार का प्रमोशन हो गया. उनके जाने के बाद अबतक राज्य सरकार ने निरसा अनुमंडल की कमान संभालने के लिए किसी को नहीं भेजा है. विगत 28 जुलाई शुक्रवार की रात एसडीपीओ पीताम्बर सिंह खेरवार ने दुमका के नए एसपी का पदभार संभाल लिया. इसके बाद अनुमंडल की कमान सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार व धनबाद डीएसपी अमर कुमार पांडेय को चार्ज दे दिया गया. विगत दो माह से यही व्यवस्था है.




#### खास बातें

- दो माह पहले हुआ एसडीपीओ पीतांबर खेरवार का प्रमोशन
- फिर भी क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं

#### दो अस्थायी एसडीपीओ, 6 ओपी व 2 थाना

निरसा अनुमंडल क्षेत्र के अधीन 6 ओपी और 2 थाना है, जहां दो इंस्पेक्टर और दो सर्किल इंसपेक्टर हैं. निरसा प्रखंड के अधीन निरसा थाना व एमपीएल ओपी, केलियासोल प्रखंड में कालूबथान ओपी तथा एग्यारकुंड प्रखंड में चिरकुंडा, मैथन, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी व पंचेत ओपी है. तीनों प्रखंड में कुल 67 पंचायत है. चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र भी है. झारखंड- पश्चिम बंगाल सीमा से सटे होने के कारण क्षेत्र को संवेदनशील माना जाता है. क्षेत्र में छिनतई, चोरी व अन्य किस्म की आपराधिक घटनाएं होती रहती हैं.

#### एसडीपीओ कार्यालय में पसरा सन्नाटा

निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय मैथन में है. विगत दो माह से स्थायी एसडीपीओ के नहीं रहने से कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहता है. अस्थायी रूप से पदस्थापित धनबाद व सिंदरी के एसडीपीओ बड़ी घटना घटने के बाद ही क्षेत्र में नजर आते हैं. इस कारण क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों का भी कार्यालय में आना-जाना बंद हो गया है. रीडर बाबू वर्मा को कार्यालय में अकेले दिन बिताना भारी पड़ रहा है.

## टीकाकरण में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई



बैठक करते डीसी व अन्य.

संवाददाता। साहिबगंज

समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य संबंधी जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई. मौके पर उपायुक्त ने प्रखंड वार नियमित टीकाकरण की जानकारी लेकर छूटे हुए बच्चे के शत प्रतिशत टीकाकरण का निर्देश दिया. कहा कि इसके लिए जिम्मेवार एएनएम आदि पर कार्रवाई की जाए. डेंगू की समीक्षा में बताया गया कि जिले में डेंगू के 209 केस चिन्हित किए गए हैं. अभी भी डेंगू के 08 एक्टिव केस हैं. बताया गया कि आगामी 05 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक कालाजार खोज पखवाड़ा चलाया जाएगा. इसमें सेविका व सहिया घर-घर जाकर बीमार व्यक्तियों को चिन्हित करेगी. इन मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर और खलासी घायल

**चंदवा।** गाजियाबाद जा रहा ट्रक लातेहार के चंदवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जमशेदपुर से लोहा का पाइप लेकर ट्रक यूपी के गाजियाबाद के लिए चला था. ट्रक जैसे ही चंदवा थाना क्षेत्र के हिंडाल्को नर्सरी के समीप पहुंचा तो बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे में ट्रक का ड्राइवर और खलासी घायल हो गया. दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्राथमिक उपचार के बाद ड्राइवर और खलासी को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है.

### दुकानदार से की छिनतई, एक धराया

**बोकारो।** सेक्टर-12 मोड़ के यात्री शेड में बारिश से बचने के लिए रुके आभूषण दुकानदार चंदन कुमार वर्मा से बदमाशों ने मारपीट कर रुपए व आभूषण छीन लिए. मारपीट की आवाज सुन कर वहां पर लोग जमा हो गए. इस बीच सिटी थाना की पुलिस भी पहुंच गई. पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया. दुकानदार ने बताया कि एक बदमाश पकड़ा गया, जबकि अन्य लोग वहां से भाग निकले. उनके पास से मोबाइल, दस हजार व सोना तौलने वाली मशीन लेकर फरार हो गए.

### फांसी के फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत अंतर्गत बालुगांव में बुधवार को 14 वर्षीय एक बालक का शव फांसी के फंदे में लटकता मिला. ग्रामीणों के अनुसार मृतक के घर पर पिछले कई दिनों से परिवार में झगड़ा चल रहा था. इसी झगड़े के बीच अपनों ने एक मासूम बच्चा को खो दिया. घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अस्पताल भेज दिया.

### दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र कस्तूरबा विद्यालय के समीप बुधवार को दो बाइक की जोरदार भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए. बताया जाता है कि मरचो निवासी विश्वनाथ दर्वे अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी व एक अन्य महिला तालाकुड़ी हेंब्रम के साथ बाइक से अपने घर लौट रहे थे. इसी क्रम में कस्तूरबा विद्यालय के समीप साहिबगंज से बोरियो की ओर आ रहे साहिबगंज मजहर टोला निवासी रमेश कुमार की बाइक के साथ उनके बाइक की टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में चारों व्यक्ति घायल हो गए.

### लापता युवक का दूसरे दिन तालाब में मिला शव

**धनवार (गिरिडीह)।** ओरखार थाना धनवार निवासी तारकेश्वर सिंह ने धनवार थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र निर्मल कुमार सिंह उर्फ अधीर सिंह के लापता होने का सनहा दर्ज करवाया था. कहा था कि अधीर मंगलवार को 1:00 बजे दोपहर अपने घर से निकलकर कहीं चला गया और दिन के 3:00 बजे टुगरुडीह में देखा गया, उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल रहा है. इस बीच बुधवार को निर्मल कुमार सिंह का शव स्थानीय तालाब में मिला.

### एसपी ने आपराधिक कांडों की समीक्षा की

**तेनुघाट।** बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के बेरमो कार्यालय में समीक्षा बैठक की. इसमें अनुमंडल के सभी पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी शामिल हुए. बैठक में एसपी अनुमंडल के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी व कांड के अनुसंधान कर्ताओं को लंबित मामलों के जल्द निष्पादन का निर्देश दिया. मौके पर 4 वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा की गई. आलोक ने कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया.

### होमगार्ड जवान की संदेहास्पद हालत में मौत

**बालूमाथ (लातेहार)।** बुकरू रेलवे साइडिंग पर तैनात होमगार्ड के जवान का शव पुलिस ने बरामद किया है. जवान अनोज सिंह ड्यूटी कर वापस स्कूल स्थित विश्राम स्थल पर सोया हुआ था. जब अन्य जवानों ने देखा कि होमगार्ड अनुज सिंह बाहर नहीं निकल रहा है तो जवानों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया. जवानों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो अनुज मृत अवस्था में पड़ा हुआ था. अनुज लातेहार जिला के कोटाम गांव का रहने वाला था.

# दो नाबालिग बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म, 6 गिरफ्तार

**संवाददाता । नोवामुंडी**

नोवामुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत दो नाबालिग बच्चियों के साथ छह युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया गया है. दो दिनों तक घर नहीं आने पर परिजनों ने बच्चियों से पूछा तो बच्चियों ने अपनी आप बीती बताई. परिजन दोनों बच्चियों को लेकर नोवामुंडी थाना पहुंचे. इसके बाद उनके बयान के आधार पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि युवकों की गिरफ्तारी हुई है. उनसे पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोनों पीड़ित बच्चियां किसी ठेकेदार के यहां काम करने नोवामुंडी गई थीं. काम से लौटने के क्रम में यात्री बस नहीं मिली और अंधेरा भी बढ़ने लगा. तभी सड़क किनारे खड़ी होकर दूसरी गाड़ी से लिफ्ट लेने का इंतजार करने लगी. उसी समय पादापहाड़ के युवक दोनों को उनके घर पहुंचा देने की बात कह कर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और पेट्रोल भरवा कर घर पहुंचाने की बात कह आगे बढ़ गया.

इस दौरान युवकों ने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाया और दोनों बच्चियों को दूधबिला गांव ले गये. इसके बाद दूसरे गांव से अपने 4 दोस्तों को भी बुला लिया. वहां से दोनों बच्चियों को दो बाइक में बैठा कर उसके घर छोड़ने की बात कह कर लेकर चल दिए. किसी अन्य गांव ले जाकर दो दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया और शनिवार की सुबह छोड़ दिया. पीड़ित बच्चियां अपने मामा के घर चली गई और रविवार को अपने घर पहुंचीं. परिजनों ने जब बच्चियों से दो दिनों तक पूछताछ की तो बच्चियों ने घटना की जानकारी दी. इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी ग्रामीण मुंडा को दी. ग्रामीण मुंडा ने दूसरे गांव में मीटिंग रखी और बच्चियों को आरोपियों को फोन कर बुलाने को कहा. इसके बाद आरोपी आ गए और ग्रामीण मुंडा ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया. फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.




## आओ जानें

**देश में राज्य महिला पुलिस की कितनी भागीदारी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | : 21.8% | पंजाब | : 9.9% |
| बिहार | : 21.2% | पश्चिम बंगाल | : 9.9% |
| तमिलनाडु | : 19.1% | सिक्किम | : 9.0% |
| महाराष्ट्र | : 17.8% | कर्नाटक | : 8.6% |
| गुजरात | : 16.3% | तेलंगाना | : 8.5% |
| हिमाचल प्रदेश | : 14.0% | हरियाणा | : 8.2% |
| उत्तराखंड | : 12.08% | केरला | : 7.8% |
| उत्तरप्रदेश | : 10.7% | मध्यप्रदेश | : 7.4% |
| अरुणाचल प्रदेश | : 10.7% | मिजोरम | : 7.1% |
| गोवा | : 10.6% | झारखंड | : 6.2% |
| ओडिशा | : 10.5% | मेघालय | : 6.0% |
| राजस्थान | : 10.4% | त्रिपुरा | : 5.3% |

### शराब पीने को लेकर हो रही थी मारपीट, तुरी गए थे समझाने

# बीच-बचाव करने गए युवक को गर्दन में मारी गोली, मौत

**संवाददाता । साहिबगंज**

जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र के महादेवगंज श्रीराम चौकी स्थित संथाली बस्ती तुरी टोला में 45 वर्षीय शंकर तुरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात के बाद सभी बदमाश फरार हो गए. जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात तुरी टोला गांव में 7 से 8 की संख्या में शराब पीने गए लोगों के साथ मारपीट होने लगी. इसी बीच शंकर तुरी वहां बीच बचाव करने पहुंचा. इसके बाद झगड़ रहे लोगों में से किसी ने उसकी गर्दन में गोली मार दी. जिससे घटनास्थल पर भी शंकर की मौत हो गई.

घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए. इसकी सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी प्रणीत पटेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया. वारदात के बाद पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है.

**पेशे से मजदूर था शंकर :** मृत शंकर तुरी अपने पीछे पुत्री दीपिका कुमारी उम्र 12, पुत्र शिवकुमार उम्र 6 व देव कुमार उम्र 3 सहित विधवा को छोड़ गए हैं. उसकी पत्नी ललिता देवी ने बताया कि वह खाना बना रही थी. पति घर में ही थे, तभी बाहर झगड़ा होने लगा तो पति वहां जाकर बीच-बचाव करने लगे. इसी बीच किसी ने उन्हें गोली मार दी. शंकर तुरी पेशे से मजदूरी करता था.



रोते-बिलखते परिजन.

## तेलीपाड़ा दामोदरपुर में महिला ने की पति की हत्या

**धनबाद।** तेलीपाड़ा दामोदरपुर में बुधवार सुबह एक महिला पति की हत्या कर फरार हो गई. परिजनों ने बताया कि देर रात पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. प्राप्त जानकारी के अनुसार अजित हांसदा राज मिस्त्री का काम करता था. घर में उसकी पत्नी सरस्वती देवी और दो बच्चे साथ रहते थे. पत्नी का मायका निरसा के दलदली में है. शादी लगभग 5 वर्ष पहले हुई थी. मंगलवार की शाम वह मजदूरी कर घर लौटा था. रात में खाना खाने के बाद बच्चे सो गए, इधर पति-पत्नी के बीच किसी बात पर जमकर कहा सुनी होने लगी.

इसी बीच सरस्वती देवी ने पति अजित हांसदा पर हमला कर दिया व जान से मार डाला. शोर गुल में बच्चे जग गए उसके बाद घर छोड़कर भाग गई. बताया जाता है कि झगडे.के मौके पर एक युवक भी वहां मौजूद था. घटना स्थल पर सदर थाने की पुलिस पहुंची व जांच-पड़ताल में जुट गई है. दामोदरपुर के उप मुखिया राजेश शर्मा ने बताया कि सरस्वती देवी ने एक बार दामोदरपुर के डाहर कुल्ही के समीप कुएं में जान देने की कोशिश की थी. परंतु उसे बचा लिया गया था. सदर थाने की पुलिस महिला को थाने लाकर पूछताछ कर रही है.



### गोल्ड लोन कंपनी में दंपती काम करते थे, आरोपियों को भेजा जेल

# फर्जी लोन मामले में 4 गिरफ्तार

**संवाददाता । जमशेदपुर**

मानगो पुलिस ने एक गोल्ड लोन कंपनी में कार्यरत कर्मचारी व उसकी पत्नी को अपने परिजनों के नाम पर फर्जी तरीके से लाखों का लोन लेने के मामले में गिरफ्तार किया है. इस मामले में उसके दो साले भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं. गिरफ्तार आरोपियों में आरआईटी थाना क्षेत्र के आसंगी निवासी सुभोजित पॉल, उसकी पत्नी निवेदिता प्रेरणा रॉय, साला गौरव प्रकाश रॉय और अनुराग रॉनित रॉय शामिल है. मा

नगो थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि इस संबंध में सौरभ दासगुप्ता ने मानगो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. सौरभ ने पुलिस को बताया था कि कंपनी में काम करने वाले सुभोजित ने कंपनी में बंधक रखे सोने का इस्तेमाल कर अपने परिजनों के नाम लाखों का लोन ले लिया था. कंपनी के ऑडिट में खुलासा होने पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है.



गिरफ्तार आरोपी.

### दंपती ने लगाया बड़े भाई पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**धनबाद।** माडा कॉलोनी हीरापुर निवासी विकास साव व उसकी पत्नी अनीता देवी ने अपने बड़े भाई विजय साहू उर्फ मुखिया पर उनके घर का ताला तोड़ने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. लिखित शिकायत धनबाद थाना, एसएसपी और सिटी एसपी से की गई है. पीड़ित महिला ने बताया कि उनके पति के बड़े भाई विजय साहू उर्फ मुखिया के परिवार व ससुराल वाले मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी दी जा रही है. पहले भी धनबाद थाना में लिखित शिकायत दे चुकी है. निकट पार्षद को भी सूचना दी. पार्षद एवं पंचों ने लिखित रूप से हिस्सा बांट दिया है. फिर भी धमकी देते रहता है और कहता है कि मुझे हॉल दे दो. हम पंचों का फैसला तथा थाना पुलिस को नहीं मानते हैं.

## बोकारो : करंट की चपेट में आने से दुकानदार की मौत

**संवाददाता । बोकारो**

चास के जोधडीह मोड़ स्थित मोबाइल दुकान चलाने वाले विष्णु शर्मा (40) की मौत करंट की चपेट में आकर हो गई. घटना बुधवार की है. दुकानदार विष्णु अपने गांव नावाडीह से मोबाइल दुकान खोलने के लिए आया था. जब वह दुकान खोलने के लिए शटर उठाने लगा, उसी दौरान बेहोश होकर गिर पड़ा. यह देखकर आस-पास के दुकानदार उसे उठाकर एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी मौत हो गई. इसकी सूचना लोगों ने घरवालों के साथ चास पुलिस की दी. पड़ोस के दुकानदारों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण शटर भींगा हुआ था, वहीं एक बिजली की तार शटर से सट गया था, जिसे विष्णु ने नहीं देखा और दुकान की शटर खोलने लगा. इस दौरान वह करंट के संपर्क में आ गया. घटना के बाद परिजनों में मातम है. वह अपने घर का इकलौता कमाने वाला था. हादसे के बाद उसके रिश्तेदारों की भीड़ थाना में लग गई. वहीं, चास पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है.



विष्णु शर्मा की मोबाइल दुकान.

### नाले से प्लास्टिक निकाल रहे अधेड़ पर गिरी चहारदीवारी, मौत

**पलामू।** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के निमियां गांव में नाले में फंसी प्लास्टिक को निकालने के दौरान चहारदीवारी गिर जाने से उसके मलबे में दबकर एक अधेड़ की मौत हो गई. अधेड़ की पहचान 45 वर्षीय निर्जल कुमार सिंह के रूप में हुई है. घटना मंगलवार की देर रात बताई गई है. बताया जाता है कि निर्जल कुमार सिंह के घर के बगल से नाला बहता है. नाले में प्लास्टिक फंस गई थी. पानी निर्जल के घर में सीपेज कर रहा था. फंसी प्लास्टिक को निकालने के लिए मंगलवार की रात करीब एक बजे निर्जल नाले की सफाई कर रहे थे. इसी दौरान चहारदीवारी गिर गई, जिसके मलबे में कई घंटे तक निर्जल दबे रहे. सुबह करीब 4.30 बजे उनकी मां ने खोजबीन की तो देखा गया कि नाले के पास मलबे में निर्जल दबे हुए हैं. सिर पर पिलर गिर गया था. उनकी सांस चल रही थी. उन्हें एमएमसीएच ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई.

## हाउसिंग कॉलोनी के मकान से दो लाख का सामान चोरी

**संवाददाता । मैथन**

चिरकुंडा थाना क्षेत्र के तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी स्थित सेवानिवृत्त ईसीएल कर्मी अनिल झा के बंद पड़े मकान से चोरों ने जेवरात सहित करीब दो लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली. सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह पहुंचे और घटना की जांच की. भुक्तभोगी मकान में ताला बंद कर सपरिवार पैतृक गांव तारापुर मुंगेर गये थे. पड़ोसियों ने ताला टूटने की खबर दी तो तालडांगा पहुंचे. देखा कि मकान के सभी दरवाजे का ताला टूटा हुआ है.

चोरों ने जेवरात सहित करीब दो लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया है. इस संबंध में भुक्तभोगी ने बुधवार को चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि वह करीब बीस दिन पहले मकान में ताला बंद कर तारापुर मुंगेर अपने पैतृक गांव गए थे. पड़ोसियों की सूचना पर वह मंगलवार की शाम तालडांगा पहुंचे, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है. घर के अंदर अलमीरा भी टूटा हुआ है और उसमें रखे सोना के चार जोड़ा कानबाली, दो जोड़ा नाक का नथनी, एक चांदी का कमरधनी, दो जोड़ा पायल, आधा किलो चांदी की दुर्गा माता, कांसा व पीतल के बर्तन, स्टैंड फैन, चार पीस बनारसी साड़ी आदि सामान की चोरी हो गई है.



### दहेज हत्या का आरोपी अभी तक फरार

**जमशेदपुर।** गोलमुरी टुईलाडुंगरी निवासी सोनम परवीन की दहेज के लिए हत्या कर दी गई थी. इस घटना के दो साल गुजर जाने के बाद भी पुलिस अब तक हत्या के आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है. इसको लेकर बुधवार को सोनम के परिजन एसएसपी से मिलने पहुंचे. परिजनों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है.

जानकारी देते हुए सोनम के पिता नुरुल हक ने बताया कि 7 मार्च को उनकी बेटी की शादी टुईलाडुंगरी निवासी सफदर खान से हुई थी. शादी के समय ससुराल वालों को दहेज दिया था. बावजूद इसके शादी के बाद भी ससुराल पक्ष दहेज के लिए मारपीट करता था. 29 सितंबर 2021 को ससुराल वालों ने फोन कर जानकारी दी कि सोनम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. इस मामले में उनके द्वारा गोलमुरी थाना में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया था. मामला दर्ज होने के दो साल बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है. अब उन्हें केस उठाने की धमकी दी जा रही है.

### गुमला की नेतरहाट घाटी में हुआ हादसा

## बॉक्साइट लदा ट्रक पलटा दो की मौत, छह घायल

**संवाददाता । गुमला**

जिले के बिशुनपुर प्रखंड के नेतरहाट घाटी स्थित जोहन डेरा के समीप बुधवार सुबह बॉक्साइट लदा ट्रक पांच सौ फुट नीचे खाई में गिर गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

मिली जानकारी के अनुसार कुजाम पाठ से माइंस ट्रक बॉक्साइट लोड कर लोहरदगा जा रहा था. ट्रक में चालक सहित आठ व्यक्ति सवार थे. गाड़ी के नेतरहाट घाटी स्थित जोहन डेरा के समीप एक संकरे घुमावदार तीखे मोड़ के पास पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया. ट्रक लगभग 500 फीट नीचे खाई में जा गिरा. गाड़ी में सवार दो लोगों ज्योतिष मुंडा एवं सयुब मियां की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुर पुलिस एवं गुरदरी पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायलों में लोहरदगा निवासी नदीम अंसारी, कोरकोट निवासी जॉनसन ठिठियो, पोलपोल पाठ निवासी डेविड असुर, नीलिमा असुर, कोरकोट निवासी कमला ठिठियो, लूटो कोटा निवासी नौशाद अंसारी को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला. सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया.



### सवा करोड़ रुपये घोटाला के आरोपी को भेजा गया जेल

**धनबाद।** प्राची इंटरप्राइजेज व महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज के मालिक नरेश अग्रवाल से सवा करोड़ रुपये का कोयला लेकर घोटाला करने का आरोपी गर्वित खंडेलवाल को गोविंदपुर पुलिस ने बुधवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी आंध्र फिरो एंड एलॉयज इंडस्ट्रीज का मलिक बताया जाता है. वर्ष 2017 में अधिवक्ता विकास कुमार भुवानिया द्वारा अदालत में शिकायत वाद दाखिल कर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया था. महेश अग्रवाल द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उसने आरोपी को सवा करोड़ रुपये का कोयला भेजा था. परंतु उसने पैसा नहीं दिया. गोविंदपुर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी. विशाखापट्टनम व अन्य स्थानों पर भी छापामारी की गई थी. दिल्ली पुलिस की मदद से गोविंदपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया.

**आगाज** 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ आगाज, मंत्री आलमगीर आलम बोले-

# नक्सली घटनाओं को रोकने में हमारी पुलिस है सक्षम

**संवाददाता । रांची**

18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का शानदार आगाज बुधवार को किया गया. रांची के डोरंडा स्थित जैप वन ग्राउंड में बतौर चीफ गेस्ट झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम पहुंचे. कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महिला वाहिनी की तरफ से परेड प्रस्तुत किया गया. साथ ही डॉग स्क्वॉड द्वारा अपराधी को कैसे पकड़ा जाता है, यह भी प्रस्तुत किया गया. एटीएस कैसे आतंकवादियों से लड़ कर आम नागरिकों की सुरक्षा करती है, यह भी प्रस्तुत किया गया.

**राज्य में किसी तरह का कोई डर का माहौल नहीं : आलमगीर**

इसके बाद आलमगीर आलम ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड पुलिस आतंकवाद को रोकने या फिर राज्य में हो रही नक्सली घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आई है.

कई ऐसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं, जहां झारखंड पुलिस के जवान नक्सलियों से लड़ने या फिर झारखंड में नक्सली प्रभाव को कम करने में सक्षम रही है. झारखंड पुलिस के जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस के जवान राज्य की सुरक्षा को लेकर हमेशा तत्पर रहे हैं. बाद में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बिहार से अलग होने के बाद झारखंड के पास कुछ भी नहीं था. ना ढंग का पुल था, न सड़क थी. लेकिन उनकी सरकार बनने के बाद झारखंड में विकास हुआ है. झारखंड में आप कोई भी जिले चले जाएं, किसी तरह का कोई डर का माहौल नहीं है. यह झारखंड पुलिस के योगदान से ही संभव हो पाया है.



**खास बातें**

- रांची के डोरंडा स्थित जैप वन ग्राउंड में हुआ कार्यक्रम
- झारखंड एटीएस पूरी तरह एक्टिव मोड में है

**स्लीपर सेल को लेकर एटीएस सक्रिय :** झारखंड में अक्सर आतंकवादियों की स्लीपर सेल काम करती आ रही है. जिसको लेकर झारखंड एटीएस पूरी तरह एक्टिव मोड में है. आतंकी खतरे को देखते हुए एंटी टेररिस्ट स्कॉट का गठन हुआ है.

**अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही :** झारखंड पुलिस के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि, झारखंड पुलिस पूरी तत्परता के साथ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. राज्य में जो आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है. राज्य की सुरक्षा कैसे हो, इसको लेकर हमलोग लगातार बैठक कर रहे हैं. चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.

## गल्ला व्यापारी से लूट मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार



**संवाददाता । साहिबगंज**

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महाजन पट्टी, गुड़ बाजार में गत 1 अक्टूबर की रात गल्ला व्यापारी से हुई ढाई लाख रुपये की लूट मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है. पुलिस कप्तान नौशाद आलम ने बताया कि गल्ला व्यापारी गिरिवर तम्बाखूवाला के मकान सह दुकान से अपराधियों ने हथियार के बल पर गल्ला सहित ढाई लाख रुपये लूट लिए थे. मामले में नगर थाना में कांड संख्या 101/23 दर्ज करते हुए एसडीपीओ राजेंद्र दूबे के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था. इस एसआईटी ने अपराध में शामिल जिरवाबाड़ी ओपी निवासी तालिब कुरैशी, एलसी रोड निवासी मो शहबाज व मो कुदरत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनके पास से 2 देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस, एक बाइक, 2 मोबाइल फोन, 1 गल्ला, नकद 37200 रुपये, 1 मोबाइल, कपड़ा आदि बरामद किया है. युवक मो शहबाज पर राजमहल थाना में कांड संख्या 160/21 दर्ज है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही उत्तम फल प्रदान करेगा. भाई बहन के सहयोग का समय है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. अन्न दान करें.

**वृषभ** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी.

**मिथुन** प्रसन्नता रहेगी. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** धार्मिक यात्रा का योग है. साथ ही व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**सिंह** आय अच्छी होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी.

**कन्या** धर्म कर्म में मन लगेगा. कार्य में सफल रहेंगे, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी.

**तुला** किसी से विवाद हो सकता है. कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं.

**वृश्चिक** किसी से बिना वजह कहासुनी हो सकती है. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा.

**धनु** अपनों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** व्यापार के लिए समय बहुत ही उत्तम है. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. कार्य के प्रभाव से धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें.

**कुंभ** संतान के लिए किए गए कार्य का लाभ मिलेगा. पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा वाले विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. गायत्री मंत्र का जाप करें.

**मीन** समय सामान्य है. माता को कष्ट होगा. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. शिवलिंग पर जलाभिषेक करें.

### 40 फीट ऊंचे रावण का जलेगा पुतला

**बोकारो।** विजयादशमी को सेक्टर-5 पुस्तकालय मैदान आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर पूजा कमेटी की बैठक सिटी सेंटर स्थित एक होटल में शिव कुमार अग्रवाल के अध्यक्षता में हुई. इसमें 15 साल बाद होने वाले रावण दहन कार्यक्रम पर चर्चा की गई. वक्ताओं ने कहा कि मैदान में रावण दहन कार्यक्रम संध्या 3 बजे से किया जाएगा. 35 से 40 फीट की रावण की प्रतिमा पश्चिम बंगाल के कलाकार तैयार कर रहे हैं. इसमें आतिशबाजी के अलावा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. बैठक में राजेश्वर सिंह, शंभू नाथ सिंह, नवीन कुमार सिंह, कमलनाथ, अजय कुमार सिंह, कुंदन कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### डीसी को समस्याओं से कराया अवगत

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के नेतृत्व में बुधवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से उनके कार्यालय में मुलाकात की. इस दौरान उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर शहरी, अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्गा पूजा समितियों की समस्याओं से अवगत करया. मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर भी उपस्थित थे. प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जादूगोड़ा मऊभंडार सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विसर्जन घाटों की बदहाली है. छोटी पूजा समितियां हैं उन्हें सीसीटीवी कैमरा लगाने से छूट देने, कॉर्पोरेट संस्थाओं से छोटे पूजा पंडालों में राशन की व्यवस्था करने की मांग प्रमुखता से रखी.

### याद किए गए शहीद एसपी अजय कुमार

**लोहरदगा :** शहर में स्थित अजय उद्यान में शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी. शहीद एसपी की याद में लोहरदगा ब्लॉक परिसर स्थित नगर भवन में व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया. इस मौके पर डीडीसी, एसपी, एसडीओ सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा शहर के लोग मौजूद थे.

# 'भारत हिन्दुओं का देश' पुस्तक का लोकार्पण

संवाददाता | जमशेदपुर

टाटा स्टील से 37 वर्षों की सेवा के बाद अवकाश प्राप्त अधिकारी एवं सामाजिक न्याय संघर्ष मोर्चा के संस्थापक 85 वर्षीय राम भगवान राय 'भारत हिन्दुओं का देश' विषय पर एक पुस्तक लिखी है. इस पुस्तक का बुधवार को लोकार्पण किया गया. समारोह का आयोजन साकची बारी मैदान क्लब हाउस में किया गया. पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि दुमका में पदस्थापित झारखंड सरकार के बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार ने किया. समारोह में उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म समभाव व सामाजिक सद्भाव के साथ सदैव ''वसुधैव कुटुम्बकम'' का ध्वज वाहक रहा है. यही वजह है कि सभी धर्मों के प्रति आदर रखते हुए सृष्टि में सभी प्राणियों के प्रति दया, करुणा और प्रेम का भाव सनातन की परंपरा रही है. हिन्दू धर्म पूरी दुनिया को अपना परिवार मानता है.



पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण.

इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विजय सिंह ने कहा कि हिन्दू धर्म जीवन पूरी तरह से वैज्ञानिकता पर आधारित है. इसी वजह से हमारे जन्म संस्कार, विवाह संस्कार, पूजा पद्धति, आचरण, सभ्यता संस्कृति, पहनावा, खान-पान को आज पश्चिमी देश आत्मसात कर रहे हैं. 'भारत हिन्दुओं का देश' पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राम भगवान राय द्वारा लिखित इस पुस्तक में हिन्दू धर्म के व्यापक सार्वभौम ध्येय 'वसुधैव कुटुम्बकम' को उद्धृत करते हुए सर्वधर्म समभाव समादर का भाव लेखक ने प्रस्तुत किया है.

समारोह का संचालन करते हुए जमशेदपुर (पूर्वी सिहभूम) से लोकदल के टिकट पर संसदीय चुनाव लड़ चुके, पुस्तक के वयोवृद्ध रचनाकार राम भगवान राय ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने हिन्दू धर्म की व्यापक उदार विचारधारा व शाश्वत वैश्विक दृष्टिकोण को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास किया है. बारिश के बावजूद काफी संख्या में पुस्तक प्रेमी समारोह में उपस्थित थे. समारोह में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के राजकिशोर यादव, उषा यादव, समाजसेवी बीरेंद्र सिंह, न्यायिक सेवा अधिकारी जगदीश व रमन चौधरी ने भी संबोधित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उजागर यादव ने किया.

आओ जानें

## तपोवन की गुफाएं और पहाड़ी

| | |
|---|---|
| परिचय | झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल. |
| स्थान | तपोवन झारखंड राज्य में देवघर के करीब है. तपोवन कि यह गुफाएं देवघर से केवल आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, और यहां पर हिंदू और जैन कई गुफाएं हैं. गुफाओं और पहाड़ियों की एक श्रृंखला के रूप में यह स्थान तपोवन झारखंड में देवघर शहर का एक मुख्य स्थल में से एक है. |
| स्थिति | यहां बहुत सी हिंदू और जैन गुफाएं हैं, जो गुप्त काल में बनी हुई हैं. वैसे तो यहां पर बहुत सी गुफाएं हैं और कुछ गुफाओं का निर्माण काल अलग भी हो सकता है, लेकिन इनमें से ज्यादातर गुफाएं गुप्त राजाओं द्वारा बनाई गई हैं. |
| वास्तुकला | गुफाओं में कई सुंदर-सुंदर मूर्तियां हैं. यहां गुफाओं को वास्तुकला से सजाया गया है. गुफाओं का अति प्राचीन होने की वजह से ज्यादातर कारीगरी छिन्न-भिन्न हो चुकी है, लेकिन अभी भी गुफा की खूबसूरती बरकरार है. |
| इतिहास | प्राचीन काल में योगी तथा ऋषि मुनि इस स्थान पर तपस्या करते थे, जिस कारण से इस स्थान को तपोभूमि भी कहा जाता है. यहां पर स्थित गुफाओं में शिवलिंग भी स्थापित है जिस की मान्यता है कि यहां पर ऋषि वाल्मीकि तपस्या करने के लिए आया करते थे. इस कारण से यह एक आध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक स्थल भी है. |



**तैयारी : जेसीआई की ओर से 12 से 16 अक्टूबर तक एक्पो 2023**

# मोरहाबादी में एक्सपो उत्सव के लिए भूमिपूजन

संवाददाता। रांची

जेसीआई रांची के तत्वावधान में आगामी 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक एक्सपो उत्सव 2023 का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी हैं.इसी क्रम में बुधवार को मोरहाबादी मैदान में एक्सपो उत्सव की नींव रखी गयी. जेसीआई रांची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने अपनी पत्नी ऋचा राजगढ़िया के साथ मिलकर भूमि पूजन किया. इसके बाद मोरहाबादी मैदान में टेंट, हैंगर एवं स्टॉल निर्माण का कार्य आरंभ हो गया है.

एक्सपो के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि एक्सपो उत्सव 2023 के मुख्य संयोजक संजय जैन एवं सह संयोजक प्रतीक जैन, सनी केडिया व राहुल टिबड़ेवाल हैं. टाइटल स्पॉन्सर अदिति ओरो डेंटल केयर, शैलबाए डिवाइन, अनअकैडमी एवं एसोसिएट पार्टनर तेजस्विनी कंस्ट्रक्शन, फोटोन गैलेक्सी, बागला सिक्योरिटीज एंड ऑटोमेशन, अल्पाइन मैंगो टैंगो, कैफिनेटर्स, बालाजी नमकीन, एआरबी फोटोग्राफी एवं स्वर्ण भूमि बैंक्वेट है. कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका नवीन गाड़ोदिया ने निभायी. पूजन के अवसर पर वीणा अग्रवाल, अमिता केडिया, सचिव तरुण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक केडिया, विजय पटेल, आनंद धानुका, नारायण मुरारका, अभिनव मंत्री , राकेश जैन व सदस्य सुशील केडिया, विनय मंत्री, पीयूष केडिया,रोबिन गुप्ता,निखिल अग्रवाल, देवेश जैन, रवि आनंद, अंकित अग्रवाल, आदित्य जालान, रौनक़ जैन व अन्य लोग मौजूद थे.



भूमि पूजन करते जेसीआई अध्यक्ष अरविंद राजगढिया एवं उनकी धर्मपत्नी ऋचा राजगढ़िया

### लगेंगे 300 से अधिक स्टॉल

अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि जिसमें 300 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल जगाएंगे, जो रांची वासियों के लिए एक नए अनुभव का केंद्र होगा. इस बार टेंट हैंगर और स्टॉल में काफ़ी कुछ नया देखने को मिलेगा. हैंगर के अंदर लोगों के लिए चलने की जगह काफी बड़ी की जा रही है, ताकि भीड़ में भी कोई दिक्कत नहीं आये. उन्होंने बताया कि इस वर्ष बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क, फनगोला एवं मिडनाइट कार्निवल का भी आयोजन होगा. इसके साथ ही ऑटोजोन, होम डेकोर, रियल एस्टेट, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार, लेडीज कॉर्नर, फूड कोर्ट व अन्य सभी तरह के स्टॉल लेकर आ रहे हैं.

### हर दिन अलग प्रतियोगिता

सचिव तरुण अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में हर दिन अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हर वर्ग के लोग हिस्सा ले सकेंगे. जैसे मिसेज़ एक्सपो राँची, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, वॉइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे. इसके साथ ही इस बार एक्सपो में लोगों को एंटरप्रेन्योरशिप पर मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा द्वारा ट्रेनिंग करायी जाएगी.

### सुंदर नदी में जिउतिया स्नान

**गोड्डा।** संतान लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए तीन दिनों तक चलनेवाले जीवित्पुत्रिका पर्व की शुरुआत 4 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ हो गई. इस पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित सुंदर नदी के तट पर सुबह से ही व्रती महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी थी. हजारों की संख्या में महिलाओं ने सुंदर नदी में स्नान कर पूजा-पाठ किया.

## शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत

संवाददाता। रांची

बजरंगदल शौर्य जागरण रथ यात्रा का बुधवार को सोनारी राम मंदिर और कदमा रंकिणी मंदिर में राम भक्तों ने पुष्पवर्षा तथा मिठाई बांटकर भव्य स्वागत किया. मौके पर सेवा भारती के प्रसेनजीत तिवारी ने कहा कि इस शौर्य जागरण रथ यात्रा का उद्देश्य हिंदुओ को उनके बलिदान और त्याग के संबंध में बताना है. उन्होंने कहा कि अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के आंदोलन में हिंदू समाज के 500 वर्षों के बलिदान और शौर्य महत्वपूर्ण है. अयोध्या का राम मंदिर आने वाली पीढी के लिए भी गौरव है. हिंदू समाज एक रहे, ताकि भारत देश को राष्ट्र विरोधी ताकतों से बचाया जा सके और हम हर चुनौतियों का सामना एक होकर करें.

इसी से राम राज्य की स्थापना की जा सकेगी. रथ स्वागत समिति का संचालन उत्तम कुमार दास, जीतेंद्र प्रमाणिक, सुभाष चटर्जी, प्रदीप सिंह, आकाश राज, शंभू प्रमाणिक, विवेक शर्मा, सुधा जौहरी, लक्की कर्मकार, साबरमल शर्मा, प्रकाश मिश्रा, शंकर राव, आदित्य वर्मा ने संयुक्त रूप से किया.

**ये थे उपस्थित :** इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, आजसू के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी मुन्ना सिंह, भाजपा नेता शंकर राव, धर्मेंद्र प्रसाद, रंजीत पंडित , रॉयल योगा संचालक जीतू , दीपल विश्वास, विहिप बजरंगदल के चंद्रिका भगत, गोपी राव, मनीष सिंह, चंदन दास, भोला लोहार, विभाग से जनार्दन पांडेय, प्रांतीय अधिकारी अवतार सिंह गांधी, बबली सोनम, पूनम रेड्डी, राजेश चौबे , अनिरुद्ध गिरि व अन्य कार्यकर्ताओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे.



### भजन-संकीर्तन के साथ चांडिल में नगर भ्रमण

**चांडिल।** अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास के पूर्व हिंदू समाज के मन में शौर्य जगाने के उद्देश्य से विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा पूरे भारत वर्ष में आयोजित शौर्य जागरण यात्रा बुधवार की शाम चांडिल पहुंची. रथ के साथ विहिप के जिला अध्यक्ष राजू चौधरी, जिला मंत्री अजय मिश्रा, विभाग पूर्णकालिक मिथिलेश महतो आदि चांडिल पहुंचे. चांडिल में जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष बाजे-गाजे के साथ रथ यात्रा का स्वागत किया. महंत इंद्रनंद सरस्वती ने भी जागरण यात्रा में शामिल होकर कर प्रभु श्रीराम का पूजन-दर्शन किया. शौर्य यात्रा के स्वागत में पहुंचे सभी राम भक्त जय श्रीराम का नारा लगा कर झूम रहे थे. इससे आसपास का वातावरण राममय हो गया था. चांडिल पहुंचे शौर्य जागरण यात्रा का नगर भ्रमण हुआ. चांडिल बस स्टैंड से शुरू होकर चांडिल बाजार होते हुए तांती बांध तक और डैम रोड होते हुए आदर्श कॉलोनी तक शौर्य जागरण यात्रा भ्रमण कराकर विवेकानंद केंद्र में पहुंचा. वहां सभी राम भक्तों ने प्रभु श्रीराम की महाआरती एवं भजन संकीर्तन किया. चांडिल बाजार में इसके पूर्व जागरण यात्रा में शामिल सभी अतिथियों को माला पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राम भक्त व नगरवासी शामिल हुए.

## जिउतिया पर्व का नहाय-खाय और उपवास को लेकर तैयारी

संवाददाता। धनबाद

संतान की लंबी आयु के लिए कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला जितिया पर्व का उपवास 7 अक्टूबर को होगा. यह जानकारी ज्योतिषाचार्य गिरधर गोपाल मिश्रा ने शुभम संदेश को दी. उन्होंने कहा कि सप्तमी युक्त अष्टमी तिथि का व्रत या उपवास करना शास्त्रों में निषेध माना गया है. इसलिए माताएं 7 अक्टूबर को जितिया व्रत का निर्जला उपवास करेंगी. शुभ मुहूर्त के अनुसार 6 अक्टूबर को नहाय खाय, 7 अक्टूबर को व्रत का निर्जला उपवास व 8 अक्टूबर को सूर्योदय के बाद 6:15 से 11:10 तक पारण होगा.
उल्लेखनीय है कि जितिया, जिसे जीवित्पुत्रिका और जिउतिया के नाम से भी जाना जाता है, सप्तमी तिथि को नहाय खाय से शुरू होता है तथा अष्टमी और नवमी तक चलता है. यह व्रत निर्जला होता है. माताएं इस दिन बगैर अन्न-पानी के भगवान जीमूतवाहन की पूजा करती हैं. कुश से बनी जीमूतवाहन भगवान की प्रतिमा के समक्ष धूप-दीप, चावल और पुष्प अर्पित किए जाते हैं. इसके अतिरिक्त, व्रत में गाय के गोबर व मिट्टी से चील और सियारिन की मूर्ति बनाई जाती है. पूजा करते हुए इनके माथे पर सिंदूर से टीका लगाते हैं.



पूजा समाप्ति के बाद जितिया व्रत की कथा सुनी जाती है, जो महाभारत काल से जुड़ी है. इस कथा के अनुसार महाभारत युद्ध के दौरान अश्वत्थामा ने अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रही संतान को मार दिया था तो श्रीकृष्ण ने अपनी शक्तियों से एक बार फिर उस संतान को जीवित कर दिया. जन्म के बाद इसी पुत्र का नाम जीवित्पुत्रिका रखा गया था.

### दुर्गा पूजा में पार्किंग स्थान चिह्नित करने की मांग

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में दुर्गा पूजा का त्योहार सफल बनाने हेतु आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में डीसी सरायकेला- खरसावां से मिला. उन्होंने पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु यथासंभव सभी पूजा पंडालों के निकट पार्किंग एवं दुकानों के लिए स्थान चिह्नित करने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने दुर्गा पूजा से पूर्व नगर निगम को सभी पूजा पंडालों एवं आसपास वृहत सफाई अभियान चलाने, पूजा पंडालों के पहुंच पथ की मरम्मत कराने एवं पूजा के दौरान प्रतिदिन पूजा पंडाल और नगर के विभिन्न मुख्य सड़कों की सफाई करने का निर्देश नगर निगम को देने की मांग की, ताकि पूजा तक सारी व्यवस्था पूरी हो जाए.

## 200 निर्धन बच्चों और महिलाओं के बीच भोजन का वितरण



संवाददाता। रांची

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को पितृपक्ष के षष्ठी श्राद्ध के अवसर पर 200 निर्धन बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के बीच भोजन का वितरण किया गया. वे बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष हेहल प्रखंड के पहाड़ टोली, मुंडा टोली, पाहन टोली एवं मंडप टोली से आये थे. भोजन में पूड़ी, सब्जी, मिठाई, खीर, पुलाव, दाल, फल शामिल थे. साथ ही बच्चों को कलर पेंसिल तथा ड्राइंग बुक भी दिये गये. वितरण वहां की सेवाधारी महिला किरण बाड़ा की देखरेख में संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया. इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, रमेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित थे.

### नेत्र चिकित्सा शिविर में 67 लोगों ने करायी जांच

**घाटशिला।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत लेदा गांव स्थित तिलका मांझी पुस्तकालय गीतिलडीह में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया. बांकी पंचायत के मुखिया फागु सोरेन के देखरेख में पूर्णिमा नेत्रालय की ओर से शिविर आयोजित हुआ. शिविर में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू उपस्थित थीं. उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. ग्रामीणों से आह्वान किया कि शिविर का लाभ अवश्य लें. पूर्णिमा नेत्रालय के अनुराग ने बताया कि 67 लोगों ने नेत्र जांच करायी. इसमें से 13 में मोतियाबिंद पाया गया. चिह्नित मरीजों का 5 अक्टूबर को निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा. पूर्णिमा नेत्रालय के वर्षा गुप्ता, रेणु और अनुराग ने मरीजों की जांच की.

**आयोजन** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच की ओर से साहित्यकारों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

# रामचंद्र शुक्ल की जयंती पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। रांची

हिंदी साहित्य के व्यवस्थित इतिहास के प्रथम लेखक, महान साहित्यकार और कवि आचार्य रामचंद्र शुक्ल की 139वीं जयंती के अवसर पर झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में ऑनलाइन संगोष्ठी सह शब्द भावांजलि आयोजित की गयी. कार्यक्रम की शुरुआत सुनीता कुमारी द्वारा मां शारदे की वंदना से हुई. मंच के सदस्य हिमकर श्याम ने मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जेबी पांडेय, संरक्षक विनय सरावगी एवं सभी रचनाकारों का स्वागत किया.
मुख्य अतिथि डॉ. पांडेय ने अपने अभिभाषण में मूर्धन्य साहित्यकार एवं समीक्षक आचार्य रामचंद्र शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनसे जुड़े संस्मरण सुनाए. समारोह की अध्यक्षता कर रहे निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक समीक्षा-कृतियों, हिंदी साहित्येतिहास लेखन की परंपरा और प्रसिद्ध अंग्रेजी समीक्षक टीएस इलियट और आचार्य रामचंद्र शुक्ल के काव्य प्रतिमानों की चर्चा की और कविता पाठ किया. मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार ने रामचंद्र शुक्ल को लेखन की सभी विधाओं का वरदहस्त बताया एवं इन्हें मां सरस्वती के प्रिय पुत्र की संज्ञा दी.
ओजस्वी कविता की अजस्र धारा बही इस मौके पर कृष्णा विश्वकर्मा बादल, ऋतुराज वर्षा, डॉ. मंजू सिन्हा, अनिता रश्मि, डॉ अंजेश कुमार, नरेश बंका, अर्पणा सिंह, डॉ. गौतम कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, अजीत कुमार प्रसाद आदि की कविताओं, हिमकर श्याम, कामेश्वर सिंह कामेश और राज रामगढ़ी की गजलों, बिनोद सिंह 'गहरवार' के मुक्तक, डॉ. रेणुबाला धार, डॉ.सुरिंदर कौर नीलम एवं डॉ. गीता सिन्हा गीतांजलि के गीतों एवं डॉ. शिवनंदन सिन्हा के नवगीत तथा ममता मनीष सिन्हा की शहीद भगत सिंह पर ओजस्वी कविता की अजस्र धारा बही.




**खास बातें**

- स्थानीय कवियों ने बहायी कविताओं की अजस्र धारा
- वक्ताओं ने आचार्य शुक्ल के कृतित्व पर डाला प्रकाश

हलुदबनी में हो समाज की बैठक, प्रबुद्ध जनों के साथ ग्रामीण भी हुए शामिल

# मानकी-मुंडा व्यवस्था पर हुई चर्चा

संवाददाता | जमशेदपुर

हलुदबनी स्थित सिद्धू कान्हू चौक के समीपस्थ लोहिया भवन में मंगलवार को आदिवासी 'हो' समाज की ओर से पारंपरिक सामाजिक स्वशासन मानकी-मुंडा व्यवस्था को सुचारु रूप देने तथा सुदृढ़ व संगठित करने के लिए हलुदबनी पंचायत क्षेत्र स्तर पर एक बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता समाजसेवी जयपाल सिरका ने की. बैठक में मानकी-मुंडा स्वाशासन से जुड़े पदधारक, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, रैयत एवं अन्य ग्रामीण शामिल हुए.

इस दौरान सिरका ने लोगों को मानकी-मुंडा व्यवस्था को सुचारू तथा सुदृढ़ व संगठित करने, ग्रामसभा की शक्तियों व अधिकार, पेसा कानून पर जानकारी साझा की. बैठक में स्वागत भाषण रैयत ढाटु हेंब्रम एवं धन्यवाद ज्ञापन मुंडा नेपा गागराई ने किया. इस अवसर पर मुंडा वीरू देवगम, मुंडा रामचंद्र तियु, मुंडा गंभीर सोय, मुंडा सोमय हेंब्रम, मुखिया सुमन सिरका, जलसहिया सीनी हेंब्रम, पूर्व मुखिया खत्री सिरका, दिउरी सनगी बिरूली समेत ग्रामीण दिउरी एंव डकुवा बडी संख्या में उपस्थित थे.



बैठक में शामिल मानकी-मुंडा स्वशासन से जुड़े लोग व सामाजिक कार्यकर्ता.

शुभम संदेश
www.lagatar.in
रांची, गुरुवार, 5 अक्टूबर, 2023
08-09

1975
वेस्टइंडीज



1979
वेस्टइंडीज



1983
भारत



1987
ऑस्ट्रेलिया



1992
पाकिस्तान



1996
श्रीलंका



1999
ऑस्ट्रेलिया



2003
ऑस्ट्रेलिया



2007
ऑस्ट्रेलिया



### यहां खेले जायेंगे मैच

| स्टेडियम | क्षमता |
|---|---|
| नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद | 132000 |
| ईडन गाउन्स स्टेडियम कोलकाता | 66000 |
| अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली | 55000 |
| इकाना स्टेडियम, लखनऊ | 50000) |
| राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद | 55000 |
| एम चित्रास्वामी स्टेडियम बेंगलुरू | 40000 |
| एमसीए पुणे | 37000 |
| वानखेड़े, मुंबई | 33000 |
| चेपॉक चेन्नई | 38000 |
| एचपीसीए धर्मशाला | 23000 |

### 12 विश्व कप का इतिहास

1975 - वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता
1979 - इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनीं वेस्टइंडीज की टीम
183 - भारत ने वेस्टइंडीज को खिताबी हैट्रीक लगाने से रोका
1987 - इंग्लैंड को हराकर पहली बार चैंपियन बना ऑस्ट्रेलिया
1992 - पाकिस्तान ने इंग्लैंड को हराकर विश्व कप खिताब जीता
1996 - श्रीलंका ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया
1999- एकतरफा फाइनल में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर विश्व चैंपियन बना ऑस्ट्रेलिया
2003 - भारत के मंसूबों पर पानी फेरते हुए ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरा खिताब जीता
2007 - ऑस्ट्रेलिया ने लगायी खिताबी हैट्रीक
2011- विश्व कप जीतने वाला पहला मेजबान देश बना भारत
2015 - पांचवी बार विश्व चैंपियन बना ऑस्ट्रेलिया
2019 - सुपर ओवर टाई होने के चौकों, छक्कों के आधार पर पहली बार चैंपियन बना इंग्लैंड

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप क्रिकेट गुरुवार से शुरू हो रहा है. बादशाहत की जंग के लिए दस टीमें पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने वाली है. भारत में आजोजित होने वाले इस वर्ल्ड कप में कुल 40 मुकाबले होंगे. आज पहला मुकाबला अहमदाबाद में होगा. संयोग देखिए यह मैच पिछली बार की विजेता इंग्लैंड और उप-विजेता न्यूजीलैंड के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. इसलिए संदेह नहीं कि यह मुकाबला रोमांच से भरा होगा. अनिश्चितता के इस खेल में इस प्रतियोगिता का बादशाह कौन होगा यह कहना मुश्किल है, लेकिन हाल के प्रदर्शन के आधार पर दावे जरुर किए जा सकते हैं. इस बार भारत को इसका प्रबल दावेदार माना जा रहा है. वैसे आस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका की टीमों के दमदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है. 45 दिनो तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की रंगीनियां अपने चरम पर होंगी.



## विश्व कप क्रिकेट का आगाज आज से

# बादशाहत की जंग शुरू

खेल संवाददाता। अहमदाबाद

सफेद गेंद के क्रिकेट की परिभाषा ही बदल देने वाले इंग्लैंड क्रिकेट की स्वर्णिम पीढ़ी के क्रिकेटर चोटों से प्रभावित न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार को यहां विश्व कप में अपने अभियान का आगाज करेंगे तो उनका इरादा 2019 फाइनल को दोहराने का होगा. इंग्लैंड की टीम युवा नहीं है, लेकिन जोस बटलर की कप्तानी में वह तीसरा विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है. टी-20 विश्व कप भी इंग्लैंड ने ही जीता था. दूसरी ओर अभी तक आईसीसी विश्व कप नहीं जीत सकी न्यूजीलैंड टीम के सामने कई समस्याएं हैं. कप्तान केन विलियमसन अभ्यास मैच खेलने के बावजूद पहला मैच नहीं खेल पायेंगे. वहीं तेज गेंदबाज टिम साउदी भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं. दोनों सर्जरी के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं. अहमदाबाद की पिच आम तौर पर बल्लेबाजों की मददगार होती है और इंग्लैंड के पास बेहतरीन बल्लेबाजों की पूरी जमात है. इसके अलावा बेन स्टोक्स भी संन्यास का फैसला वापिस लेकर लौट आये हैं. घुटने की दिक्कत के कारण वह भले ही बतौर गेंदबाज उतना योगदान नहीं दे सकेंगे लेकिन बड़े मैचों में वह कमाल करने में माहिर हैं. पिछले दो विश्व कप फाइनल (2019 और 2022) में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है. उनके अलावा इंग्लैंड के कप्तान लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, डेविड मलान और जो रूट जैसे बल्लेबाज भी हैं. इन सभी को आईपीएल में खेलने का फायदा मिलेगा.



सिर चढ़कर बोलेगा क्रिकेट का रोमांच

सहयोजन- आकर्ष अनिकेत
डिजाइनिंग- आदित्य सिंह

## इन 5 खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

क्रिकेट का सबसे बड़ा मुकाबला जब गुरुवार से खेला जाएगा तो इस पांच खिलाड़ियों पर खेल प्रेमियों की नजर टिकी रहेगी. कारण ये ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी मैच का रुख बदने का मादा रखते हैं. प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही इन खिलाड़ियों की चर्चा जोरों पर है. आइए डालते हैं इनपर एक नजर.

### 1 विराट कोहली



भारतीय क्रिकेट के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली 2023 एशिया कप में अपना कारनामा दिखा चुके हैं. पाकिस्तान के खिलाफ विराट का शतक सालों तक याद रखा जाएगा. विराट कोहली का यह आखिरी वर्ल्ड कप भी हो सकता है. विराट वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर हैं. 2011 में विराट ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम किया था.

### 2 बाबर आजम



पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम इस समय अपने खेल से चर्चा में हैं. वर्ल्ड कप के पहले वॉर्मअप मैचों में आजम ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने फॉर्म के प्रदर्शन कर चुके हैं. हालांकि, बाबर पहली बार भारत आए हैं. इसलिए हर कोई उनकी बल्लेबाजी देखना चाहेगा. बाबर जिस फॉर्म में हैं, उसे देखकर लगता है वह अपने टीम के लिए कुछ खास करने वाले हैं.

### 3 रोहित शर्मा



इस बार भी रोहित शर्मा की काफी चर्चा है. रोहित पिछले वर्ल्ड कप के हीरो रहे थे और इस बार भी कमाल कर सकते हैं. इंग्लैंड में खेले गए 2019 वर्ल्ड कप में रोहित ने पांच शतक लगाकर क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया था. इस बार भी रोहित के बल्ले से शतकों की झड़ी लग सकती है. वैसे भी रोहित ने वर्ल्ड कप से पहले ही बता दिया है कि वह आक्रामक बल्लेबाजी करेंगे. ऐसे में हर कोई उनकी बल्लेबाजी देखने के लिए उत्साहित है. रोहित मैच का रुख पलटने वाले खिलाड़ी हैं.

### 4 स्टीव स्मिथ



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ काफी चर्चा में हैं. हालांकि यह उनका आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है. वह इस विश्व कप में तीन नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे. पिछले दो वर्ल्ड कप में स्मिथ की बल्लेबाजी टीम के लिए काफी अहम कड़ी साबित हुए हैं. जानकारों का कहना है कि इस बार विश्व कप भारत में हो जा रहा है, तो ऐसे में स्मिथ की जरूरत टीम को और भी ज्यादा है. स्मिथ भारतीय पिचों पर आसानी से रन बनाने की काबिलियत रखते हैं. साथ ही हर तरह की गेंद को वह खेल सकते हैं. वर्ल्ड कप में सबकी नजरें स्मिथ के प्रदर्शन पर रहेगी.

### 5 बेन स्टोक्स



इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स की भी इस विश्व कप क्रिकेट के दौरान काफी चर्चा है. वह इंग्लैंड के भरोसेमंद खिलाड़ियों में एक हैं. बेन स्टोक्स ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपने संन्यास पर यूटर्न लिया है. जानकारों का कहना है कि स्टोक्स इस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए मध्यक्रम यानी चार नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं. कहा जाता है कि बेन स्टोक्स भारतीय पिचों से भलीभांति परिचित हैं और काफी अनुभवी माने जाते हैं. इसलिए बेन स्टोक्स इस विश्वकप में इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.

## कुछ रोचक

### विश्व कप के दौरान टूट सकते हैं ये रिकॉर्ड्स

**▪ श्रीनाथ व जहीर को पछाड़ सकते हैं शमी**

पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान और जवागल श्रीनाथ वर्तमान में वनडे विश्व कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट (44) लेने वाले गेंदबाज हैं. अपना तीसरा वनडे विश्व कप खेल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की नजर इन दोनों के रिकॉर्ड को तोड़ने पर होगी. शमी को जहीर-श्रीनाथ के इस प्रभावशाली रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए केवल 14 और विकेटों की आवश्यकता है. शमी ने अब तक 11 मैचों में 31 विकेट लिए हैं.

**▪ सचिन के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं गिल**

शुभमन गिल ने इस साल अब तक 20 वनडे पारियों में 1,230 रन बनाए हैं. अगर गिल को वनडे विश्व कप 2023 के दौरान 665 रन और बना लेते हैं तो वह एक कैलेंडर वर्ष में बनाए सचिन तेंदुलकर के 25 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ देंगे. तेंदुलकर ने वर्ष 1998 में 34 वनडे मैचों में 65.31 की औसत से 1,894 रन बनाए थे. उस साल उन्होंने वनडे में 9 शतक और 7 अर्धशतक जमाए थे.

**▪ छक्कों में गेल को पीछे छोड़ रकते हैं रोहित**

विस्फोटक बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक 471 पारियों में 551 छक्के लगाए हैं. भारतीय कप्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वेस्टइंडीज के पूर्व स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल के सर्वाधिक छक्कों (553) के रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 3 छक्के ही दूर हैं.

**▪ तेंदुलकर से रोहित एक शतक दूर**

रोहित ने अब तक वनडे विश्व कप में 6 शतक जमाए हैं. तेंदुलकर ने भी विश्व कप में इतने ही शतक जमाए थे. रोहित ने जहां महज 17 पारियों में इस संख्या को हासिल कर लिया था, वहीं तेंदुलकर ने विश्व कप में 6 शतक जमाने के लिए 44 पारियां खेलनी पड़ी थीं.

**▪ शतकों के अर्धशतक के करीब कोहली**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में अब तक 47 शतक लगा चुके हैं. वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक शतक जमाने का रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम दर्ज है. तेंदुलकर ने अपने वनडे करियर में 463 मैचों में 49 शतक जमाए थे. कोहली अगर विश्व कप में 3 और शतक जमा लेते हुए तो वह न केवल तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे, बल्कि 50 शतक शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर भी बन जाएंगे.

### पहली बार पूरे विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

विश्व कप इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि भारत पूरे विश्व कप की मेजबानी खुद करेगा. इससे पहले भारत ने 1987, 1996 और 2011 में विश्व कप की मेजबानी की थी, हालांकि उस वक्त भारत के साथ अन्य मेजबान देश भी शामिल थे. पर इस बार भारत अकेले इसकी मेजबानी कर रहा है.

### 2011 से मेजबान टीम रहीं है विश्व विजेता

भारत ने 2011 में श्रीलंका और बांग्लादेश के साथ संयुक्त रुप से विश्व कप की मेजबानी की थी. 2011 में पहली बार ऐसा हुआ था कि किसी मेजबान टीम ने विश्व कप का खिताब अपने नाम किया. इस विश्व कप में भारत ने फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को हराकर विश्व कप का खिताब जीता था.

## जीत के सवाल पर क्या कहते हैं रोहित

विश्व कप शुरू होने से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टीम से जुड़ा एक बयान आया है. यह बयान अपनी टीम के वर्ल्ड कप में चैंपियन बनने की उम्मीदों को लेकर है. हालांकि रोहित ने इसका जवाब थोड़ा घुमाकर दिया है. उन्होंने कहा है कि फिलहाल तो मैं यह चाहूंगा कि टीम के सभी खिलाड़ी पूरी तरह फिट और ठीक-ठाक रहें. जब रोहित शर्मा से पूछा गया कि क्या टीम इंडिया इस बार तीसरा वनडे वर्ल्ड कप अपनी झोली में डालने जा रही है, तो थोड़े चुप रहने के बाद तो हिटमैन ने कहा कि मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है. मैं यह कैसे कह सकता हूं. फिलहाल मैं बस यह उम्मीद कर सकता हूं कि टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान अच्छे हालात में रहे. हर कोई फिट और ठीक रहे. मैं बस यही आशा कर सकता हूं. मैं इससे आगे कुछ नहीं कह सकता. टीम का अच्छे हालात में रहना एक महत्वपूर्ण फैक्टर है और बेहद जरूरी भी है.

घरेलू परिस्थितियों के चलते भारतीय टीम वर्ल्ड कप फेवरेट मानी जा रही है. हाल ही में टीम इंडिया ने एशिया कप भी जीता है. इसके साथ ही इस साल हुई वनडे द्विपक्षीय सीरीज में भी टीम इंडिया का प्रदर्शन लाजवाब रहा है. भारतीय टीम फिलहाल आईसीसी वनडे रैंकिंग में भी नंबर-1 बनी हुई है. भारत के साथ-साथ इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान को भी वर्ल्ड कप जीतने के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है.

**टीम इंडिया 8 अक्टूबर से शुरू करेगी वर्ल्ड कप अभियान :** वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मुकाबले के साथ होगा. टीम इंडिया अपना वर्ल्ड कप अभियान 8 अक्टूबर से शुरू करेगी. इस दिन वह ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी.

## भारत - पाक मैच के टिकटों की मांग सबसे अधिक

वर्ल्ड कप क्रिकेट की मेजबानी इस बार भारत कर रहा है. भारत के कई शहरों में मैच आयोजित हो रहे हैं. भारत में वर्ल्ड कप होने की वजह से भारत के मैचों को देखने की चाहत सबसे अधिक है. इसमें भी भारत-पाकिस्तान के मैच की टिकट की मांग सबसे अधिक है. अन्य देशों के मैच के टिकटों की कीमत काफी कम हैं और बिना मुश्किल के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है. अगर टिकटों की कीमतों की बात की जाए तो टिकट 499 रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक में बिक रही है.

### टिकट मांगने वाले दोस्तों के लिए विराट का मैसेज

क्रिकेटर विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार बात शेयर की है. यह बात उनके दोस्तों से जुड़ी हुई है,जो इनसे बर्ल्ड कप के मैचों की टिकट की मांग की है. विराट ने दोस्तों को घर पर बैठकर मैच देखने की सलाह दी है. विराट के बाद अनुष्का शर्मा ने भी विराट की इंस्टा स्टोरी को शेयर करते हुए रोचक मैसेज लिखा है. विराट कोहली ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा है, कि मैं बड़ी विनम्रतापूर्वक अपने सभी दोस्तों को बताना चाहता हूं कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान मुझसे मैचों के टिकट की रिक्वेस्ट न करें. अपने घरों में बैठकर ही मैच का मजा ले.

### इंग्लैंड ने की है सर्वाधिक मेजबानी

1975 - इंग्लैंड
1979 - इंग्लैंड
1983 - इंग्लैंड
1987 - भारत, पाकिस्तान
1992 - ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड
1996 - भारत, पाकिस्तान , श्रीलंका
1999- इंग्लैंड, वेल्स
2003 - दक्षिण अफ्रीका
2007 - वेस्टइंडीज
2011 - भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश
2015 - ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड
2019 - इंग्लैंड



**▪ टीवी पर कैसे देखें वर्ल्ड कप**

अगर आप घर बैठकर अपने टीवी पर वर्ल्ड कप के मैचों को देखना चाहते हैं, तो आपको अपनी टीवी में स्टार स्पोर्ट्स चैनल लगाना होगा. इस बार क्रिकेट वर्ल्ड कप का ब्रॉडकास्टिंग राइट्स स्टार स्पोर्ट्स ने हासिल किया है, इसलिए आप स्टार स्पोर्ट्स के तमाम चैनल जैसे - स्टार स्पोर्ट्स 1, स्टार स्पोर्ट्स 2, स्टार स्पोर्ट्स एचडी, स्टार स्पोर्ट्स हिंदी, स्टार स्पोर्ट्स मराठी समेत कई अन्य भाषाओं के स्टार स्पोर्ट्स पर आप वर्ल्ड कप के मैचों को देख सकेंगे.

**▪ मोबाइल पर कैसे देखें वर्ल्ड कप**

क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर यह है कि अगर अगर आप घर या घर से बाहर कहीं भी, कभी भी वर्ल्ड कप के मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग देखना चाहते हैं, तो आपके फोन में डिज्नी प्लस हॉटस्टार होना चाहिए. आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर वर्ल्ड कप के सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग देख पाएंगे. इसमें एक खास बात यह है कि आपको वर्ल्ड कप के मैच देखने के लिए इस बार डिज्नी प्लस हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन खरीदने की भी कोई जरूरत नहीं है. आपको सिर्फ अपने मोबाइल फोन में डिज्नी प्लस हॉटस्टार ऐप डाउनलोड करना है, और स्पोर्ट्स सेक्शन में जाना है. वहां आपको एक भी रुपया खर्च किए बिना, वर्ल्ड कप के सभी मैच बिल्कुल मुफ्त देखने को मिलेंगे.

**▪ रेडियो पर वर्ल्ड कप की कमेंट्री**

अगर आप रेडियो पर वर्ल्ड कप मैचों की कमेंट्री सुनना चाहते हैं, तो आपको ऑल इंडिया रेडियो के डिजिटल चैनल - इंडियाः प्रसार भारती पर जाना होगा. इसके अलावा आप आईसीसी के ऑफिशियल डिजिटल ऑडियो पार्टनर डिजिटल 2 स्पोर्ट्स (डिजिटल 2 स्पोर्ट्स) पर भी वर्ल्ड कप मैचों की कमेंट्री सुन सकेंगे.

**10** शहरों में खेले जाएंगे विश्वकप के मुकाबले

**45** मैच विश्वकप के राउंड रोबिन लीग में खेले जाएंगे

10 टीमें **48** मुकाबले

**19** नवबर का अहमदाबाद में खेला जायेगा फाइनल

### विश्व कप का कार्यक्रम

| तारीख | मैच | स्थान |
|---|---|---|
| 5 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड | (अहमदाबाद) |
| 6 अक्टूबर | पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड | (हैदराबाद) |
| 7 अक्टूबर | बांग्लादेशबनाम अफगानिस्तान | (धर्मशाला) |
| 7 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका | (दिल्ली) |
| 8 अक्टूबर | भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया | (चेन्नई) |
| 9 अक्टूबर | न्यूजीलैंड बनाम नीदरलैंड | (हैदराबाद) |
| 10 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश | (धर्मशाला) |
| 10 अक्टूबर | पाकिस्तान बनाम श्रीलंका | (हैदराबाद) |
| 11 अक्टूबर | भारत बनाम अफगानिस्तान | (दिल्ली) |
| 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका | (लखनऊ) |
| 13 अक्टूबर | न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश | (चेन्नई) |
| 14 अक्टूबर | भारत बनाम पाकिस्तान | (अहमदाबाद) |
| 15 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान | (दिल्ली) |
| 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका | (लखनऊ) |
| 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका बनाम नीदरलैंड | (धर्मशाला) |
| 18 अक्टूबर | न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | (चेन्नई) |
| 19 अक्टूबर | भारत बनाम बांग्लादेश | (पुणे) |
| 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान | (बेंगलुरू) |
| 21 अक्टूबर | नीदरलैंड बनाम श्रीलंका | (लखनऊ) |
| 21 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | (मुंबई) |
| 22 अक्टूबर | भारत बनाम न्यूजीलैंड | (धर्मशाला) |
| 23 अक्टूबर | पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान | (चेन्नई) |
| 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | (मुंबई) |
| 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड | (दिल्ली) |
| 26 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम श्रीलंका | (बेंगलुरू) |
| 27 अक्टूबर | पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका | (चेन्नई) |
| 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड | (धर्मशाला) |
| 28 अक्टूबर | नीदरलैंड बनाम बांग्लादेश | (कोलकाता) |
| 29 अक्टूबर | भारत बनाम इंग्लैंड | (लखनऊ) |
| 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका | (पुणे) |
| 31 अक्टूबर | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश | (कोलकाता) |
| 1 नवंबर | न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | (पुणे) |
| 2 नवंबर | भारत बनाम श्रीलंका | (मुंबई) |
| 3 नवंबर | नीदरलैंड बनाम अफगानिस्तान | (लखनऊ) |
| 4 नवंबर | न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान | (बेंगलुरू) |
| 4 नवंबर | इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया | (अहमदाबाद) |
| 5 नवंबर | भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका | (कोलकाता) |
| 6 नवंबर | बांग्लादेश बनाम श्रीलंका | (दिल्ली) |
| 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान | (मुंबई) |
| 8 नवंबर | इंग्लैंड बनाम नीदरलैंड | (पुणे) |
| 9 नवंबर | न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका | (बेंगलुरू) |
| 10 नवंबर | द. अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान | (अहमदाबाद) |
| 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश | (पुणे) |
| 11 नवंबर | इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान | (कोलकाता) |
| 12 नवंबर | भारत बनाम नीदरलैंड | (बेंगलुरू) |
| 15 नवंबर | सेमीफाइनल 1 | (मुंबई) |
| 16 नवंबर | सेमीफाइनल 2 | (कोलकाता) |
| 19 नवंबर | फाइनल | (अहमदाबाद) |

सुबह के मैच 10.30 बजे से, दोपहर मैच 2.00 बजे से शुरू होंगे

### भारत के नाम सर्वाधिक गोल्डन बैट

| विश्व कप | बल्लेबाज | देश | रन |
|---|---|---|---|
| 1975 | ग्लेन टर्नर | न्यूजीलैंड | 333 |
| 1979 | गॉर्डन ग्रीनीज | वेस्टइंडीज | 253 |
| 1983 | डेविड गावर | इंग्लैंड | 384 |
| 1987 | ग्राहम गूच | इंग्लैंड | 471 |
| 1992 | मार्टिन क्रो | न्यूजीलैंड | 456 |
| 1996 | सचिन तेंदुलकर | भारत | 523 |
| 1999 | राहुल द्रविड़ | भारत | 461 |
| 2003 | सचिन तेंदुलकर | भारत | 673 |
| 2007 | मैथ्यू हेडन | ऑस्ट्रेलिया | 659 |
| 2011 | तिलकरत्ने दिलशान | श्रीलंका | 500 |
| 2015 | मार्टिन गुप्टिल | न्यूजीलैंड | 547 |
| 2019 | रोहित शर्मा | भारत | 648 |



### भारत-पाक एक्शन, थ्रिलर मुकाबला 14 अक्टूबर को

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को खेला जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच एक दिवसीय विश्व कप में अब तक कुल 7 मैच खेले गए है, सातों मैच में भारतीय टीम ने जीत हासिल की है और विश्व कप में पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है, इस बार भी भारतीय टीम की नजरें 14 अक्टूबर को होने वाली मैच में जीत हासिल कर पाकिस्तान पर दबदबा कायम करने की होगी.

### आज का मैच
## वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड के खिलाफ आज जीत से शुरुआत के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

विलियमसन और साउदी के अनुभव की न्यूजीलैंड को कमी खलेगी लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके हौसले बुलंद होंगे. न्यूजीलैंड टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप तथा 2021 टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची. डेरिल मिशेल फॉर्म में हैं और शीर्षक्रम पर डेवोन कॉनवे जैसा बेहतरीन बल्लेबाज है. कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम का खराब फॉर्म हालांकि चिंता का सबब है. उनके पास जिम्मी नीशाम और ग्लेन फिलिप्स जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं. विल यंग ने इस साल वनडे में 14 मैचों में 578 रन बनाये और तीसरे नंबर पर वह काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं.

2019
इंग्लैंड



2015
ऑस्ट्रेलिया



2011
भारत



## ब्रीफ खबरें

### नहीं सुधरा ट्रांसफार्मर तो होगा आंदोलन

**गिरिडीह।** जामतारा पंचायत के पिपराडीह में 20 दिन पूर्व 100 केवीए की ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा गांव अंधेरे में है, जबकि ग्रामीणों ने विभाग को इसकी सूचना दे दी है. ग्रामीणों की सूचना के बाद भी जब ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं हुई तो बुधवार को भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार पिपराडीह पहुंचे और बिजली समस्या की जानकारी ली. ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को सूचना देने के बाद भी 20 दिनों से गांव में ट्रांसफार्मर जलने के कारण बिजली बाधित है जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. भाजपा नेता ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने कार्यशैली में सुधार लाएं, नहीं तो भाजपा जनहित के लिए आंदोलन करने को बाध्य होगी.

### मेधा सम्मान समारोह में 80 विद्यार्थी सम्मानित

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में 4 अक्टूबर को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में शैक्षिक सत्र 2022-23 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक, इको फ्रेंडली, अनुशासन, नैतिक मूल्यों सहित स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल के शीर्ष पद पर सेवा देने वाले कुल 34 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. वहीं, डीपीएस बोकारो की ओर से विगत 34 वर्षों से आयोजित की जा रही आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता के विद्यालयवार व ओवरआल 45 विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया. इनमें झारखंड सहित बंगाल व ओडिशा के प्रतिभागी भी शामिल रहे.

### बारिश से जलमग्न हुआ बेंगाबाद लुप्पी पथ

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. बारिश की वजह से ग्रामीण सड़कों की स्थिति काफी बदहाल हो गई है. सड़कों पर जल जमाव हो गया है, जिस कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं सड़क पर बने गड्ढे में जल जमाव के कारण वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं. बेंगाबाद से लुप्पी जाने वाली सड़क का हाल बारिश के बाद और भी बिगड़ गई है. सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों व राहगीरों में काफी नाराज़गी और अविलंब सड़क की मरम्मती कराने की मांग की है.

### होटल का छज्जा गिरा, तीन जख्मी

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन रोड में बुधवार को मां काली होटल का छज्जा गिरने से तीन कर्मचारी जख्मी हो गए. सभी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. घायलों में तपन, लक्ष्मण व भगवान दास शामिल हैं. जानकारी के अनुसार पिछले तीन-चार दिनों की लगातार बारिश से होटल की छत व छज्जा पर पानी जम गया था. यहां शेरे पंजाब से लेकर भारत हिंदू होटल तक दोनों ओर एक दर्जन से आसपास होटल है. यह भवन लगभग चालीस वर्ष पहले रेलवे की ओर से बनाया गया था, जिसे लीज पर दिया गया है.

## पेज एक का शेष

### फर्जी दस्तावेज पर प्रीति इंटरप्राइजेज को 185 करोड़ ...

प्रीति इंटरप्राइजेज ने अरबों की जलापूर्ति योजना का काम फर्जी क्रेडेंशियल सर्टिफिकेट के आधार पर लिया है. अफसरों की कथित मिलीभगत से कंपनी फर्जी दस्तावेज के सहारे पेयजल विभाग में काम ले रही है. विभाग में इससे संबंधित शिकायतें कई बार हुईं, लेकिन अफसरों ने कार्रवाई नहीं की. ईडी को दी गई शिकायत में बताया गया है कि प्रीति इंटरप्राइजेज द्वारा जो क्रेडेंशियल सर्टिफिकेट (नंबर 1269) पेयजल विभाग में जमा किया गया है, वह नौ दिसंबर 2022 का है, वह पूरी तरह से फैब्रिकेटेड है.

प्रीति इंटरप्राइजेज ने पेयजल विभाग में पहला काम 2019 में पोड़ाहाट सोनुवा में अन्य दो लोगों के साथ मिलकर लिया था. 2019 से पहले कंपनी ने कभी पेयजल विभाग में काम ही नहीं किया था. काम लेने से पहले कंपनी ने 11 फरवरी 2019 को एग्रीमेंट किया था, जिसमें वह 25 प्रतिशत की पार्टनर थी. वर्तमान में उस 25 प्रतिशत को फर्जीवाड़ा कर 50 प्रतिशत बताया जा रहा है. उसी आधार पर पेयजल विभाग के अफसरों से सांठगांठ कर करोड़ों का काम लिया जा रहा है.

# सीएसआईआर-एनएमएल ने मनाया 82वां स्थापना दिवस

संवाददाता। जमशेदपुर



वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)- राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) ने बुधवार को बर्मामाइंस स्थित एनएमएल सभागार में 82वां स्थापना दिवस मनाया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची सेल आरडीसीआईएस के कार्यकारी निदेशक निर्भीक बनर्जी, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ एनसी मुर्मू, और प्रशासनिक अधिकारी आदित्य मैनक उपस्थित रहे. समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई. इस दौरान निदेशक डॉ एनसी मुर्मू ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, एनएमएल के सेवानिवृत्त कार्मिकों, वैज्ञानिकों और आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया. मुख्य अतिथि निर्भीक बनर्जी ने "भारतीय इस्पात उद्योग के डी- कार्बोनाइजेशन की दिशा में चुनौतियां" विषय पर व्याख्यान दिया. स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मचारियों के लिए निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

**सेल के साथ किया समझौता :** सीएसआईआर ने स्थापना दिवस समारोह में स्टील स्ट्रिप्स के लिए जींक, एल्यूमिनियम और मैग्नीशिनम आधारित हॉट डिप कोटिंग के विकास पर आरडीसीआईएस, सेल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया. समझौते पर सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ एन सी मुर्मू और आरडीसीआईएस, सेल के कार्यकारी निदेशक निर्भीक बनर्जी ने हस्ताक्षर किए. इस विशेष दिन पर दो सीएसआईआर-एनएमएल प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित किया गया.

### निबंध प्रतियोगिता के विजेता

- हिंदी : प्रथम पुरस्कार-सोमनाथ दास, द्वितीय पुरस्कार-अमित प्रकाश, तृतीय पुरस्कार-शशिकांत चौधरी.
- अंग्रेज़ी : प्रथम पुरस्कार-एलिफ़ कुम्हार, द्वितीय पुरस्कार-चंदन कुमार चौधरी, तृतीय पुरस्कार-डॉ मिनाती कुमारी साहू.

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता

- विजेता- चंदन कुमार चौधरी एवं डॉ मिनाती कुमारी साहू
- उपविजेता (1) : डॉ आलोक कुमार मेहर और वेद प्रकाश
- उपविजेता (2) : डॉ संजय अग्रवाल और अभिषेक कुमार सिंह

### मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

मौके पर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया. इनमें सिनियर सेकेंड्री में अभिषेक कुमार साहू (95.33% अंक), सौम्यजीत घोष (95.0% अंक), देबजीत घोष (94.0% अंक) को पुरस्कृत किया गया. इसके अलावा 2023 में अखिल भारतीय प्रतियोगिता उत्तीर्ण करने के बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी / एनआईटी) में प्रवेश पाने के लिए स्तुति दास, सौम्यजीत घोष को पुरस्कृत किया गया.

## आओ जानें

### झारखंड सामान्य ज्ञान

- नगर उंटारी स्थित वंशीधर मंदिर का मंदिर का निर्माण किसने कराया ? - महारानी शिवमणि कुंवर
- माघी मेला किस नदी के किनारे लगता है ? -गंगा नदी
- किस ग्रंथ से सिंहवंशियों का इतिहास पता चलता है ? -वंश प्रभा लेख
- खखपरता शिव मंदिर किस जिले में है ? -लोहरदग्गा
- झारखंड के किस नृत्य में महिलाएँ कलश लेके नृत्य करती है ? -करसा
- चेतन जोशी किस वाद्ययंत्र के प्रसिद्ध वादक है ? -बांसुरी
- बिरसा मुंडा ने किसे उलगुलान में धार्मिक प्रधान बनाया ? -सोमा मुंडा
- वनचरीजोर गांव का संबंध किस विद्रोह से है ? -तिलका विद्रोह
- बिंझिया जनजाति में वधुमूल्य को क्या कहा जाता है ? -डाली कटारी
- झारखण्ड में ग्लाइडर फ़्लाइंग अकादमी कहाँ है ? -दुमका

झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने अल्बर्ट एक्का चौक पर किया प्रदर्शन

# पत्रकारों की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या: सुरेंद्र

- अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करने की साजिश बंद करो : झारखंड श्रमिक पत्रकार यूनियन

संवाददाता। रांची





झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का विरोध प्रदर्शन.

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले बुधवार को पत्रकारों ने दिल्ली में न्यूज क्लिक वेबसाइट के फाउंडर समेत दो पत्रकारों की गिरफ्तारी के खिलाफ रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप विरोध-प्रदर्शन किया. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि पत्रकारों की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है. इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच होनी चाहिए. कोई भी पत्रकार अगर किसी मामले में संदिग्ध पाए जाते हैं तो पहले उसकी पूरी जांच होनी चाहिए, उसके पश्चात ही गिरफ्तारी सुनिश्चित हो. जिस तरह से दिल्ली में कार्रवाई हुई है, उससे साफ जाहिर होता है कि जैसे बदले की भावना से कार्रवाई की गयी हो. इसकी जितना भी निंदा की जाए वह कम है. विरोध-प्रदर्शन को पत्रकार यूनियन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों ने अपना समर्थन दिया.

**लोकतंत्र को बचाने के लिए हों एकजुट :** झामुम के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी ने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी लोग एकजुट हैं. पत्रकार देश के चौथे स्तंभ होते हैं, इसे बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा. भुवनेश्वर केवट ने कहा कि पत्रकारों पर हमला स्वतंत्रता पर हमला है. इस आजादी को बचाने के लिए हम सभी लोग एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं.

**खास बातें**

- न्यूज क्लिक पर बदले की भावना से की गई कार्रवाई
- देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति बनी हुई है

### देश में लोकतंत्र व संविधान असुरक्षित : फैसल अनुराग

वरिष्ठ पत्रकार फैसल अनुराग ने कहा कि देश की आजादी, लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है. समाज के सभी तबकों को इस पर विचार करना होगा. वरिष्ठ पत्रकार किशलय जी ने कहा कि केंद्र सरकार बोलने की आजादी पर रोक लगाना चाहती है. सभी लोग मौन होकर इसे सह रहे हैं. एक-एक कर सबकी बारी आएगी जो भी सरकार के खिलाफ बोलने का प्रयास करेगा, उसे जेल भेजा जाएगा. इसलिए तमाम लोकतंत्र के प्रहरियों को एकजुट होने की जरूरत है. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के राज्य सचिव सुनील सिंह ने प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया. समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया. इस मौके पर उपाध्यक्ष परवेज कुरैशी, पत्रकार संजीत झा, प्रदीप ठाकुर, अमरेश कुमार, चंद्र प्रकाश रावत, गौरी रानी, रेखा कुमारी, मोनिका आर्य, अवधेश कुमार, रिजवान, मुर्शीद आलम, राजेंद्र तिवारी, पुष्कर महतो, जयशंकर चौधरी, अनुज तिवारी, श्यामल, जितेंद्र गुप्ता, योगेंद्र सिंह, नागेंद्र चौधरी, अरुण गुप्ता, अश्विनी शर्मा, गोपाल पांडेय, सहित कई बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठन के सदस्य मौजूद थे.

### देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति

सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति बन गयी है. पहले विपक्ष को ईडी और सीबीआई के माध्यम से डराने धमकाने और मानसिक रूप से कुंठित करने का प्रयास किया गया. अब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ समाज को सच्चाई का आइना दिखाने वाले पत्रकारों पर भी वही पैंतरा आजमाया जा रहा है. सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

# पलामू गो पालकों का हब व दूध की क्वालिटी सबसे बढ़िया : एमडी

विशेष संवाददाता। रांची



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू में 50 हजार लीटर की क्षमता वाले मेधा डेयरी प्लांट का शुभारंभ किया. इस प्लांट के शुरू होने के बाद अब पलामू दूध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा. गो पालकों के एक बड़े वर्ग को इससे फायदा मिलेगा. बाजार में पर्याप्त मात्रा में दूध उपलब्ध होगा. प्लांट के शुभारंभ के बाद मेधा डेयरी के एमडी सुधीर कुमार ने शुभम संदेश से खास बातचीत की.

**सवाल:** मेधा डेयरी के इस नये प्लांट से कितने गो पालकों को फायदा होगा?

**जवाब-** मेधा डेयरी ने पलामू में 50 हजार लीटर की क्षमता के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट के साथ 25 शीतक केंद्र भी बनाए हैं. पलामू और गढ़वा जिले के करीब 18 हजार किसान मेधा डेयरी के साथ जुड़ चुके हैं. पहले दिन ही 45 हजार लीटर दूध जमा हो गया. जल्द ही इस प्लांट की क्षमता 50 से बढ़ाकर 1 लाख लीटर किया जाएगा.



**सवाल:** क्या इस प्लांट से पलामू में पर्याप्त दूध उपलब्ध होगा?

**जवाब-** पलामू में गो पालकों का एक बड़ा वर्ग है. यहां के दूध की क्वालिटी भी बहुत अच्छी है, लेकिन मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट नहीं होने के कारण बाजार में पर्याप्त दूध उपलबध नहीं हो पाता था. अब यह समस्या खत्म हो जाएगी.

**सवाल:** इस नये प्लांट की क्या-क्या खूबियां हैं?

**जवाब-** यह मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से लैस है. यहां दूध की प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग की बेहतर सुविधा है. फिलहाल यहां दूध की पैकेजिंग होगी, लेकिन भविष्य में दही, पनीर, लस्सी, पेड़ा, राबड़ी एवं गुलाब जामुन का निर्माण कर बाजार में उतारा जायेगा.

**सवाल:** दूध के भंडारण की क्या व्यवस्था है?

**जवाब-** पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है. इसके पहले रांची, देवघर, कोडरमा, लातेहार, सारठ एवं साहिबगंज में प्रोसेसिंग प्लांट चल रहा है. लातेहार में बने मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता 10 हजार लीटर है. इस वजह से पूरे पलामू प्रमंडल में दूध की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही थी. जल्द ही 5-5 गांवों में एक शीतक केंद्र खोला जाएगा.

**सवाल:** अभी मेधा डेयरी पूरे राज्य में कितना लीटर दूध सप्लाई कर रही है?

**जवाब-** एमडी ने कहा कि मेधा डेयरी का पूरे राज्य में ढाई लाख लीटर दूध की सप्लाई कर रहा है. हमारी कोशिश है कि 5 साल में हम 5 लाख लीटर दूध की सप्लाई करें और 10 साल में उत्पादन की क्षमता 10 लाख लीटर पहुंचायें. मेधा डेयरी के साथ पूरे राज्य के 48 हजार किसान जुड़ चुके हैं, जल्द ही और किसानों को जोड़ा जाएगा.

### भारत गौरव सम्मान मिलने पर प्राचार्य का किया स्वागत

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी को भारत गौरव सम्मान-2023 मिलने पर बुधवार को कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सम्मिलित रूप से उनका स्वागत किया. सभी स्टाफ ने इस सम्मान को घाटशिला कॉलेज की उपलब्धि बताया.

### वन्यप्राणी कार्यक्रम का आयोजन, निकली प्रभातफेरी

**रामगढ़।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को हुरूमगढ़ा भुरकुंडा स्थित वन प्रक्षेत्र पतरातू में वन्यप्राणी सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन क्षेत्र पदाधिकारी पतरातू एके चौधरी मौजूद थे. इस दौरान रेंजर एके चौधरी के नेतृत्व में बेंच मार्क पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई. प्रभातफेरी के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा व अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरियाली कायम रखने की अपील की गई. साथ ही जल संरक्षण करने का भी आह्वान किया गया.

# मशीन वापस ले जाने का मजदूरों ने किया विरोध

संवाददाता। मैथन



आउटसोर्सिंग संचालक को मशीन ले जाने से रोकते मजदूर.

ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा कोलियरी से बुधवार को मजदूरों ने आउटसोर्सिंग संचालक द्वारा गाड़ी व मशीन वापस ले जाने का विरोध किया. मौके पर जमकर हंगामा किया और बकाया वेतन की मांग की. कहा कि जबतक बकाया वेतन का भुगतान नहीं कर दिया जाता है, तबतक कोलियरी से कोई भी सामान वापस नहीं ले जाने देंगे. हंगामा बढ़ता देख आउटसोर्सिंग संचालक के लोग भाग खड़े हुए. सूचना मिलने पर कोलियरी प्रबंधक समीर अंसारी पहुंचे और मजदूरों को समझा-बुझा कर हंगामा शांत कराया. आश्वासन दिया कि आउटसोर्सिंग संचालक से वार्ता कर मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान कराने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जबतक बकाया भुगतान नहीं हो जाता कोलियरी से कोई भी सामान नहीं ले जाने दिया जाएगा. मजदूरों से भी नजर बनाये रखने की बात कही गयी. बता दें कि कापासारा आउटसोर्सिंग करीब चार माह से बंद है. आउटसोर्सिंग बंद होने से पहले मजदूरों का चार माह का वेतन बकाया था. मजदूरों ने कहा कि बकाया वेतन देने के बाद ही आउटसोर्सिंग संचालक अपना सामान वापस ले जा सकते हैं.

# आयुष्मान योजना में गड़बड़ी, दो निलंबित

संवाददाता। धनबाद

आयुष्मान भारत योजना के तहत गड़बड़ी करने वाले धनबाद के दो अस्पतालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया है. झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के कार्यकारी निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज के निर्देश पर कार्रवाई हुई है. बीते दिनों राज्य भर के अस्पतालों में आयुष्मान योजना की जांच कराई गई थी. जांच रिपोर्ट मिलने के बाद करीब 250 अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा गया है. 78 अस्पतालों को योजना की सूची से हटा दिया गया है, जिसमें धनबाद स्थित नयनसुख नेत्रालय और जेपी अस्पताल शामिल हैं.

**सीएजी के ऑडिट में मिली थी गड़बड़ी :** सीएजी के ऑडिट में धनबाद के दो अस्पतालों सरायढेला स्थित श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय और हीरक रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज में गड़बड़ी मिली थी. रिपोर्ट के अनुसार इन अस्पतालों में क्षमता से दोगुना अधिक मरीजों का इलाज किया गया था.

**सीएजी रिपोर्ट**

- क्षमता से अधिक मरीजों के इलाज का लगा था आरोप
- 78 अस्पतालों को योजना की सूची से हटाया गया

### श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय में भी मिली थी गड़बड़ी

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार सरायढेला स्थित श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय का ऑडिट 29 जनवरी 2021 को किया गया था .अस्पताल में बेड की क्षमता 11 थी और इसके मुकाबले उस तिथि को 49 मरीजों का इलाज किया गया. इतना ही नहीं, यहां मरीजों से आयुष्मान भारत योजना से इलाज के बावजूद राशि वसूलने का उल्लेख था. जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सीएजी रिपोर्ट के अनुसार 2 मार्च 2021 को ऑडिट किया गया था.

### पूरी रात सड़कों पर रहता है मवेशियों का कब्जा, बढ़ी परेशानी

**लातेहार।** नगर पंचायत की लाख चेतावनी देने के बाद भी शहर के मुख्य पथ एनएच-75 पर रात में मवेशियों का कब्जा रहता है. मवेशी सड़क पर झुंड बनाकर बैठे रहते हैं. वाहन चालकों के द्वारा बार-बार हॉर्न बजाने के बाद भी वे सड़क से नहीं हटते हैं. फिर वाहन चालक को उतरकर मवेशियों को रास्ते से हटाना पड़ता है, तब वे आगे बढ़ पाते हैं. शहर के प्रखंड कार्यालय, धर्मपुर मोड़, जुबली चौक, शहीद चौक व चट्टी मुहल्ला के पास रात में सड़कों में बैठे मवेशियों को बैठे देखा जा सकता है. नगर पंचायत के द्वारा ऐसे पशुपालक जिनके पशु सड़कों में बैठे रहते हैं, उनसे अपनी पशुओं को घरों में बांधकर रखने को लेकर व्यापक माइकिंग की जा रही है.

**सरकारी स्कूल का हाल** चंदवा प्रखंड में स्थिति उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षा का हाल बेहाल

# शिक्षक गायब, अर्धनग्न होकर बच्चे करते हैं मस्ती

संवाददाता। चंदवा



चंदवा में सरकारी स्कूल में शिक्षा का हाल बेहाल है. स्कूल से टीचर अक्सर गायब रहते हैं. यह आरोप है आसपास के ग्रामीणों का. स्कूल जाकर शुभम संदेश संवाददाता ने जब वस्तुस्थिति की जानकारी ली तो हैरान करनेवाली तस्वीर सामने आई. स्कूल से शिक्षक गायब थे और बच्चे बिना कपड़े के अर्धनग्न अवस्था में क्लास में मस्ती कर रहे थे. यह नजारा सामने आया है चंदवा प्रखंड में स्थिति उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुलहू से.

आसपास के लोगों ने बताया कि सरकारी स्कूल पर किसी का कोई ध्यान नहीं रहता है. शिक्षक आते हैं और अटेंडेंशन बनाकर चले जाते हैं. छुट्टी के समय फिर आकर बायोमेट्रिक अटेंडेंस बना लेते हैं. बच्चे पढ़े या न पढ़ें इससे इनको कोई मतलब नहीं है.

**खास बातें**

- स्कूल से टीचर अक्सर रहते हैं गायब
- शिक्षक आते हैं और अटेंडेंशन बनाकर चले जाते हैं

### प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने की हैसियत नहीं

कुछ ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी स्कूल में बच्चों को मजबूरी में भेजते हैं. प्राइवेट स्कूल में बच्चों को पढ़ाने की हमारी हैसियत नहीं है. रोज कमाकर रोज खाते हैं, प्राइवेट स्कूल का फीस कहां से दे पाएंगे. ग्रामीणों ने कहा कि प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों से कई गुना ज्यादा तनख्वाह सरकारी शिक्षकों को मिलती है, फिर भी सरकारी स्कूल में बच्चों को ठीक से नहीं पढ़ाया जाता है.

### शिक्षकों की क्या है परेशानी

क्षेत्र के बहुत से स्कूल ऐसे हैं, जहां मात्र एक शिक्षक के सहारे विद्यालय संचालित है. शिक्षक अपनी मजबूरी सुनाते हुए कहते हैं, क्या करें साहब. मैं स्कूल में अकेले हूं और शिक्षा के अलावे बहुत तरह के कार्य हम लोगों को सौंप दिया जाता है. कभी राशन की निकासी के लिए गोदाम तो कभी अपसेंटी जमा करने के लिए बीआरसी कार्यालय तो कभी गुरुगोष्ठी के लिए ब्लॉक स्थित विभागीय कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है. ऐसे समय में बच्चे अकेले रहकर अपने हिसाब से खेलकूद करते हैं.

# नहीं चलेगी झारखंड में झामुमो की सरकार : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इन दिनों संकल्प यात्रा पर निकले हुए हैं. बुधवार को भाजपा नेता पलामू में थे. हुसैनाबाद कर्पूरी मैदान में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गरीबों का चिंता है. साल 2014 में पीएम बनते ही उन्होंने महिलाओं के इज्जत को सुरक्षित करने के लिए शौचालय बनवाए. गैस, पक्का का मकान और सभी गरीबों का खाता खुलवाया. उन्होंने कहा कि ना खाएंगे ना खाने देंगे के सिद्धांत पर चलने वाले प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों से लाखों करोड़ रुपये जब्त किए हैं. अब देश में लुटेरे एक हो गए हैं तो देश की जनता को पीएम के लिए भी देश की जनता को एकजुट होना होगा.

### रघुवर राज में भागते थे अपराधी

हेमंत सोरेन की सरकार पर हमला बोलते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रघुवर दास के राज में अपराधी भागे फिरते थे लेकिन हेमंत सरकार में अपराधियों को बोलबाला है. ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है. राज्य में कमीशन का खेल चल रहा है. इस लूट में हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक भी शामिल हैं. कार्यक्रम में बृजमोहन राम, बालमुकुंद सहाय, विपिन कुमार सिंह, विनय जायसवाल, मनोज कुमार, जोरावर पासवान, विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, डॉ कर्नल संजय सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा और कार्यकर्ता मौजूद थे.

भाजपा की बन रही रणनीति : मध्य प्रदेश की तर्ज पर पार्टी लोस व विस चुनाव की तैयारी में जुटी, चल रही तैयारी

# 7 सांसदों का टिकट कटेगा, 5 को विधानसभा चुनाव में उतारेंगे

प्रवीण कुमार/ सत्य शरण मिश्रा।रांची

भाजपा ने आगामी लोकसभा और राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर फुल प्रूफ प्लान तैयार किया है. केंद्रीय नेतृत्व ने लोकसभा और विधानसभा की सीटों को तीन श्रेणियों में बांटा है. जहां पार्टी की स्थिति मजबूत है, उन सीटों को ए, कमजोर सीटों को बी और हारी हुई सीटों को सी श्रेणी में रखा गया है.

कमजोर और हारी हुई सीटों को जीतने के लिए भाजपा ने सांसदों को विधानसभा और विधायकों को लोकसभा का चुनाव लड़ाने की रणनीति तैयार की है. इसके तहत मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत 7 सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया जा रहा है. राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी भाजपा यह प्रयोग कर रही है. झारखंड की बात करें, तो पार्टी द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे के आधार पर यहां के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्लान तैयार कर लिया है. भाजपा के दिल्ली मुख्यालय से जो जानकारियां छन कर सामने आ रही हैं, उसके मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड के 7 सीटिंग सांसदों का टिकट कट रहा है. हालांकि उनके नाम का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन यह भी रणनीति है कि जिन सांसदों का टिकट कटेगा, उनमें से 5 को भाजपा विधानसभा के चुनाव में उतारेगी.

### लगातार दो बार के सांसदों का कट सकता है टिकट !

पार्टी सूत्रों से जो जानकारियां मिल रही हैं, उसके अनुसार लगातार दो बार सांसद रहे नेताओं का भी टिकट कट सकता है. उनकी जगह पार्टी उसी लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में से सबसे चर्चित और जनाधार वाले विधायक को लोकसभा चुनाव में उतार सकती है. अगर भाजपा इस फॉर्मूले पर चलती है, तो झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 7 लोकसभा सीटों के सीटिंग सांसदों का टिकट कट जाएगा. ऐसा इसलिए, क्योंकि भाजपा के 7 वर्तमान सांसद लगातार दूसरी या तीसरी बार सांसद बने हैं. भाजपा विधायकों के अलावा लोकसभा क्षेत्र के पुराने समर्पित नेताओं को भी लोकसभा चुनाव में उतारने पर विचार किया जा रहा है. लंबे सांगठनिक अनुभव और जनता के बीच अच्छी पकड़ रखने वाले नेताओं की भी तलाश हो रही है.

### विधानसभा चुनाव में उतारे जा सकते हैं दो बार से सांसद रहे यह नेता

| लोकसभा सीट | सांसद |
|---|---|
| गोड्डा | निशिकांत दुबे |
| चतरा | सुनील कुमार सिंह |
| धनबाद | पीएन सिंह |
| जमशेदपुर | विद्युतवरण महतो |
| लोहरदगा | सुदर्शन भगत |
| पलामू | वीडी राम |
| हजारीबाग | जयंत सिन्हा |

### कुछ कांग्रेस विधायकों पर भी भाजपा खेल सकती है दांव

भाजपा के एक केंद्रीय पदाधिकारी की मानें, तो पार्टी कांग्रेस के भी कुछ सीटिंग विधायकों को 2024 में भाजपा से चुनाव लड़ा सकती है. इनमें जरमुंडी से विधायक और हेमंत सरकार में मंत्री बादल पत्रलेख, लोहरदगा से विधायक और राज्य सरकार में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का नाम चर्चा में है. अगर भाजपा नेतृत्व और इन विधायकों में बात बन गयी, तो लोकसभा चुनाव के पहले ये चारों नेता भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर सकते हैं. हलांकि कांग्रेस के इन विधायकों ने इसे सिरे से खारिज करते हुए इसे सिर्फ अटकलबाजी करार दिया है.

आओ जानें

## गांडेय से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | झामुमो | सालखन सोरेन |
| 2005 | झामुमो | सालखन सोरेन |
| 2009 | कांग्रेस | सरफराज अहमद |
| 2014 | भाजपा | जयप्रकाश वर्मा |
| 2019 | झामुमो | सरफराज अहमद |



## ब्रीफ खबरें

### जयराम के पक्ष में नारे लगने से बिफरे विधायक

**विष्णुगढ़।** जेबीकेएसएस नेता जयराम महतो के पक्ष में नारा लगने से मांडू के भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल आपा खो बैठे. दरअसल, बुधवार को टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच के बाद विधायक द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया जा रहा था. इसी बीच कुछ युवक जयराम महतो के पक्ष में नारा लगाने लगे. यह विधायक को नागवार गुजरा. उन्होंने युवकों पर भीड़ से पत्थर चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस बुला ली. पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया.

### स्वागत करने के लिए जुटे नेता हुए मायूस

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज यानी बुधवार को पलामू मेधा डेयरी के एक प्लांट का उदघाटन करने हेलिकाप्टर से जाना था. झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं को जब बात की जानकारी हुई कि मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से भी मेदिनीनगर जा सकते हैं, तो वे स्थानीय परिसदन पहुंचे. झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में कई झामुमो नेता स्थानीय परिसदन में पहुंच कर मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए तैयार बैठे रहे. हालांकि बाद में मौसम साफ हो जाने के कारण मुख्यमंत्री हेलिकाप्टर से ही मेदिनीनगर गये. इसी बीच सड़क मार्ग से पलामू जा रहे मंत्री बादल पत्रलेख का स्थानीय इंडिया गठबंधन के लोगो ने स्वागत किया.

### शोकाकुल परिवार को विधायक ने दी सांत्वना

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी और झामुमो के वरिष्ठ नेता विजय नायक की मां का निधन पिछले दिनों हो गया था. इसकी सूचना मिलते ही बुधवार को विधायक समीर कुमार मोहंती विजय नायक के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया. विधायक ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि यह परिवार के लिए बहुत ही दुखद और हृदयविदारक समय है. वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं. इस मौके पर झामुमो प्रखंड सह 20 सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, हिमांशु सोम, जितेंद्र ओझा, पिंटू दत्त, दुर्गा मन्ना, कमल दत्त, लालटू दास, विशाल बारीक, मिथुन कर, चितरू कुमार उपस्थित थे.

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल 4 अक्टूबर बुधवार को सचिव जय होरो के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला व ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में प्रमाण पत्रो का सत्यापन व जी पी एफ संख्या आवंटित नवनियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश निर्गत करने की मांग की गई है. प्रमाणपत्रों का सत्यापन नहीं होने की दशा में शपथ पत्र पर वेतन भुगतान किया जाए. सभी मांगों पर जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि बीस शिक्षक-शिक्षिकाओं का भुगतान आदेश कल निर्गत कर दिया जाएगा. शपथ पत्र पर भुगतान के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि निदेशक,सचिव स्तर से निर्देश प्राप्त होता है तो भुगतान किया जा सकता है.

राज्यभर की सेविका-सहायिकाओं ने किया सीएम हाउस मार्च

# सरकार ने वादे पूरे नहीं किए

विशेष संवाददाता।रांची

राज्यभर की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है. राज्य सरकार द्वारा पिछले साल बनायी गयी नयी नियमावली की शर्तों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है. सेविकाओं ने कहा कि नियमावली में सरकार ने बड़ी-बड़ी बातें, नियम और शर्तें सेविका-सहायिकाओं के लिए कही थी. मगर कोई भी नियम और शर्तें धरातल पर अब तक नहीं उतर पायी. सरकार ने नियमावली में वादा किया था कि महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति में 25 प्रतिशत सेविकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी. मगर झारखंड राज्य कर्मचारी चयन के आयोग के विज्ञापन में इसकी अनदेखी की गयी. कहा गया था कि हर महीने की पांच तारीख को मानदेय मिल जाएगा, मगर नहीं मिला. सेविकाओं को आंगनबाड़ी के अलावे और किसी काम में नहीं लगाया जाएगा, मगर सेविकाओं को बीएलओ कार्य में लगा दिया गया. केंद्रांश की राशि नियमित नहीं मिलती है. हाउस रेंट और पोषण राशि भी नियमित नहीं मिलती है. पेंशन आदि सुविधाएं भी अभी तक लागू नहीं की गयी है.

राज्य भर से जुटी सेविका और सहायिकाएं बुधवार को मोरहाबादी मैदान में जुटीं. इसके बाद मार्च किया. प्रशासन ने इन्हें राजभवन के पास ही रोक दिया, जहां पर प्रदर्शन किया गया. झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम को झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन दिया. सेविका और सहायिकाएं हाथ में आंगनबाड़ी सेविका को महिला पर्यवेक्षिका की बहाली में आरक्षण, उम्र सीमा में छूट, विषय और शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता को शिथिल करने, केंद्रांश मानदेय मद की राशि में वृद्धि, हर महीने पांच तारीख को मानदेय देने आदि की तख्तियां ली हुई थीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष माला देवी की. संचालन प्रदेश महासचिव राखी देवी ने किया. सीता तिग्गा, सरजी देवी, कोयल उरांव, चंचला देवी, अमला देवी, रीता शर्मा, आरती देवी, रजनी कुमारी, संगीता देवी, जीवन लता सोरेन, मधुलिका डेहरी, भारती, पूजा देवी, मीना मरांडी, अमोल बास्की, सुनीता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में सेविका और सहायिकाएं मौजूद थीं.



रांची में बुधवार को प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं.

### अफसरशाही के कारण नहीं मिल रहा पूर्ण अधिकार

इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि हमारा मकसद घेराव कर मुख्यमंत्री का विरोध करना नहीं है, बल्कि राज्य में एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए जारी साजिश का पर्दाफाश करना है. मुख्यमंत्री के इर्द- गिर्द बैठे लोग, सलाहकार और नौकरशाह हक और अधिकार छीनने का काम कर रहे हैं. मुख्यमंत्री काम करना चाहते हैं, मगर अफसरशाही के कारण हमें पूर्ण अधिकार नहीं मिल रहा है. मुख्यमंत्री को इन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है. इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से हम आगाह करते हैं कि आप झारखंड के अनुबंध कर्मियों के मुद्दे पर अधिकारियों द्वारा उत्पन्न खटास को सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक कर समाधान करें.

**खास बातें**

- सेविकाओं को सीएम हाउस से पहले रोक दिया गया
- राजभवन के पास सेविकाओं ने धरना प्रदर्शन भी किया
- मानदेय सहित अन्य मांगों के लिए प्रदर्शन किया गया

### संविदा कर्मी को स्थायी करने के लिए क्या किया गया, अफसर जवाब दें

सुशील कुमार पांडेय कहा कि मुख्यमंत्री को अधिकारियों से सिर्फ इतना जवाब मांगना चाहिए कि विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बनी उच्चस्तरीय कमेटी ने 4 वर्षों में कितने संविदाकर्मियों का स्थायीकरण और सेवा शर्तों में सुधार किया. राज्य को अशांत करने के लिए अफसर लोग जिम्मेवार है. हम संविदाकर्मियों ने सरकार बनाई है. हम सब आपका शुभ चिंतक हैं. आपके खिलाफ जारी अफसरों के षड्यंत्र से हम सब चिंतित हैं. संविदा कर्मी अब मोर्चा खोल दिया है, जिसका आगाज दुमका से होगा. वक्त कम है. बिना देर किए संविदा कर्मियों को उनका हक मिले. मनरेगा, पारा शिक्षक, बाल संरक्षण आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग सहित 60 लाख लोगों का दुख खत्म करने का काम करें. मनरेगा कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य अशांत होने के पूर्व दरियादिली दिखाते हुए संविदाकर्मियों के साथ बैठ कर समस्या का समाधान करना चाहिए.

### मंत्री बादल पत्रलेख ने की विधायक से मुलाकात

**लातेहार।** पलामू से रांची लौटने के क्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने स्थानीय झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम से उनके आवास में जाकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा. इस दौरान मंत्री पत्रलेख व विधायक आपस में स्थानीय एवं प्रदेश की समस्याओं के बारे में बातचीत की. विधायक ने पलामू मेधा डेयरी के प्लांट का उद्घाटन करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया. कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड विकास की ओर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार क्षेत्र की समस्याओं का निदान करने के लिए तत्पर है. बेरोजगार को नौकरी एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है. विभिन्न योजनाओं का संचालन कर जरूरतमंदों को इसका लाभ दिया जा रहा है. मंत्री श्री पत्रलेख ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश में काम किया जा रहा है. मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय व विवेक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे.

## राकोमयू ने बराकर इंजीनियरिंग चालू कराने को लेकर की वार्ता



वार्ता में शामिल यूनियन के प्रतिनिधि व प्रबंधन

संवाददाता।निरसा

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के रीजनल कमेटी व इसीएल के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को बराकर इंजीनियरिंग को पुनः चालू करने के लिए ईसीएल मुख्यालय सकतोड़िया में प्रबंधन के साथ वार्ता की गई. वार्ता में तिवारी ने कहा कि कांग्रेस नीत सरकार ने बराकर इंजीनियरिंग का वर्ष 1986 में राष्ट्रीयकरण किया. इससे पूर्व यहां केसी थापर की फैक्ट्री हुआ करती थी. राष्ट्रीयकृत होने के बाद बराकर इंजीनयरिंग में पांच मुख्य विभाग लाइट फाउंड्री, हैवी फाउंड्री, मशीन शॉप, फिटिंग शॉप और पम्प शॉप हुआ करता था. इन्हीं सब विभाग के माध्यम से भूमिगत खदान, डोली खदान और ओसीपी और डिपलेरियंग में बालू के लिए बंकर भूमिगत खदान में प्रयोग आने वाली सभी प्रमुख मशीन जैसे रूफ बोल्ट,फीस प्लेट, डोली का केज, पुली, पम्प मशीन पाइप, डिपलेयरिंग मशीन सहित कई सामग्री बनाई जाती थी.

**खास बातें**

- महाप्रबंधक श्रवेश कुमार ने सकारात्मक आश्वासन दिया
- अफसरों से वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा

## पेसा कानून जल्द लागू हो : बंधु

- वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा करने का आग्रह

प्रमुख संवाददाता।रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून की नियमावली को मंजूरी देने के बाद अब जरूरत इस बात की है कि सरकार आवश्यक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा कर पेसा कानून को जमीनी स्तर पर जल्द-से-जल्द लागू करे. बंधु तिर्की ने कहा कि अब ग्रामीणों विशेषकर जनजातीय समुदाय और मूलवासियों के लिए यह बहुत जरूरी है कि सरकार द्वारा स्वीकृत पेसा नियमावली के अनुरूप पेसा कानून का सीधा फायदा झारखंड के लोगों को मिले, क्योंकि इससे न केवल ग्रामीणों की विकास संबंधी जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि जमीन के साथ ही उपलब्ध संसाधनों की लूट भी रोकी जा सकेगी. उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण होने की भी पूरी संभावना है. सीएम से अनुरोध किया है कि झारखंड की जनता की लम्बे समय से बहुप्रतीक्षित मांग यही थी कि राज्य सरकार पेसा कानून को लागू करे.



### पेसा अधिकारी यात्रा 6 अक्टूबर को होगी

बंधु तिर्की ने कहा कि अगले 6 अक्टूबर (शुक्रवार) को पेसा अधिकारी यात्रा का आयोजन किया गया है. यह यात्रा सुबह साढ़े दस बजे मोरहाबादी मैदान में एकत्रित होने के बाद राजधानी के कोकर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के समाधि स्थल तक जायेगी.

रंका गढ़ में भाजपा में टूट, गिरिनाथ सिंह का साथ छोड़ा

## शक्ति राज सिंह कांग्रेस में शामिल

अरुण कुमार यादव।गढ़वा

बिहार सरकार में पूर्व मंत्री रहे गिरिनाथ सिंह के परिवार के एक सदस्य शक्ति राज सिंह उर्फ अटल सिंह ने अब भाजपा का दामन छोड़ दिया है. शक्ति राज सिंह ने अब कांग्रेस का दामन थाम लिया है. पलामू दौरे पर बुधवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के समक्ष उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की. कल तक गिरीनाथ सिंह पर तन मन धन न्योछावर करने वाले शक्ति राज सिंह क्यों कांग्रेस का दामन थाम लिया, यह सोचनीय विषय गिरिनाथ सिंह के लिए भी है.

इसके पूर्व रंका गढ़ घराने से ही नितेश कुमार सिंह जो वर्तमान में गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष हैं. उन्होंने भी गिरिनाथ सिंह का दामन छोड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा में चले गए थे. जिसके बाद मिथिलेश कुमार ठाकुर की जीत में अहम भूमिका निभाई. वहीं गढ़वा के राजद जिला अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह जो रंका गढ़ से ही ताल्लुक रखते हैं. उन्होंने भी गिरनाथ सिंह को छोड़कर आरजेडी के साथ हैं.



### एक ही परिवार के चार लोग अलग-अलग पार्टी में

अब स्थिति ऐसी है कि एक ही परिवार से चार लोग चार अलग-अलग पार्टी के लिए काम कर रहे हैं. ऐसे में विधानसभा के लोग एक परिवार के किस पार्टी को कितना तरहीज देंगे, यह तो वक्त ही बताएगा. गौरतलब है शक्ति राज सिंह उर्फ़ अटल सिंह के माता अनुभा सिंह वर्तमान में रंका प्रखंड के उपप्रमुख है. वहीं पिता दिलीप सिंह जो झारखंड के पूर्व बाल श्रम आयोग के चेयरमैन रहे हैं. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि शक्ति राज सिंह के पार्टी में आने से पार्टी को फायदा होगा.

कांग्रेस की मैराथन बैठक में लोकसभा चुनाव की बनी रणनीति

## संगठन को करना है मजबूत : बृजेंद्र सिंह

संवाददाता।गिरिडीह

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस समन्वय समिति की पहली बैठक 4 अक्टूबर को स्थानीय होटल में हुई. बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी शहजादा अनवर व संयोजक बृजेंद्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे. अपराह्न 1:00 बजे से शुरू हुई बैठक शाम 4:30 बजे तक चली. इस मैराथन बैठक में गिरिडीह सहित बोकारो व धनबाद में पार्टी संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई. गिरिडीह, बोकारो व धनबाद जिला अध्यक्ष को टास्क दिया गया कि 15 अक्टूबर से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष को पंचायत व बूथस्तर की कमेटी गठित कर मुख्यालय को सूचित करें.

समिति के संयोजक बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत ही लड़ेगी पर पार्टी संगठन को इतना मजबूत कर देना है कि समय आने पर गठबंधन उम्मीदवार को भरपूर समर्थन किया जा सके. कांग्रेस को रेंगना नहीं लोकसभा चुनाव से पूर्व तेज दौड़ना है. कहा कि संगठन जब तक मजबूत नहीं होगा, तब तक उम्मीदवारी भी पेश नहीं की जा सकती है. उन्होंने बताया कि राज्य में 14 लोकसभा सीट पर समन्वय समिति गठित की गई है. गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में समिति की यह पहली बैठक है.




गिरिडीह में बुधवार को हुई बैठक में पहुंचे कांग्रेस नेता.

### पहुंचे थे गिरिडीह, धनबाद व बोकारो के पदाधिकारी

मालूम हो कि एक लंबे अरसे से कांग्रेस गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी नहीं दे रही है. बैठक में गिरिडीह जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, बोकारो जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, बेरमो विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश सचिव अजय कुमार सिन्हा, गोमिया विधानसभा प्रभारी दिनेश सिंह, उपेंद्र प्रसाद सिंह, मन्नान मलिक आदि मुख्य रूप से मौजूद थे.

निर्देश झारखंड जदयू के नेताओं ने नीतीश से मिलकर जाति जनगणना के लिए दी बधाई

## नीतीश का टास्क : झारखंड में 'इंडिया' को करें मजबूत

संवाददाता।रांची

झारखंड जदयू के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना स्थित सीएम आवास में मुलाकात कर जातिगत जनगणना के आंकड़े को सार्वजनिक करने को लेकर उन्हें बधाई दी. प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में पहली और ऐतिहासिक जीत है. वहीं सीएम नीतीश कुमार ने झारखंड इकाई को संगठन का विस्तार करते हुए सिलसिलेवार ढंग से आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है. मौके पर ललन सिंह, अशोक चौधरी, विधानपरिषद सदस्य विजय कुमार सिंह मौजूद रहे.



सीएम नीतीश कुमार से मिले झारखंड जदयू के प्रतिनिधिमंडल.

### वार्ड-पंचायत स्तर पर मजबूत करने का निर्देश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड जदयू के नेताओं को निर्देश दिया है कि पोल खोल कार्यक्रम के जरिए राज्य में इंडिया गठबंधन को मजबूत करें. लोकसभा चुनाव से पूर्व झारखंड में सभी दलों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए इंडिया गठबंधन को भारी अंतर से जिताने का जिम्मा और जवाबदेही तय करें. वहीं झारखंड के लोगों के संवैधानिक अधिकार के प्रति पार्टी के नेताओं को सचेत रहने का निर्देश दिया.

**खास बातें**

- पटना स्थित सीएम आवास में जदयू नेताओं ने की मुलाकात
- सिलेसिलेवार आंदोलन चलाने का भी दिया निर्देश

### प्रतिनिधिमंडल में ये लोग रहे शामिल

प्रतिनिधिमंडल में झारखंड जदयू के अध्यक्ष खीरू महतो, महासचिव श्रवण कुमार, डॉ विनय भरत, मो अख्तर हुसैन खान, दुष्यंत पटेल, कुमेश्वर महतो, रामस्वरूप यादव और पिंटू सिंह शामिल रहे.

## योजनाओं में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं : सांसद



बैठक में सांसद, उपायुक्त व अन्य.

संवाददाता।पाकुड़

राजमहल सांसद विजय हांसदा की अध्यक्षता में 4 अक्टूबर को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई. इसमें समिति के अध्यक्ष विजय कुमार हांसदा, जिला परिषद अध्यक्ष जूली खृष्ट मनी हेंब्रम, विधायक प्रतिनिधि सहित सभी पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक में सांसद विजय कुमार हांसदा ने जिले में विकास कार्यों की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया. बैठक में केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की विभाग बार समीक्षा की गई.

मौके पर सांसद ने विकास संबंधी कई सुझाव दिए. सांसद ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे.

# मीडिया की आजादी

लोकतंत्र की बुनियाद है स्वतंत्र मीडिया और पत्रकारों की आजादी. आजादी सिर्फ बोलने या लिखने की ही नहीं, बल्कि लिखने और बोलने के बाद की भी. एक ऐसे समाज में जहां विचारों को ले कर सहिष्णुता कम होती है, वहां सबसे पहले निशाना आजाद आवाज ही पर ही साधा जाता है. लोकतंत्र की मजबूती के नजरिए से प्रचार तंत्र में बदलता मीडियातंत्र भी एक बड़ी चेतावनी है. सवाल करना हर एक पत्रकार का प्रोफेशनल अधिकार है. बावजूद सवालों को ले कर इन दिनों जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं, उसकी भारी कीमत पत्रकारों और मीडिया की स्वतंत्रता को चुकानी पड़ रही है. अभिव्यक्ति की आजादी संविधान प्रदत्त अधिकार है, बावजूद इसे बाधित करने का प्रयास किया जाना संकेत देता है कि लोकतंत्र की प्रक्रिया कहीं नियंत्रित हो रही है. ऐसे अनेक उदाहरण आज की दुनिया में मौजूद हैं, जहां स्वतंत्र प्रेस एक कागजी शब्द बन कर रहा गया है. यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कुछ अन्य लोकतांत्रिक माने जाने वाले देशों की भी हकीकत है. इंबेडेड मीडिया का एक विचार इराक युद्ध के समय अमेरिका ने गढ़ा था. आज यह ज्यादातर देशों की हकीकत है. दरअसल जब मीडिया के सवालों से सत्ता परेशान होने लगे तो यह समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र, संविधान और संस्थाओं की मान्यताओं को बदलने का भी प्रयास किया जा रहा है. लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में आपातकाल वह दौर था, जब नागरिकों के मौलिक यहां तक कि जीने का अधिकार भी मुअत्तल कर दिया गया था. प्रेस की आजादी पर सेंसरशिप थोप दी गयी थी और सत्ता से असहमत कुछ पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसमें कुलदीप नैयर भी शामिल थे. लेकिन गिरफ्तार पत्रकारों को तब भी देशद्रोही या आतंकी नहीं बताया गया था. इमरजेंसी के अत्याचारों और लोकतंत्र हनन को देश की जनता ने अस्वीकार कर दिया और 1977 में हुए चुनाव में ताकतवर इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया. तब के जनसंघ और आज के भाजपा के नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने कहा था कि पत्रकारों को केवल झुकने के लिए कहा गया था, लेकिन वे रेंगने लगे. आज कोई घोषित इमरजेंसी नहीं है. बावजूद मुख्यधारा की पत्रकारिता वह चेहरा दिखा रही है, जिसमें सत्ता से सवाल पूछने को खतरनाक बताया जा रहा है. ऐसे दौर में देश में कुछ पत्रकार अब भी बचे हैं, जो तथ्य परक खबरों और टिप्पणियों से आज की वास्तविकता को उजागर करने का जोखिम उठाते हैं. वैसे पत्रकारों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति पिछले चार पांच सालों से तेज हो गयी है. न्यूजक्लिक में किसका निवेश हुआ है, इसकी जांच सरकार को करने का अधिकार है, लेकिन उन पत्रकारों को क्यों दंडित करने का प्रयास कर रही है, जो वहां केवल कार्यक्रम पेश करते हैं या लिखते हैं.

> प्रेस की आजादी पर सेंसरशिप थोप दी गयी थी और सत्ता से असहमत कुछ पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसमें कुलदीप नैयर भी शामिल थे. लेकिन गिरफ्तार पत्रकारों को तब भी देशद्रोही या आतंकी नहीं बताया गया था.

## सुभाषित

**सुभाषित: श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतः तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः।**
**श्रेयो हि धीरोभिप्रेयसो वृणीते प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद् वृणीते।।**

श्रेय अर्थात कल्याणकारी मार्ग सद्गति का मार्ग, प्रेय अर्थात मन को प्रिय लगने वाले इन्द्रिय भोगों का मार्ग है. ये दोनों ही मनुष्य के सामने आते हैं, श्रेष्ठबुद्धि वाले लोग श्रेयपथ को चुन लेते हैं तथा मंदबुद्धि वाले लोग प्रेयपथ को चुन लेते हैं।

# विशेष सत्र के बाद का विशेष एजेंडा शेष

**याद किया जा सकता है कि बहु–चर्चित विशेष सत्र की जानकारी संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा 31 अगस्त को ट्वीटर के ज़रिए देश को उस समय दी गई थी, जब विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन के नेता अपनी महत्वपूर्ण बैठक के लिए मुंबई में जमा थे. याद करने की दूसरी चीज यह है कि विशेष सत्र की शुरुआत के समय पुराने संसद भवन की लोकसभा में प्रवेश से ठीक पहले प्रधानमंत्री ने मीडिया की उपस्थिति में तीन–चार मिनटों में क्या कहा था!**



• देश-काल



श्रवण गर्ग

इस रहस्य से कभी पर्दा नहीं उठ पाएगा कि देश और दुनिया भर में सनसनी फैलाते हुए पांच दिन के लिए संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाया गया और फिर उसे चार दिन में ही क्यों समेट दिया गया! पांचवें दिन का क्या हुआ? आशंकाएं तो यही थीं कि पूरा सत्र इतनी गर्माहट से भर जाएगा कि उसे आगे बढ़ाना पड़ेगा. वैसा कुछ भी नहीं हुआ. अंत में जो नजर आया, वह यही था कि आक्रामक विपक्ष और जनता का मूड भांपते हुए सरकार ने अपने अघोषित एजेंडे पर रणनीतिक रूप से पीछे हटने का तय कर लिया. ऐसा मान लेने में कोई हर्ज नहीं कि संसद की पुरानी इमारत से नये भवन में प्रवेश मात्र से प्रधानमंत्री न तो ज्यादा लोकतांत्रिक हो गए और न ही पवित्र सेंगोल की उपस्थिति में उनका कोई ह्रदय परिवर्तन हो गया है. संसद का एक और विशेष सत्र बुलाने के निर्णय से पहले प्रधानमंत्री शायद पांच राज्यों के चुनाव परिणामों से रूबरू होना चाहते हैं. इसीलिए विधानसभा चुनाव लोकसभा जैसी तैयारियों से लड़े जा रहे हैं. इनके परिणाम ही अब लोकसभा चुनावों की तारीखें भी तय करेंगे?

याद किया जा सकता है कि बहु-चर्चित विशेष सत्र की जानकारी संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा 31 अगस्त को ट्वीटर के ज़रिए देश को उस समय दी गई थी, जब विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन के नेता अपनी महत्वपूर्ण बैठक के लिए मुंबई में जमा थे. याद करने की दूसरी चीज यह है कि विशेष सत्र की शुरुआत के समय पुराने संसद भवन की लोकसभा में प्रवेश से ठीक पहले प्रधानमंत्री ने मीडिया की उपस्थिति में तीन-चार मिनटों में क्या कहा था! प्रधानमंत्री ने कहा था-विशेष सत्र ऐतिहासिक होगा. समय के हिसाब से छोटा है, पर ऐतिहासिक निर्णयों का सत्र होगा. पचहत्तर साल की यात्रा नए मुकाम से हो रही है. 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाकर रहना है. रोने-धोने के लिए बहुत समय होता है, करते रहिए. भारत की विकास यात्रा में अब कोई विघ्न नहीं रहेगा.

सवाल यह है कि क्या विशेष सत्र ठीक वैसा ही साबित हुआ, जैसा दावा किया गया था? ऐतिहासिक निर्णयों के नाम पर जो हासिल हुआ, क्या उसी के लिए इतनी अटकलों और अफवाहों को जन्म दिया गया? इतनी सनसनी फैलने दी गई ! कथित तौर पर अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक पुराने संसद भवन से प्रधानमंत्री के सपनों के नये भारत को दर्शाने वाले नए भवन तक पैदल यात्रा किस ताकत के प्रदर्शन के लिए की गई थी? कहीं ऐसा तो नहीं कि कुख्यात 'नोटबंदी' और त्रासदायी 'लॉक डाउन' जैसा ही कुछ चौंकाने वाला होना था, पर सरकार की हिम्मत आखिरी क्षणों में जवाब दे गई? प्रधानमंत्री ने अपनी वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को इतना ऊंचा उठा दिया है कि वे अब उस जगह वापस नहीं लौट सकते, जहां से उन्होंने सत्ता-प्राप्ति की यात्रा प्रारंभ की थी. प्रधानमंत्री इस सच्चाई से बेख़बर नहीं होंगे कि पार्टी में उनकी ज़रूरत तभी तक कायम है, जब तक वे उनके 'व्यक्तिवाद' का समर्थन करने वाले सांसदों-विधायकों को सत्ता में स्थापित करते रहने का सामर्थ्य दिखाते रहते हैं! अपने साथ पार्टी संगठन को भी उन्होंने सत्ताभिमुख कर दिया है.

प्रधानमंत्री पिछले चार दशक से अधिक समय से सत्ता की राजनीति से जुड़े हुए हैं. अतः इस तरह की मान्यताएं निर्विवाद हैं कि इतने लंबे कालखंड में विपक्षी दलों से कहीं ज़्यादा शत्रु उन्होंने अपनी ही पार्टी, संघ और उसके आनुषंगिक संगठनों में खड़े कर लिए हैं. ये सब भी विपक्षी पार्टियों की तरह ही उस क्षण की वापसी की प्रतीक्षा में हैं जिसे प्रधानमंत्री कभी लौटता हुआ नहीं देखना चाहेंगे. संसद का विशेष सत्र उसी क्षण को पीछे धकेलने की कोशिशों का एक असफल प्रयास माना जा सकता है! विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि अभी केवल संसद का विशेष सत्र ही खत्म हुआ है, प्रधानमंत्री का विशेष एजेंडा नहीं ! एजेंडा पूरी तरह से कायम है और उसकी कार्यसूची की जानकारी भी सिर्फ प्रधानमंत्री को ही होगी. संभव है एजेंडे को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन इंडिया के किसी कमजोर क्षण अथवा उसकी किन्हीं कमजोर कड़ियों के टूटकर बिखरने की प्रतीक्षा कर रहे हों. उन्हें निश्चित ही यकीन होगा कि शरद पवार, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल के कांग्रेस के साथ अविश्वास के संबंध और 2024 के परिणामों को लेकर विपक्षी दलों में व्याप्त भय की स्थिति भाजपा की मददगार साबित हो सकती है. विपक्षी दलों के बीच अपनी आवाज को और मजबूत करने के लिए कांग्रेस के लिए जरूरी हो गया है कि दो महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों में वह कर्नाटक जैसी ही जीत हासिल करके दिखाए. यही कारण है कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए तीनों राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़) में प्रधानमंत्री ने पार्टी की पूरी ताकत को झोंक दिया है. यह बात अलग है कि इन राज्यों में कांग्रेस से मुकाबले के साथ-साथ पार्टी की अंदरूनी कलह से भी उन्हें निपटना पड़ रहा है. मोदी जानते हैं कि इन राज्यों में भाजपा की जीत या हार लोकसभा चुनावों के लिए जनता के बीच उनके तिलिस्म का प्रभाव भी तय करने वाली है.

अंत में, वास्तुशास्त्र और ज्योतिष में यकीन करना हो तो कुछ अनुभवी वास्तुविदों ने आशंकाएँ व्यक्त की हैं कि नव-निर्मित संसद भवन में कई गंभीर वास्तु दोष हैं जो प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल के लिए बाधाएं उत्पन्न कर सकते हैं. यह भी कहा गया है कि नए संसद भवन में आयोजित हुए विशेष सत्र को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मोदी के लिए बाधाओं की शुरुआत हो चुकी है. उधर, कांग्रेस ने इरादे जाहिर कर दिए हैं कि इंडिया गठबंधन अगर सत्ता में आता है तो पुराने संसद भवन में वापसी कर सकता है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## गजानन बने गणेश

प्रथम पूज्य श्री गणेश का अवतार हो चुका था. माता पार्वती की गोद में बालक गणेश किलकारियां भर रहे थे. भगवान शिव ने अपने पुत्र के जन्मोत्सव के लिए सभी देवताओं को आमंत्रित कर दिया था. दरबार में सभी देवगण पधार चुके थे और बालक गणेश को अपना आशीर्वाद दे रहे थे, लेकिन सूर्यपुत्र शनि देव एक कोने में सिर नीचे किए बैठे रहे. वे और गणेश को देखा तक नहीं. इस बात की जानकारी मिलने के बाद माता पार्वती को आश्चर्य हुआ. यह संशय भी कि क्या शनिदेव को गणेश के जन्म से कोई प्रसन्नता नहीं हुई? यदि ऐसा नहीं है तो फिर उन्होंने गणेश को अन्य देवताओं की भांति अपना आशीर्वाद क्यों नहीं दिया. उन्होंने शनिदेव को बुलाया और कहा कि क्या तुम्हें गणेश के जन्म लेने से कोई समस्या है. शनिदेव ने सिर झुकाये हुए ही कहा-नहीं माते, ऐसी बात नहीं है. माता पार्वती ने कहा-यदि ऐसी बात नहीं है तो मेरे पुत्र को देखो और आशीर्वाद प्रदान करो. शनि देव ने कहा कि माता आशीर्वाद तो मैंने दे ही दिया. लेकिन मै आपके पुत्र को देख नहीं सकता. कहीं अनर्थ न हो जाए. माता पार्वती के हठ वश जैसे ही शनिदेव ने अपने बाएं नेत्र के कोने से बालक पर दृष्टि डाली, बालक का मस्तक गोलोक में चला गया. पूरी सभा में हाहा कार मच गया. अब पार्वती जी संपूर्ण विश्व को नष्ट कर देने की धमकी देने लगीं.विष्णु भगवान ने चक्र को आदेश दिया. गजेन्द्र ऐरावत हाथी का बच्चा दक्षिण दिशा की तरफ पैर किए सो रहा था. उसका शीश लेकर बालक के शीश पर रखकर मंत्रों के द्वारा बालक को जीवन दिया गया. पार्वती जी के हठ के कारण सभी देव गणों ने पार्वती और गणेश को समस्त शुभ कर्मो में प्रथम पूज्य होने का आशीर्वाद दे सभी देव गण अपने-अपने धाम को चले गए. तभी से गणेश जी प्रथम पूज्य हुए. गणेश जी को माता गंगा जी ने भी अपना पुत्र माना था. इसीलिए इनका एक नाम गांगेय भी है. एक प्रश्न और कि एकदंत क्यों? उत्तर है कि पूर्व जन्म के अभिमानी पशु योनि पाते हैं. हाथी विद्यभिमानी था. इसलिए उसका श्रृंग उसके मुख की राह निकला. शनि देव के श्राप का लाभ देव गणों ने रावण के विरूद्ध भी लेने का प्रयास किया था. जिसके कारण शनि देव को रावण के यहां बंदी होना पड़ा था.

# क्यों बढ़ रहा है नशीली चीजों का कारोबार

• समाज

रीता एफ. मुकुंद

भारत के कुछ हिस्सों में नशीली दवाओं के व्यापार में वृद्धि के साथ परेशानी का समय शुरू हो गया. पंजाब हमेशा उत्तर-पूर्व के बाद नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शीर्ष पर रहा है. मगर एक ताजा आश्चर्य सामने आया है कि पंजाब तो इस मामले में पिछड़ गया है और कश्मीर इस सूची में शीर्ष पर आ गया है. इधर, भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव कम हो रहा है और पूर्व राजनयिक पंकज सरन ने सिख अलगाववाद, तमिल संघर्ष और मुजीबुर रहमान की हत्या में कनाडा की भागेदारी का आरोप लगाया है. सरन का सुझाव है कि भारत और कनाडा के बीच रिश्ते ख़राब होने की कगार पर हैं. इसके बीच, कश्मीर और पंजाब के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में व्याप्त गंभीर नशीली दवाओं के मुद्दे को उजागर करना महत्वपूर्ण है और यह कोई संयोग नहीं है कि ऐसा हो रहा है. सार्वजनिक रूप से ड्रग कार्टेल के साथ जुड़ने से अंतरराष्ट्रीय निंदा और अलगाव का खतरा रहता है. इस्लामी और खालिस्तानी दोनों चरमपंथी अपने उद्देश्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहते हैं और आपराधिक संगठनों के साथ खुले तौर पर गठबंधन करना इन प्रयासों को कमजोर कर सकता है. नतीजतन, वे अपने संपर्क बनाए रखने के लिए गुप्त रूप से काम करते हैं, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उत्तर-पूर्व ने भारत में उच्चतम सैन्यीकरण का अनुभव किया है. इन संघर्षों के कारण विविध हैं, जो अलगाववादी आंदोलनों से लेकर अंतर-सामुदायिक, सांप्रदायिक और अंतर-जातीय विवादों तक फैले हुए हैं. वर्षों पहल पूर्वोत्तर भारत में युवाओं के बीच नशीली दवाओं की लत की समस्या तेजी से बढ़ी थी, जहां असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मणिपुर विशेष रूप से नशीली दवाओं के तस्करों के प्रति संवेदनशील थे, जिसके परिणामस्वरूप मादक द्रव्यों के सेवन की दर अन्य भारतीय राज्यों की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक थी. एशिया में सबसे बड़े नशीली दवाओं के व्यापार मार्गों में से एक थाईलैंड, म्यांमार और लाओस को शामिल करते हुए, उत्तर-पूर्व की गोल्ड ट्राएंगल से निकटता, इस घटना में एक प्रमुख कारक है, जो इसे एक कमजोर लक्ष्य बनाती है. फरवरी 2023 में, इटोचा इंटरनेशनल ड्रग कार्टेल से संबंधित सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ एक महत्वपूर्ण सफलता मिली. इस ऑपरेशन से पता चला कि म्यांमार से भारत में नशीली दवाओं की बड़ी मात्रा में आमद हो रही है, जिसमें मणिपुर प्राथमिक प्रवेश द्वार के रूप में काम कर रहा है. यह खुलासा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दो ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी के बाद सामने आया. व्यक्तियों की पहचान रणवीर सिंह (उर्फ टिंकू) और मणिपुर के मैतेई लोयंगम्बा के रूप में की गई है.विशेष सेल के उपायुक्त आलोक कुमार ने पुष्टि की कि यह ऑपरेशन विभिन्न क्षेत्रों में संचालित एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी सिंडिकेट की गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था. जिसमें मणिपुर, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और दिल्ली शामिल हैं.

इस सिंडिकेट ने म्यांमार से मणिपुर तक अफीम की आवाजाही को अंजाम दिया, जहां से इसे दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पंजाब में वितरित किया गया. नशीली दवाओं के व्यापार को प्रभावी ढंग से रोकने में गंभीर चुनौतियां अड़ंगा बनती हैं. जैसे कि डार्कनेट बाजारों का प्रसार, जहाँ लेनदेन का पता लगाना मुश्किल होता है और क्रिप्टोकरेंसी का बढ़ता उपयोग. नशीली दवाओं और हथियारों के परिवहन के लिए ड्रोन जैसे तरीकों का उपयोग करके तस्कर तकनीकी रूप से अधिक समझदार हो गए हैं.संघर्ष क्षेत्रों में अक्सर प्रभावी शासन और कानून प्रवर्तन का अभाव होता है, जिससे नशीली दवाओं के तस्करों के लिए सापेक्ष दण्ड से मुक्ति के साथ काम करना आसान हो जाता है. मजबूत सरकारी उपस्थिति के अभाव में, आपराधिक संगठन अपने नशा उत्पादन और वितरण नेटवर्क की स्थापना और विस्तार कर सकते हैं. नशीली दवाओं का उत्पादन और तस्करी विद्रोही समूहों और संघर्ष क्षेत्रों में सक्रिय विद्रोही बलों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत प्रदान कर सकता है. नशीली दवाओं के व्यापार से उत्पन्न राजस्व का उपयोग हथियार, उपकरण और आपूर्ति खरीदने के लिए किया जा सकता है, जिससे इन समूहों को अपने संचालन को बनाए रखने की अनुमति मिलेगी.

> सार्वजनिक रूप से ड्रग कार्टेल के साथ जुड़ने से अंतरराष्ट्रीय निंदा और अलगाव का खतरा रहता है. इस्लामी और खालिस्तानी दोनों चरमपंथी अपने उद्देश्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहते हैं और आपराधिक संगठनों के साथ खुले तौर पर गठबंधन करना इन प्रयासों को कमजोर कर सकता है.

# निर्धारित मानकों से ज्यादा नमक लेने के खतरे

• सामयिकी

ललित मौर्य

खाने में जरूरत से ज्यादा या कम नमक उसका स्वाद बिगाड़ सकता है, लेकिन खाने में इसकी सही मात्रा केवल स्वाद ही नहीं, सेहत के लिहाज से भी बेहद मायने रखती है. वैसे भी हम भारतीय नमकीन और चटपटा खाने के कुछ ज्यादा ही शौकीन हैं. इसकी पुष्टि इंडियन कॉउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च और एम्स, दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा की गई रिसर्च भी करती है. रिसर्च से पता चला है कि एक औसत भारतीय तय मानकों से 60 फीसदी ज्यादा नमक का सेवन कर रहा है. यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक को देखें तो उसके अनुसार एक व्यस्क को हर दिन करीब पांच ग्राम या उससे कम नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि सोडियम की मात्रा दो ग्राम प्रतिदिन से कम होनी चाहिए. हालांकि अध्ययन की मानें तो एक औसत भारतीय हर दिन आठ ग्राम नमक खा जाता है. वहीं यदि भारतीय पुरुषों की बात करें तो वह हर दिन औसतन 8.9 ग्राम नमक का सेवन कर रहे हैं, जो तय मानकों से करीब 78 फीसदी अधिक है. अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि नमक के सेवन के मामलें में भारतीय महिलाएं, पुरुषों से पीछे हैं, जो हर दिन करीब 7.9 ग्राम नमक का सेवन कर रही हैं, लेकिन यह मात्रा भी तय मानकों से 40 फीसदी ज्यादा है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं है. यहां तक की रिपोर्ट में जो नतीजे सामने आए हैं, उनके मुताबिक देश में जो लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित हैं वे भी हर दिन औसतन 9.2 ग्राम नमक का सेवन कर रहे हैं. इसी तरह जिन लोगों को हाई ब्लडप्रेशर की समस्या है, वे भी हर दिन अपने आहार में औसतन 8.5 ग्राम नमक ले रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं हैं. इस बारे में लोगों पर किए सर्वेक्षण से पता चला है कि करीब 43.8 फीसदी वयस्क हर सप्ताह एक से छह दिन घर का बना नमकीन भोजन खाते हैं, जबकि 36.1 फीसदी ने माना कि वे महीने में कम से कम एक बार (एक से तीन दिन या उससे कम) नमकीन, पापड़ और चिप्स जैसे नमक युक्त स्नैक्स लेते रहे हैं. रिसर्च से पता चला है कि भारत में करीब 28.1 फीसदी मौतों के लिए ह्रदय संबंधी रोग (सीवीडी) जिम्मेदार हैं. यदि 2016 के आंकड़ों को देखें तो देश में उच्च रक्तचाप के चलते 16.3 लाख लोगों की मौत हो गई थी, जो 1990 में दर्ज की गई 7.8 लाख मौतों के दोगुणा से भी ज्यादा है.

वहीं यदि वैश्विक स्तर पर देखें तो सोडियम युक्त आहार के कारण सात करोड़ विकलांगता समायोजित जीवन वर्षों (डीएएलवाई) का नुकसान हुआ था. इतना ही इस सोडियम और उससे सम्बंधित कार्डियोवास्कुलर बीमारियों के कारण 30 लाख लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था. आज कहीं न कहीं जिस तरह से पैकेटबंद फास्ट फूड भोजन का चलन बढ़ रहा है, वह हमें कहीं ज्यादा बीमार कर रहा है. इनमें मौजूद नमक की असंतुलित मात्रा, हमारी सेहत का संतुलन बिगाड़ रही है. गौरतलब है कि इससे पहले सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने भी अपने अध्ययन में जंक फूड और पैकेटबंद भोजन को लेकर आगाह किया था. इस बारे में जारी रिपोर्ट का कहना है कि इस तरह का भोजन खाकर हम जाने-अनजाने में खुद को कई बीमारियों के भंवरजाल में धकेल रहे हैं. इस अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि जंक फूड में नमक, वसा, ट्रांस फैट की अत्यधिक मात्रा होती है जो मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और ह्रदय सम्बन्धी बीमारियों के लिए जिम्मेवार है. इसी तरह अध्ययन में नोर के क्लासिक थिक टोमेटो सूप में निर्धारित सीमा से 12 गुणा ज्यादा नमक पाया गया. हल्दीराम के नट क्रेकर में भी आठ गुणा अधिक था. इसी तरह 100 ग्राम के चिप्स और नमकीन के लिए वसा की सीमा आठ ग्राम निर्धारित है, लेकिन अधिकांश चिप्स और नमकीन में यह दो से छह गुणा ज्यादा पाया गया है. हाल ही में जर्नल साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन में प्रकाशित रिसर्च से पता चला है कि जरूरत से ज्यादा नमक आपके इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है. इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ बोन के इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सपेरिमेंटल इम्यूनोलॉजी में प्रोफेसर डॉ. क्रिश्चियन कुर्ट्स का कहना है कि "अधिक मात्रा में नमक के सेवन से ब्लड प्रेशर में इजाफा हो जाता है.

> अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि नमक के सेवन के मामलें में भारतीय महिलाएं, पुरुषों से पीछे हैं, जो हर दिन करीब 7.9 ग्राम नमक का सेवन कर रही हैं, लेकिन यह मात्रा भी तय मानकों से 40 फीसदी ज्यादा है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं है.

## मीडिया में अन्यत्र

# जातीय समीकरण का महत्व

**विश्वनाथ** प्रताप सिंह सरकार द्वारा अगस्त 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने (जिसकी वजह से अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों को आरक्षण में हिस्सेदारी मिली) की घोषणा के 11 महीने बाद पीवी नरसिंह राव सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की दिशा में शुरुआती कदम बढ़ाए. निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े और सामाजिक और आर्थिक तरक्की के लिए सरकारी नौकरियां ही प्राथमिक वाहक नहीं रहीं. निश्चित रूप से आर्थिक उदारीकरण ने सरकार का राजस्व बढ़ाने में मदद की. उसने केंद्रीय और राज्य सरकारों को समाज कल्याण के लिए और अधिक धन मुहैया कराया. उदाहरण के लिए मौजूदा सरकार का कहना है कि उसकी कई कल्याण योजनाएं मसलन मुद्रा योजना के लाभार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित और महिलाएं हैं. आर्थिक उदारीकरण ने अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए कौशल आधारित रोजगार भी तैयार किए हैं. मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद पूर्व समाजवादी पार्टियों के विभिन्न अवतारों में शीर्ष पदों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नेताओं की उपस्थिति बढ़ी. भारतीय जनता पार्टी ने बदलाव को अपनाने में कांग्रेस की तुलना में अधिक तेजी दिखाई. मंडल ने उत्तर और पश्चिम भारत की राजनीति को बदल दिया. दक्षिण भारत के राज्य यह प्रक्रिया सन 1960 के दशक से ही देख रहे थे. बहरहाल, मंडल आयोग से मुख्य रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग की रसूखदार जातियां लाभान्वित हुईं. देश की शिक्षा व्यवस्था की खस्ता हालत का अर्थ यह था कि इन जातियों में भी जो लोग हाशिये पर थे, उन्हें आर्थिक उदारीकरण के लाभों को हासिल करने लायक कौशल हासिल नहीं हो सका. इस बीच अन्य पिछड़ा वर्ग में राज्य और केंद्र की सूचियों में 1990 के बाद से काफी इजाफा हुआ है. हाल के वर्षों में मराठा जैसी कई जातियां इस सूची में शामिल होने के लिए सड़कों पर उतरीं. सामाजिक न्याय की हिमायत करने वाले नेताओं ने मांग की है कि आरक्षण को निजी क्षेत्र में भी लागू किया जाना चाहिए या फिर यह भी कि अब वक्त आ गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण के लिए तय 50 फीसदी की सीमा को भंग किया जाए. (बिजनेस स्टैंडर्ड)



## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### नाक/नाका

**मोहन** की नाक हमेशा चढ़ी रहती थी. वह सोहन के हर फैसले में अपनी नाक घुसाने में परहेज नहीं करता था. उसकी हर बात पर नाक भौं सिकोड़ता था और उसकी नाक कटवाने पर आमादा रहता था. फिर भी न जाने क्यों वह सोहन की नाक का बाल था. ऐसे दोस्त जब दुश्मन बनते हैं तो केवल नाक में दम नहीं कर देते, बल्कि नाको चने चबवा देते हैं और अंततः नाक रगड़ने पर मजबूर कर देते हैं. इन वाक्यों में नाक शब्द का प्रयोग अनेक बार अनेक भावों में हुआ है. सर्वविदित है कि नाक चेहरे पर उभरा हुआ एक लंबोतरा अंग है, जो आंखों के नीचे और मुंह के ऊपर ठीक बीचोबीच होता है. यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि नाक संस्कृत मूल का हिंदी संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका मतलब है सांस लेने और सूंघने की इंद्रिय. नाक से बोलने और स्वरों आदि का उच्चारण करने में भी सहायता मिलती है. मस्तक या मस्तिष्क के अंदर का मल इसी नाक के माध्यम से बाहर आता है. लोक व्यवहार में नाक को प्रतिष्ठा, मर्यादा, इज्जत, सौदर्य का प्रतीक माना जाता है. यही कारण है कि नाक से बहुत सारे मुहाबरे बने हैं, जिनकी एक छोटी सी झलक ऊपर के वाक्यों में दिखायी गयी है. फारसी भाषा में भी नाक शब्द है, लेकिन एक प्रकार के प्रत्यय के रूप में, जो भरा हुआ या पूर्ण होने का अर्थ देता है. जैसे दर्दनाक, खौफनाक, खतरनाक आदि. इससे मिलता-जुलता शब्द है नाका, जिसका मतलब है किसी दुर्ग, नगर, बस्ती आदि में प्रवेश का प्रमुख स्थान, रास्ते का वह छोर जहां से अन्य रास्ते निकलते हैं, वह स्थान जहां पहरा देने या महसूल आदि वसूलने के लिए रक्षक खड़े रहते हैं, थाना, चौकी, जुलाहों के ताने का तागा बांधने का एक उपकरण, सुई का छेद, नाका छेंकना, मतलब आने-जाने का रास्ता रोकना. नाका से बने शब्द नाकाबंदी का मतलब है नाके पर पहरा बैठाना.

# सहायता लेकर बुरे फंसे यार!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

किसी से सहायता लेना संसार में सबसे बुरा काम है. शुरू में तो यह लगता है कि अगर कोई हमारी सहायता कर रहा है और हम उससे सहायता ले लेते हैं तो इसमें बुराई कुछ नहीं है. दूसरे को परोपकार करने का अवसर हम प्रदान करते हैं. उसको समाज सेवा का अवसर मिल जाता है और हमारी समस्या का समाधान हो जाता है. लेकिन बात इतनी सीधी और सरल नहीं होती. सहायता करने वाला अनेक बार पीछे पड़ जाता है. हटने का नाम नहीं लेता. सहायता एक लंबी प्रक्रिया बन जाती है. कई लोग बिस्कुट का एक पैकेट या एक फल या चार रोटी का पैकेट किसी को सहायता के तौर पर देने आते हैं और अगले दिन व्यक्ति जब अखबारों में अपना फोटो प्रकाशित हुआ देखता है तो उसकी समझ में नहीं आता कि वह अखबार छुपाए या अखबार में छपा हुआ अपना चेहरा छुपाए? अखबार छुपाने से नहीं छुप सकता. पूरे शहर में बँट चुका होता है. व्यक्ति को मजबूर होकर अपना चेहरा कुछ और ज्यादा छुपाना पड़ता है. कोई पहचान न ले! आदमी की दुर्गति होकर रह जाती है। जिस गली-मोहल्ले से निकल गया, छोटे-छोटे बच्चे भी उसके चेहरे का मिलान अखबार में छपे हुए फोटो से कर बैठते हैं और चिल्ला कर कहते हैं "देखो! वह जा रहा है सहायता प्राप्त करने वाला व्यक्ति." जिसने सहायता की है उसका तो उद्देश्य ही यही होता है कि सब लोग जानें कि दाता ने एक अदद केला किसी को दान में दिया है. उसका उद्देश्य पूरा हो गया. जिसने मदद ले ली, वह फंस गया. एक तरह से ओखली में सिर दे दिया. अब मूसलों से क्या घबराना! जो सहायता देता है वह जबतक जीवित रहता है उस व्यक्ति की ओर इशारा करके सबको बताता रहता है कि देखो! यह असहाय आदमी था, जिसको हमने सहायता करके अच्छा बनाया है. अनेक बार व्यक्ति अपने चार रिश्तेदारों को अथवा जान-पहचान के लोगों को साथ में लेकर सहायता प्राप्त करने वाले के घर आ धमकता है. सबके साथ बेचारे सहायता प्राप्त व्यक्ति का एक ग्रुप-फोटो हर छठे महीने किसी न किसी बहाने सहायता देने वाला खिंचवाता रहता है. उसे तो एक ही काम है कि सबको बताना कि देखो हमने अमुक व्यक्ति की सहायता की है. जिस तरह गन्ने का रस निकालने वाला गन्ने से एक बार रस निकालने के बाद संतुष्ट नहीं होता. दूसरी ,तीसरी और चौथी बार भी रस निकाल लेता है, ठीक उसी प्रकार सहायता करने वाला व्यक्ति सहायता लेने वाले व्यक्ति की बेइज्जती केवल एक बार करके चुप नहीं बैठता. बार-बार बेइज्जती की पुनरावृत्ति होती रहती है.



# एक्जिमा पर कंट्रोल संभव है





डॉ सरोज राय
डर्मेटोलॉजिस्ट
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

**एक्जिमा एक त्वचा रोग है जिसमें लगातार खुजली, चकत्ते, सूजन, फफोले, सूखी त्वचा, त्वचा का पपड़ीदार या दाग-धब्बेयुक्त होना जैसी समस्या होती है. एक्जिमा का कोई इलाज नहीं है लेकिन लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं. यह समस्या कई बार तुरंत-तुरंत परेशान कर सकती है तो लंबे समय के लिए सुप्त भी रह सकती है. यह संक्रामक त्वचा रोग नहीं है और संपर्क से नहीं फैलता है. एक्जिमा शरीर में कहीं भी प्रकट हो सकता है - कोहनी, गर्दन, घुटनों के पीछे, छाती या पीठ, पलकें आदि के अंदर. एक्जिमा का फीवर या अस्थमा से सीधा संबंध है.**

## एक्जिमा के खास प्रकार

### एटोपिक डर्मिटीज

यह एक्जिमा का सबसे सामान्य स्वरूप है. आमतौर पर एटोपिक डर्मिटीज बचपन में शुरू होता है और उम्र के साथ दूर भी हो जाता है. एटोपिक डर्मिटीज को हेल्थ केयर प्रोफेशनल ट्रायड कहते हैं- ट्रायड यानी तीन. दरअसल जो एटोपिक डर्मिटीज से ग्रसित होते हैं, वे दो अन्य रोग अस्थमा और हाई फीवर भी पीड़ित होते हैं. एटोपिक डर्मिटीज के लक्षणों में कोहनी या घुटनों में रैशेज की शिकायत होती है. त्वचा का जो हिस्सा प्रभावित होता है, उसका रंग सामान्य से हल्का या गहरा हो जाता है या फिर त्वचा थोड़ी मोटी हो जाती है. प्रभावित हिस्से पर छोटे-छोटे उभार हो जाते हैं. खुरंचने पर इससे कुछ लिक्विड सा रिसाव भी हो सकता है. एटोपिक डर्मिटीज होने के कई कारण हो सकते हैं. इनमें आनुवंशिकता, त्वचा का रूखापन, रोग प्रतिरोधात्मक व्यवस्था में समस्या, पर्यावरण की उत्तेजक परिस्थितियां,

### कॉन्टैक्ट डर्मिटीज

यदि आपके लाल, मोटी खुजलाहट भरी त्वचा हो जो किसी खास चीज के स्पर्श से बढ़ जाती हो तो संभव है कि आपको कॉन्टैक्ट डर्मिटीज हो. आमतौर पर इसके दो प्रकार हैं- एलर्जिक कॉन्टैक्ट डर्मिटीज और इरिटेंट कॉन्टैक्ट डर्मिटीज. लक्षणों की बात करें. त्वचा में खुजली, त्वचा का लाल हो जाना, त्वचा का हाइपर पिग्मेंटेड, गुलाबी आदि रंगत हो जाना इसके लक्षण हैं. त्वचा पर खुलाहट वाले उभार जिन्हे हाइव्स कहते हैं, दिख सकते हैं. लिक्विड भरे फफोले भी त्वचा पर दिख और फूट सकते हैं. समय के साथ त्वचा पपड़ीदार हो सकती या चमड़े की तरह दिख सकती है. कॉन्टैक्ट डर्मिटीज तब होता जब हम ऐसी किसी चीज का स्पर्श करते हैं जो हमारी त्वचा के लिए एलर्जिक या खुजलाहट भरी होती है. ऐसी चीजों में डिटर्जेंट, ब्लीच,ज्वैलरी, लेटेक्स, पेंट, प्वॉइजन आइवी या अन्य जहरीले पौधे, स्किन केअर प्रोडक्ट, साबुन, परफ्यूम, तंबाकू, सिगरेट आदि प्रमुख हैं.

### न्यूमुलर एक्जिमा

न्यूमूलर दरअसल एक लैटीन शब्द है जिसका अर्थ होता है सिक्का. इस तरह के एग्जिमा में त्वचा पर सिक्के के आकार का धब्बा सा बन जाता है जिसमें बेतरह खुजली की समस्या हो सकती है. किसी कीड़े के काटने या किसी धातु/रसायन से एलर्जिक रिएक्शन की वजह से यह हो सकता है. कई बार ड्राई स्किन की वजह से भी यह समस्या होती है.

### हैंड एक्जिमा

वह एग्जिमा जो केवल हमारे हाथों को प्रभावित करता है, हैंड एग्जिमा कहलाता है. हेयरड्रेसिंग, साफ-सफाई, लाउंड्री, हेल्थ केयर आदि से जुड़े काम करने वालों में जिन्हें नियमित तौर पर केमिकल के संपर्क में रहना पड़ता है, यह समस्या अधिक देखी जाती है. इसमें हाथ लाल हो जाते हैं, हाथों में हाईपिग्मेंटेशन, खुजलाहट, शुष्की की समस्या होती है. वहां क्रैक या फफोले से भी हो सकते. इस एग्जिमा का मुख्य कारण किसी रसायन का संपर्क है.

### डाइशिडरोटिक एक्जिमा

एक्जिमा का यह प्रकार पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक परेशान करता है. इसमें द्रव्य भरे फफोले अंगुलियों, अंगूठों, हथेलियों और पांव के तलवे में हो सकता है. ये फफोले इचिंग या दर्द भरे हो सकते हैं. इसकी वजह से त्वचा क्रेक और परतदार हो सकती है. डाइशिडरोटिक एक्जिमा एलर्जी, गीले हाथ-पांव, किसी खास चीज जैसे निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम साल्ट आदि के संपर्क में आने, तनाव, तंबाकू या सिगरेट का सेवन आदि इसके कारण हैं.

### सेबॉहिक डर्मेटीज

इसमें त्वचा पर पपड़ीदार, तैलीय धब्बे से बन जाते हैं जिनसे डैंड्रफ की तरह कुछ गुच्छे में निकलता है. शरीर के जिन हिस्सों में अधिक तेल की ग्रंथियां होती हैं, वहीं ये अधिक निकलते हैं. खोपरी की त्वचा, हेयरलाइन, अपर बैक, नाक आदि हिस्सों में यह समस्या अधिक आती है. इस तरह का चर्म रोग अक्सर जन्मजात बच्चों में होता है और क्रैडल कैप के नाम से जाना जाता है. जिंदगी में बाद के वर्षों में यह समस्या नहीं आती है. बड़ी उम्र में मौसम बदलने या ठंडी-शुष्क हवा आदि के कारण तात्कालिक समस्या हो सकती है, पर अधिक दिनों तक परेशान नहीं करती. इसके कारणों में मुख्यत: जेनेटिक फैक्टर, पर्यावरण आदि जिम्मेदार हैं. तनाव, बीमारी या हार्मोनल असंतुलन की वजह से भी यह हो सकता है.

### न्यूरोडर्मेटीज

यह एटोपिक डर्मेटीज के समान होता है. यह मोटी, पपड़ीदार धब्बे त्वचा पर नजर आते हैं. यह हाथ, पांव, गर्दन के पीछे, पांवों के नीचे या जननअंगों में नजर आ सकता है. आराम या नींद के समय इन प्रभावित क्षेत्रों में बेतरह खुजली परेशान कर सकती है. जिन्हें सोरायसिस की समस्या पहले रही है, उनमें न्यूरोडर्मेटीज होने की आशंका रहती है. सोरायसिस दरअसल एक ऑटो इम्यून डिजीज है जिसमें त्वचा पर लाल रंग की मोटी परत बन जाती है जो चकते की तरह दिखती है. इन चकत्तों में दर्द के साथ सूजन महसूस हो सकती है. बहरहाल न्यूरोडर्मेटीज का कारण क्या है, यह अब तक जाहिर नहीं हो सका है, लेकिन माना जाता है कि तनाव होने पर समस्या बढ़ जाती है.

### स्टैसिस डर्मेटाइटिस

स्टैटिस डर्मेटाइटिस में पैरों का निचला हिस्सा सूज सकता है, खासकर दिन के दौरान जब आप चल रहे हों, पैरों में दर्द हो सकता है या भारीपन महसूस हो सकता है. आपके निचले पैरों और पैरों के ऊपरी हिस्से पर खुले घाव हो सकते हैं. स्टैसिस डर्मेटाइटिस उन लोगों में होता है जिनके निचले पैरों में रक्त प्रवाह की समस्या होती है. यदि वाल्व जो आम तौर पर आपके पैरों के माध्यम से रक्त को आपके हृदय की ओर धकेलते हैं, ख़राब हो जाते हैं, तो रक्त आपके पैरों में जमा हो सकता है. आपके पैर सूज सकते हैं और वैरिकाज़ नसें बन सकती हैं.

## डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलने से पहले ध्यान दें

एग्जिमा की वजह से आपकी दिन-प्रति-दिन की जिंदगी प्रभावित हो रही है तो तत्काल किसी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें. चिकित्सक से मिलने जाने से पहले इन बातों को नोट करें- आपने क्या खाया, क्या पिया? कौन से स्किन प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, मेकअप के सामान, साबुन व डिटर्जेंट के बारे में जानकारी दें. अपनी गतिविधियों जैसे स्वीमिंग पूल में नहाना, किसी ऐसी जगह जाना जहां केमिकल का इस्तेमाल होता है, के बारे में विस्तृत जानकारी दें. कितनी देर नहाते हैं या नहाने का पानी का तापमान कैसा है, आदि के बारे में भी जानकारी दें.

इसके लिए चिकित्सक एलर्जिक टेस्ट भी कर सकते हैं. इस टेस्ट में कुछ इरिटेटिंग तत्व को करीब 20-25 मिनट त्वचा पर रख कर प्रतिक्रिया देखी जाती है.

एग्जिमा की समस्या आने और जाने वाली होती है. जब इसके लक्षण उभरे कुछ दवा व इलाज की दरकार होती है. खुजहलाहट की समस्या कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स या ऑनिटमेंट क्रीम से दूर हो सकती है. जल्दी राहत के लिए ओरल स्टेरॉइड या एंटीबायोटिक के सेवन की सलाह चिकित्सक दे सकते हैं.



## बचाव जरूरी है

- रूखेपन से बचने के लिए हमेशा त्वचा को मॉइस्चराइज़ करें.
- कठोर साबुन से बचें.
- खुजली वाली जगह पर ठंडे गीले कपड़े के मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करें
- उत्पादों को पूरी तरह से लगाने से पहले हमेशा त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर परीक्षण करें.
- गर्म या ठंडे शावर सहित अत्यधिक तापमान से बचें.



# स्वस्थ फेफड़ों के लिए कीजिए ये 5 सरल आसन

**शरीर के सभी अंगों को स्वस्थ रखने के लिए फेफड़ों का स्वस्थ बने रहना सबसे आवश्यक माना जाता है. श्वसन क्रिया को सुचारू रूप से जारी रखने से लेकर शरीर के सभी अंगों तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचाने तक में फेफड़ों का महत्वपूर्ण योगदान होता है. फेफड़ों को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा तरीका है-योग. कहा जाता है कि योग तनाव के स्तर को कम करता है और फेफड़ों को मजबूत बनाकर उनकी कार्यक्षमता में सुधार करता है. कई योगासनों को फेफड़ों की क्षमता में सुधार करने और उन्हें मजबूती देने में फायदेमंद पाया गया है.**



### त्रिकोणासन

सीधे खड़े हो जाइए. गहरी सांस लीजिए. धीरे-धीरे सांस छोड़ते एक हाथ नीचे की ओर ले जाइए व दूसरा हाथ आकाश की ओर इससे पेट की बाहरी मसल की कसरत होती है. श्वसन प्रक्रिया बेहतर बनती है.



### ताड़ासन

जब आप अपने पैर के पंजों पर खड़े होते हैं और हाथों को सिर के ऊपर सीधे खींचते हैं, तो रेस्पिरेटरी सिस्टम में ऑक्सीजन के लिए अधिक जगह बनती है. इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है.



### वृक्षासन

इस आसन में एक पैर पर खड़े होकर दोनों हाथों को ऊपर जोड़ते हुए उलटा वी बनाया जाता है. इस स्थिति में जाने के दौरान गहरी सांस लेनी होती है और सामान्य स्थिति में लौटते समय, सांस छोड़ेंगे.



### बलासन

जमीन पर बैठकर हाथों को भी जमीन पर टिकाना होता है. इससे ब्रीदिंग पैटर्न नियमित होता है. फेफड़ों में ऑक्सीजन बढ़ती है और रक्त में भी अधिक ऑक्सीजन पहुंचती है.



### मत्स्यासन

इसमें पालथी बनाकर जमीन पर बैठ कर सिर की पीछे की ओर जमीन पर टिकाना होता है. रीढ़ की हड्डी जमीन से ऊपर उठी रहती है. छाती ऊपर उठी हुई रहती है, फेफड़ों में ऑक्सीजन के लिए अधिक जगह होती है.

# ये भी हैं कैल्शियम के पावर हाउस

आहार में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा बेहद जरूरी है. कैल्शियम की कमी से हड्डियों की समस्या बहुत कम उम्र में ही परेशानी देने लगती है. ऐसे में ज़रूरी है कि डाइट में इसकी मात्रा का खास ध्यान रखा जाए. दूध में कैल्शियम भरपूर होता है और इसीलिए हड्डियों की मजबूती के लिए नियमित दूध पीने की सलाह दी जाती है. लेकिन कई लोगों को दूध का स्वाद नहीं भाता है. ऐसे में निराश होने की दरकार नहीं, क्योंकि दूध के अलावा भी कई खाद्य पदार्थ में भरपूर मात्रा में कैल्शियम उपलब्ध है.

**सीड्स** : इन दिनों आहार विशेषज्ञ तरह-तरह के बीज खाने की सलाह देते हैं. तिल और चिया सीड्स खास तौर पर कैल्शियम की जरुरत पूरी करने में सक्षम हैं.

**दही** : दही शरीर में कैल्शियम की कमी को दूर कर सकता है क्योंकि यह एक फर्मेंटेड फूड है. दूध नहीं पीना चाहते हैं तो बेफिक्र हो कर दही खाएं.

**टोफू** : शरीर में कैल्शियम की कमी पूरी करने के लिए टोफू को सुबह या शाम के नाश्ते में शामिल करें. यह दूध नहीं पीने की कमी पूरा करेगा.

**चीज़** : दूध की जगह पर चीज़ को भी डाइट में शामिल कर सकते हैं. एक चीज़ स्लाइस में 150-180 एमजी कैल्शियम की मात्रा पाई जाती है.

**बादाम** : बादाम में भी भरपूर कैल्शियम होता है. 100 ग्राम बादाम में लगभग 264 एमजी कैल्शियम पाया जाता है.

**बीन्स और दालें** : बीन्स और दालें प्रोटीन से भरपूर होने के साथ ही कैल्शियम की कमी को भी पूरा करती हैं. अगर दूध नहीं पीते तो बींस-दाल जरुर खाएं.



**अंजीर** : अंजीर को भी कैल्शियम का अच्छा सोर्स माना जाता है. इसके नियमित सेवन से हड्डियों से जुड़ी बीमारियां दूर भागने के साथ ही विकास भी होता है.

## रिसर्च रिपोर्ट

ब्रश करना भूले तो, भूल जाएंगे बहुत कुछ हम सभी को पहले से मालूम है कि दांत-मसूड़े साफ नहीं होने से हार्ट डिजीज, कैंसर, डायबिटीज और आर्थराइटिस का खतरा बढ़ता है. लेकिन नई रिसर्च के अनुसार खराब ओरल हाइजीन का दिमाग पर भी असर पड़ता है.

## क्या है मामला

नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्निंजेन की जेरियाट्रिक डेंटेस्ट्री की प्रोफेसर डॉ. अनीता विजसर ने अपने शोध कार्य में देखा कि दांतों और मसूड़ों की खराबी के चलते बुजुर्गों में अल्जाइमर और डिमेंशिया (मनोभ्रम या भूलने की बीमारी) का खतरा बढ़ता है. उन्होंने कहा कि डिमेंशिया के रोगियों में मुंह की सफाई करना भी मुश्किल होता है. इसलिए बीमारी की गंभीरता और बढ़ जाती है.

यह शोध एक हजार से अधिक मरीजों पर किया गया. डॉ. अनीता विजसर ने इसके लिए एक हजार से अधिक मरीजों का अध्ययन किया है. 2019 में हुए में एक अन्य रिसर्च में भी करीब 30,076 लोगों पर हुए 14 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया है. इसमें पाया गया है कि खराब ओरल हाइजीन का दुष्प्रभाव मानसिक बीमारियों पर भी पड़ता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# दमदार नीरज, कमाल किशोर



**87.54 मीटर का थ्रो कर किशोर जेना ने जीता रजत**

## जेवलिन थ्रो में भारत का दबदबा

भाषा । हांगझोउ

ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर का थ्रो फेंककर एशियाई खेलों की भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि किशोर जेना ने 87.54 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया. भालाफेंक स्पर्धा में मुकाबला दोनों भारतीयों के ही बीच था और जेना ने एक समय 86 .77 मीटर के अपने तीसरे थ्रो के साथ बढत भी बना ली थी लेकिन पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा ने अपने चौथे थ्रो पर 88.88 मीटर फेंककर फिर बढत बना ली. चोपड़ा ने 82.38, 84.49, 88.88 और 80 . 80 मीटर के थ्रो फेंके. उनका तीसरा और छठा थ्रो फाउल रहा. वहीं जेना ने 81.26, 79.76, 86.77 और 87.54 के थ्रो फेंके . उनका पांचवां और छठा थ्रो फाउल रहा. जापान के डीन रौड्रिक गेंकी ने 82.68 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता.



**88.88 मीटर थ्रो के साथ नीरज ने जीता स्वर्ण पदक**

### तीरंदाजी: देवताले-ज्योति ने स्वर्ण पदक जीता



भारतीय तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फाइनल में दक्षिण कोरिया की जोड़ी को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया . मौजूदा खेलों में भारत के चार पदक हो गए हैं जो इंचियोन 2014 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल तीन पदक के देश के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है . फाइनल में 21 साल के विश्व चैंपियन देवताले ने एक अंक गंवाया लेकिन ज्योति ने अपने आठ तीर में 'परफेक्ट' स्कोर के साथ भारत की जीत की नींव रखी . शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जोड़ियों के बीच हुए फाइनल में शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने बेहद रोमांचक और करीबी मुकाबले में जो चेइवोन और जू जेइहून की जोड़ी को 159-158 से हराया .

### पदकों के लिहाज से भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**टूटा रिकॉर्ड**

**81 पदकों के साथ भारत का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

भारतीय दल ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों में पदकों के लिहाज से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पिछले खेलों में 70 पदक के आंकड़े को पीछे छोड़ा. भारत का पदक के लिहाज से पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जकार्ता और पालेमबांग में हुए 2018 एशियाई खेलो में था जिसमें देश ने 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य पदक सहित कुल 70 पदक जीते थे. भारत के पैदल चाल खिलाड़ियों मंजू रानी और राम बाबू ने बुधवार को 35 किमी मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने 2018 खेलों में 70 पदक के आंकड़े की बराबरी की. ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम की कंपाउंड मिश्रित तीरंदाजी टीम ने इसके बाद स्वर्ण पदक के रूप में मौजूदा खेलों में भारत का 71वां पदक जीता. फिलहाल भारत की पदकों की संख्या 77 है. भारत के मिशन प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि भारत ने एशियाई खेलों में पदक तालिका में 70 का आंकड़ा पार करके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अपनी छाप छोड़ी .

### 4x400 मीटर रिले दौड़ भी रही स्वर्णिम



अनस मोहम्मद याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने 3 : 01 . 58 सेकंड का समय निकालकर पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक जीता . भारत की वित्या रामराज, ऐश्वर्य मिश्रा, प्राची और शुभा वेंकटेशन ने महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया. भारतीय चौकड़ी ने 3 : 27 . 85 सेकंड का समय निकाला जबकि बहरीन ने स्वर्ण और श्रीलंका ने कांस्य पदक जीता.

### लवलीना को रजत, परवीन ने कांस्य जीता



तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को एशियाई खेलों में बुधवार को एकतरफा फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि परवीन हुड्डा को कांस्य पदक मिला. मौजूदा एशियाई चैंपियन लवलीना को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लि कियान ने 75 किलो फाइनल में हराया. इसके साथ ही मुक्केबाजी में भारत की चुनौती समाप्त हो गई. भारत ने एक रजत और चार कांस्य समेत पांच पदक जीते.

### फाइनल में पहुंची दीपिका-हरिंदर की जोड़ी



दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हांगकांग की जोड़ी को हराकर एशियाई खेलों के फाइनल में जगह बनाई. भारतीय जोड़ी ने ली का यी और वोंग ची हिम की हांगकांग की जोड़ी को सेमीफाइनल में 2-1 (7-11 11-7 11-9) से शिकस्त दी. अनाहत सिंह और अभय सिंह की दूसरी भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को हालांकि सेमीफाइनल में शिकस्त मिली.

### कबड्डी: भारत की पुरुष व महिला टीम जीती

भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां दोनों वर्ग में थाईलैंड के खिलाफ आसान जीत दर्ज की. सात बार की चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने ग्रुप ए में थाईलैंड को 63-26 से हराया जबकि महिला टीम ने भी ग्रुप ए में 54-22 से जीत दर्ज की. जकार्ता में 2018 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम की नजरें एक बार फिर एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक पर हैं. भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए मध्यांतर तक 37-9 की बढ़त बनाई. भारत ने मुकाबले की शुरुआत में कुछ मिनटों में ही थाईलैंड की टीम को पहली बार 'ऑल आउट' कर दिया.

### सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने कड़े मुकाबले में लियो रोली केरनांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी को हराकर बुधवार को यहां एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने 84 मिनट चले मुकाबले में अंतत: 24-22, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की. इंडोनेशिया की दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ भारतीय जोड़ी कभी दबदबा नहीं बना पाई. दोनों जोड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली. पहले गेम में हालांकि सात्विक के दमदार स्मैश ने अंतर पैदा किया.

### सिंधू व प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय सीधे गेम में जीत दर्ज करते हुए क्रमश: महिला और पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे. पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ 21-16 21-16 से आसान जीत दर्ज की. सिंधू क्वार्टर फाइनल में चीन की ही बिंगजियाओ से भिड़ेंगी. दो साल पहले तोक्यो ओलंपिक में भी उन्होंने चीन की इस खिलाड़ी को हराकर पदक से वंचित किया था.

## ब्रीफ खबरें

### जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप टला

**देवघर।** राज्यभर में लगातार कई दिनों हो रही बारिश को देखते हुए देवघर में प्रस्तावित 17वीं राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है. इस चैंपियनशिप का आयोजन 5-7 अक्टूबर तक देवघर के कुमैठा स्टेडियम में आयोजित होनाथा. लेकिन प्राकृतिक आपदा को देखते हुए आयोजन समिति ने बैठक कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि अब चैंपियनशिप का आयोजन 24 से 26 नवंबर तक किया जाएगा. जिला एथलेटिक संघ ने बताया है कि एथलेटिक संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक की अगुवाई में ऑनलाइन मीटिंग में फैसला लिया गया है. गौरतलब हो कि गुरूवार से होने वाले इस चैंपियनशिप में राज्यभर से लगभग 1200 खिलाड़ी व 160 तकनीकी अधिकारी देवघर पहुंचने वाले थे.

### जनजातीय खेल प्रतियोगिता आज

**लातेहार।** जिला स्टेडियम लातेहार में गुरूवार को ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया जायेगा. इस प्रतियोगिता का आयोजन पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद व युवा कार्य विभाग, रांची के निर्देश पर किया जा रहा है. इसमें तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ और सेकोर खेल सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी. प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्र सीमा 14 से 40 वर्ष हैं. लातेहार के जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने इसकी जानकारी दी. संजीत कुमार ने बताया कि तीरंदाजी में 20 मीटर की दूरी से टारगेट पर निशाना लगाना है. यह ग्रामीणों द्वारा निर्मित तीर- धनुष से होगा.

## बहरागोड़ा में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत धानघोरी गांव के फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल खेल का शुभारंभ पंच्चपल्ली आदिवासी क्लब द्वारा किया किया गया. प्रतियोगिता में पहला मैच खाड़वांन्दा बनाम भुतिया के बीच खेला गया. इस अवसर पर मुखिया राम मुर्मू ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल में किक मारकर मैच का उद्घाटन किया. इस मौके पर ग्राम प्रधान समाय मुर्मू, कूनू हेम्ब्रम, रवीन हेम्ब्रम, विनन्द पातर, संजय पातर, लादेन हेम्ब्रम, रूपाइ हेम्ब्रम, विश्वजीत राना, कृष्णो मान्ना सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## कटकमसांडी के बच्चों ने किया कमाल

संवाददाता । हजारीबाग

### राज्य स्तरीय खेलो झारखंड



रांची खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शहदेव इंडोर स्टेडियम में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 17/19 बालक, बालिका वूशु स्कूली खेल (एसजीएफआई) प्रतियोगिता में प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी के वूशु खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण, 2 रजत और 10 कांस्य के साथ कुल 13 पदक पर जीत दर्ज कर जिला के साथ प्रखंड और स्कूल का नाम रोशन किया है. खिलाड़ियों के सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है. सभी विजेता खिलाड़ियों को बुधवार को पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया. प्रधानाध्यापिका डॉ. शिखा खाखा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा राज्य स्तर 13 पदक जीतना विद्यालय के लिए बहुत बढ़ी बात है. वहीं कोच सह शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार ने बताया कम सुविधा में ग्रामीण क्षेत्र के वूशु खिलाड़ियों के द्वारा 13 पदक जीतना उनके उनके नेचुरल टेलंट को दर्शाता है. इन खिलाड़ियों को अगर सारी सुविधा, खेल उपकरण प्रदान किया जाए तो निश्चित ही यह राज्य क्या राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा सकते हैं.

## आओ जानें

### एशियाई खेल पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 171 | 94 | 51 | 316 |
| जापान | 37 | 51 | 59 | 147 |
| दक्षिण कोरिया | 33 | 45 | 70 | 148 |
| भारत | 18 | 31 | 32 | 81 |
| उज्बेकिस्तान | 16 | 16 | 22 | 54 |
| चीनी ताइपे | 12 | 14 | 20 | 46 |
| थाईलैंड | 10 | 12 | 24 | 46 |
| उत्तर कोरिया | 9 | 11 | 8 | 28 |
| बहरीन | 9 | 1 | 5 | 15 |
| हांगकांग | 7 | 15 | 28 | 50 |

**एशियाई खेल** भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से पराजित किया

## भारत और जापान के बीच होगा फाइनल मुकाबला

भाषा । हांगझोउ



शुरूआती क्वार्टर में ही तीन गोल करने के बाद कोरियाई पलटवार का डटकर सामना करते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने बुधवार को 5-3 से जीत के साथ एशियाई खेलों के फाइनल में प्रवेश कर लिया. भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी बार 2014 इंचियोन खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई किया था. पिछली बार जकार्ता में 2018 में भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था. भारत का सामना सात अक्टूबर को फाइनल में चीन या जापान से होगा. भारत के लिये हार्दिक सिंह (पांचवां मिनट) , मनदीप सिंह (11वां मिनट) और ललित उपाध्याय (15वां) ने पहले क्वार्टर में ही तीन गोल कर दिये थे. दूसरे क्वार्टर में हालांकि कोरिया के माने जुंग ने 17वें और 20वें मिनट में दो गोल करके भारतीय खेमे में खलबली मचा दी. भारतीयों ने पलटवार पर 24वें मिनट में बढत बनाई जब अमित रोहिदास ने गोल दागा. इस बीच कोरिया के लिये जुंग ने फिर 47वें मिनट में गोल कर दिया.

**खास बातें**

- 5 मैचों ने 58 गोल दाग चुकी है भारतीय टीम
- 2018 में कांस्य पदक जीता था भारत ने

### हरमनप्रीत ने कोरियाई डिफेंस को छितर बितर

पहले क्वार्टर में कोरियाई हाफ में ही सारा खेल हुआ और हरमनप्रीत सिंह की टीम ने उनके डिफेंस को छितर बितर कर दिया. हार्दिक ने पांचवें मिनट में ही भारत को बढत दिलाई जब ललित का शुरूआती शॉट नाकाम रहने के बाद उसने रिबाउंड पर गोल किया. तीन मिनट बाद मनदीप सर्कल के भीतर खाली पड़े गोल में गेंद लेकर दौड़े लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया. भारत के लिये दूसरा गोल मनदीप ने गुरजंत के पास पर 11वें मिनट में किया जो टूर्नामेंट में उनका दसवां गोल था. भारत को 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर हरमनप्रीत गोल नहीं कर सके. ललित ने पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में हरमनप्रीत की रिवर्स हिट कोरियाई गोलकीपर द्वारा बचाये जाने के बाद रिबाउंड पर तीसरा गोल दागा. दूसरे क्वार्टर में कोरियाई टीम ने जवाबी हमले बोलकर दो गोल कर डाले. दूसरे क्वार्टर के दूसरे ही मिनट में कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे जुंग ने वैरिएशन के जरिये गोल में बदला. तीन मिनट बाद उन्होंने अपनी टीम के लिये दूसरा गोल किया. दो गोल गंवाने के बाद सकते में आई भारतीय टीम के लिये रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर चौथा गोल दागा. कोरिया के लिये तीसरा गोल भी पेनल्टी कॉर्नर पर जुंग ने किया.

## फील्ड अपडेट

### चाकुलिया प्रीमियर लीग का फाइनल 8 को




**चाकुलिया।** चाकुलिया के केदारनाथ झुनझुनवाला उच्च विद्यालय मैदान में एएस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में खेले जा रहे चाकुलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ के सारे मैच आगामी 8 अक्टूबर को खेले जाएंगे. टूर्नामेंट का लीग स्टेज खत्म हो गया है और अब प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे. लोधा लायंस, द ब्लड, टाइगर्स और गजराज ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है. लोधा लायंस पहले स्थान पर रही. वहीं द ब्लड दूसरे स्थान पर. इसके बाद गजराज तीसरे और टाइगर्स चौथे स्थान पर रही. ऐसे में लोधा लायंस और द ब्लड के बीच पहला क्वालीफायर और टाइगर्स और गजराज के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा. पहला क्वालीफायर मुकाबला लोधा लायंस और द ब्लड के बीच शाम 4 बजे खेला जाएगा. इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी. वहीं हारने वाली टीम को फाइनल में जाने का एक और मौका मिलेगा. इसके बाद गजराज और टाइगर्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला शाम 7 बजे खेला जाएगा. इस मैच में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी. वहीं विजेता टीम पहले क्वालीफायर में हारने वाली टीम के साथ दूसरा क्वालीफायर मैच खेलेगी. इसके बाद पहला क्वालीफायर हारने वाली टीम और एलिमिनेटर मैच जीतने वाली टीम दूसरा क्वालीफायर मुकाबला खेलेगा. पहले क्वालीफायर की विजेता टीम और दूसरे क्वालीफायर की विजेता टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. प्रतियोगिता के फाइनल मैच के विजेता टीम को 25 हजार नकद और ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 20 हजार व टॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा.

# सिक्किम में कुदरत का कहर...



उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया. तीस्ता नदी उफान पर आ गई और कई लोगों को पलायन करना पड़ा. बाढ़ की त्रासदी को दर्शाती तस्वीरें. -फोटो : पीटीआई

## आओ जानें

### वन क्षेत्र (भूमि क्षेत्र का प्रतिशत)

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूरीनाम | 97.4% | मेक्सिको | 33.8% |
| गुयाना | 93.6% | नॉर्वे | 33.4% |
| गैबॉन | 91.3% | जर्मनी | 32.7% |
| फ़िनलैंड | 73.7% | इटली | 32.3% |
| स्वीडन | 68.7% | स्विट्जरलैंड | 32.1% |
| जापान | 68.4% | फ्रांस | 31.5% |
| द. कोरिया | 64.4% | तुर्की | 28.9% |
| मोंटेनेग्रो | 61.5% | भारत | 24.3% |
| स्लोवेनिया | 61.5% | नाइजीरिया | 23.7% |
| ब्राज़ील | 59.4% | चीन | 23.4% |
| एस्टोनिया | 57% | ऑस्ट्रेलिया | 17.4% |
| लातविया | 54.8% | डेनमार्क | 15.7% |
| कोलंबिया | 53.3% | द. अफ्रीका | 14.1% |
| वेनेजुएला | 52.4% | आयरलैंड | 11.4% |
| इंडोनेशिया | 49.1% | अर्जेंटीना | 10.4% |
| ऑस्ट्रिया | 47.3% | इज़राइल | 6.5% |
| वियतनाम | 46.7% | पाकिस्तान | 4.8% |
| थाईलैंड | 38.9% | यूएई | 4.5% |
| कनाडा | 38.7% | अफगानिस्तान | 1.9% |
| न्यूजीलैंड | 37.6% | सऊदी अरब | 0.5% |
| स्पेन | 37.2% | मिस्र | 0% |
| क्रोएशिया | 34.7% | विश्व | 31.2% |
| यूएस | 33.9% | | |

## ब्रीफ खबरें

### भारत में कोविड-19 के 38 नये मामले आए

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 38 नये मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 396 दर्ज की गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 5,32,034 हो गई है. वहीं, देश में संक्रमितों की संख्या 4,49,98,954 हो गई है.

### मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, 5 घायल

**बाल्टीमोर।** अमेरिका के बाल्टीमोर में मंगलवार को मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में एक आवासीय हॉल के सामने हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने छात्रों से कॉलेज के परिसर में आश्रय लेने का आग्रह किया. इस ऐतिहासिक कॉलेज की स्थापना अश्वेत छात्रों के शिक्षित करने के उद्देश्य से की गयी थी. बाल्टीमोर पुलिस विभाग ने शुरुआत में बताया कि परिसर में हमलावर के मौजूद होने के मद्देनजर अधिकारी रात साढ़े नौ बजे घटनास्थल पर मौजूद थे.

### वायुसेना को मिला दो सीटों वाला पहला एलसीए तेजस

**बेंगलुरु।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने दो सीटों वाला पहला हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस, बुधवार को वायुसेना को सौंप दिया. बेंगलुरु स्थित कंपनी के मुख्यालय ने कहा कि दो सीटों वाले इस विमान में वायुसेना की प्रशिक्षण जरूरतों में सहयोग की सारी क्षमताएं हैं और आवश्यकता पड़ने पर यह लड़ाकू की भूमिका भी निभाता है. वायुसेना को 'एलसीए तेजस' सौंपे जाने के कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट मुख्य अतिथि थे.

### नेपालगंज में दो समुदाय के बीच झड़प, लगा कर्फ्यू

**काठमांडू।** हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर नेपाल के एक शहर में मंगलवार को कर्फ्यू लगाए जाने और सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद बीती रात शांति बनी रही. नेपालगंज में सप्ताहांत के दौरान तनाव की शुरुआत तब हुई जब एक हिंदू समुदाय के लड़के ने सोशल मीडिया पर मुस्लिम समुदाय को लेकर सामग्री साझा की. मुस्लिम समुदाय के लोगों ने क्षेत्र के मुख्य सरकारी प्रशासक कार्यालय भवन के अंदर विरोध किया, सड़कों पर टायर जलाए और यातायात अवरुद्ध किया.

### दो फायरिंग रेंज सशस्त्र बलों के लिए उपलब्ध

**तवांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अत्यंत संवेदनशील वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से 50 किलोमीटर के हवाई दायरे के भीतर अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न तरह के हथियारों और निगरानी उपकरणों के अभ्यास के लिए इस अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में स्थित दो 'फायरिंग रेंज' को सशस्त्र बलों को उपलब्ध कराया गया है. दस हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित मंडला और कामराला फायरिंग रेंज की जमीन सशस्त्र बलों को सौंपने की पहल मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने की थी.

## सिक्किम में अचानक बाढ़ आने व बांध से पानी छोड़ने से बिगड़ी स्थिति

# 5 मरे, 23 जवान लापता

**भाषा। गंगटोक**

उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे पांच लोगों की मौत हो गए और सेना के 23 जवान लापता हो गए. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अचानक बाढ़ आने और एक बांध से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति और बिगड़ गई. बाढ़ मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे आई. सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) के एक अधिकरी ने कहा कि बचाव एवं राहत प्रयासों के दौरान सिंगताम से तीन शव बरामद किए गए हैं. एसएसडीएमए ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि ल्होनक झील के कुछ हिस्सों पर बादल फटने से बुधवार तड़के तीस्ता नदी बेसिन पर झील में अचानक जलस्तर बढ़ गया, जिससे मंगन, गंगटोक, पाकयोंग और नामची जिलों में कई प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा. शिक्षा विभाग ने एक परिपत्र में कहा कि सिक्किम के चार जिलों में सभी स्कूल आठ अक्टूबर तक बंद रहेंगे.

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि लाचेन घाटी के कई प्रतिष्ठान बाढ़ की चपेट में आए हैं. चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण झील में जलस्तर अचानक 15 से 20 फुट तक बढ़ गया. रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इससे सिंगताम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन डूब गए. उन्होंने बताया कि सेना के 23 जवानों के लापता होने की खबर है और 41 वाहन कीचड़ में धंसे हुए हैं. तलाश एवं बचाव अभियान जारी है. रक्षा अधिकारियों के अनुसार, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) बचाव अभियान चला रहा है और अभी तक 80 स्थानीय लोगों को बचा लिया गया है. गंगटोक जिले में सिंगताम पर बना एक पुल बुधवार को तीस्ता नदी में बाढ़ आने के कारण पूरी तरह से बह गया.

### चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण झील का जलस्तर बढ़ा



**प्राकृतिक आपदा**

- बीआरओ द्वारा तलाश व बचाव अभियान जारी
- सिक्किम के चार जिलों में सभी स्कूल 8 तक बंद

बादल फटने से लाचेन घाटी में जमा बाढ़ का पानी. -फोटो : पीटीआई

### पीएम ने मुख्यमंत्री तमांग से की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग से बात की और राज्य में बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आयी बाढ़ से उपजे हालात की समीक्षा की. प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया.

### प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने जताई चिंता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिक्किम में अचानक आई बाढ़ के बाद 23 सैनिकों के लापता होने की खबर पर बुधवार को चिंता जताई और अपनी सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया है.



स्थिति का जायजा लेने पहुंचे सीएम प्रेम सिंह तमांग.

### इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से आहत हूं: तमांग

मुख्यमंत्री पी एस तमांग ने तीस्ता नदी बेसिन में अचानक आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सिंगताम का दौरा किया. मुख्यमंत्री ने सिंगताम नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे स्थिति पर नजर रखने को कहा. तमांग ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण वक्त में मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित हुए सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करना चाहता हूं. उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार जरूरतमंद लोगों को सभी आवश्यक सहायता और राहत उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. हम स्थिति की गंभीरता को समझते हैं और अपने नागरिकों की सुरक्षा एवं कुशलता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं. हमारे समर्पित दल इस आपदा से उत्पन्न चिंताओं और चुनौतियों से निपटने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं.

### एनडीआरएफ की तीन टीमें तैनात

**नई दिल्ली/गंगटोक।** सिक्किम के ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने के कारण तीस्ता नदी क्षेत्र में आई अचानक बाढ़ के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तीन टीम को तैनात किया गया है. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बल ने अब तक सात लोगों को बचाया है. संघीय आकस्मिक बल के एक प्रवक्ता ने दिल्ली में कहा कि उन्होंने इस कार्य के लिए एक टीम को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में और दो अन्य टीम को पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में तैनात किया है.

### कनाडा संसद के निचले सदन में चुना गया पहला अश्वेत स्पीकर

**ओटावा।** कनाडा की संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के स्पीकर के रूप में ग्रेग फर्गस को चुना गया है. इस पद को संभालने वाले वह पहले अश्वेत हैं. पूर्व स्पीकर एंथनी रोटा के इस्तीफे से यह पद खाली हुआ था. उन्होंने करीब एक सप्ताह पहले स्पीकर पद से इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद ही निचले सदन के नए स्पीकर का चुनाव हुआ. करीब एक माह पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा कनाडाई संसद को संबोधित किया था. इस दौरान स्पीकर एंथनी रोटा ने जब 98 वर्षीय यारोस्लाव हुंका की ओर ध्यान आकर्षित कराया तो सांसदों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया. रोटा ने हुंका को 'फर्स्ट यूक्रेनियन डिविजन' के लिए लड़ाई लड़ने वाला युद्ध नायक करार दिया. बाद में यह पता चला कि इस डिवीजन ने नाजियों के कमान में लड़ाई लड़ी थी. इसके बाद रोटा को माफी मांगनी पड़ी और उन्होंने अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया. नए स्पीकर फर्गस क्यूबेक लिबरल पार्टी के सांसद हैं.

## कार-ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत, एक घायल



**भाषा। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बुधवार को वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गयी. मृतकों में से चार एक ही परिवार के सदस्य थे. पुलिस ने यह जानकारी दी.

राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है. फूलपुर थाने के प्रभारी दीपक राणावत ने बताया कि हादसा वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर करखियांव इलाके के पास हुआ. एक कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई. उन्होंने बताया कि हादसे में कार सवार आठ लोगों की मृत्यु हो गई. थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों में पीलीभीत जिले के विपिन यादव (32) और उनकी मां गंगा देवी (48) के साथ साथ अपनी परिवार के बुजुर्गों की अस्थियां विसर्जित करने गये महेंद्र पाल (43), उनकी पत्नी चंद्रकाली (40), उनका भाई दामोदर प्रसाद (35) और भाभी निर्मला देवी (32) शामिल हैं. उन्होंने बताया कि इनके अलावा मृतकों में पीलीभीत के ही राजेंद्र (55) और कार चालक अमन (24) भी शामिल हैं. राणावत ने बताया कि दामोदर का नौ वर्षीय पुत्र भी गंभीर रूप से घायल है. उसका इलाज चल रहा है.

## उत्तर कोरिया ने की अमेरिका की निंदा, कहा

# अमेरिका की हर आक्रामक कार्रवाई का जवाब देंगे

**भाषा। सियोल**

उत्तर कोरिया ने पेंटागन की हाल में जारी हुई एक रिपोर्ट को लेकर अमेरिका की निंदा की है और कहा है कि वह अपनी प्रभावी रणनीति से अमेरिका की किसी भी आक्रामक कार्रवाई का करारा जवाब देगा. रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया अपने विनाशकारी हथियारों के कारण लगातार खतरा बना हुआ है.

पिछले सप्ताह अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने विनाशकारी हथियारों से मुकाबले के लिए 2023 की रणनीति शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें विनाशकारी हथियारों की चुनौतियों एवं इससे निपटने के तरीकों का वर्णन किया गया था. रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन और रूस विनाशकारी हथियारों के मामले में प्रमुख चुनौतियां हैं और उत्तर कोरिया, ईरान तथा हिंसक चरमपंथी संगठन लगातार क्षेत्रीय खतरा बने हुए हैं. उत्तर कोरिया के बारे में ऐसे अमेरिकी विवरण और उत्तर कोरिया की ऐसी आक्रामक प्रतिक्रिया असामान्य नहीं है. लेकिन दोनों देशों के बीच हालिया बयानबाजी ऐसे वक्त हुई है जब उत्तर कोरिया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए रूस के साथ हथियार हस्तांतरण समझौते पर जोर दे रहा है, जिसे लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं.



**पेंटागन रिपोर्ट**

- उत्तर कोरिया के विनाशकारी हथियार हैं खतरों का कारण
- विनाशकारी हथियारों के मामले में चीन व रूस प्रमुख चुनौतियां

### चीन से भारतीय समाचार पोर्टल के संबंधों की खबरें देखी हैं : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा कि उनके देश ने एक भारतीय समाचार पोर्टल के चीन से कथित संबंधों के बारे में खबरें देखी हैं, लेकिन वह इन दावों की सत्यता पर टिप्पणी नहीं कर सकते. विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा कि हमने इस पोर्टल के चीन से संबंधों के बारे में खबरें देखी हैं, लेकिन हम उन दावों की सत्यता के बारे में अभी टिप्पणी नहीं कर सकते. उन्होंने कहा कि हालांकि, अमेरिकी सरकार दुनियाभर में जीवंत और स्वतंत्र लोकतंत्र में सोशल मीडिया समेत अन्य मीडिया साधनों की मजबूत भूमिका का भी दृढ़ता से समर्थन करती है. पटेल ने कहा कि हम इन मामलों पर दुनियाभर के देशों के साथ ही भारत सरकार के साथ अपनी राजनयिक भागीदारी के जरिये चिंताओं को व्यक्त करते हैं. हमने न केवल भारत सरकार, बल्कि अन्य देशों से भी ऑनलाइन और ऑफलाइन मंचों पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समेत पत्रकारों के मानवाधिकारों का सम्मान करने का आग्रह किया है.

**विश्लेषण** निर्धारित सीमा पार कर प्रति घन मीटर में पीएम 2.5 की सांद्रता 100.01 माइक्रोग्राम रही

# पिछले वर्ष भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा दिल्ली

- आइजोल और मिजोरम में सबसे स्वच्छ हवा

**भाषा। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में वैसे तो आंशिक सुधार आया है लेकिन 30 सितंबर को समाप्त हुए वर्ष में दिल्ली देश में सबसे अधिक प्रदूषित रही तथा यहां प्रति घन मीटर में पीएम 2.5 की सांद्रता 100.01 माइक्रोग्राम रही जो सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा का तीन गुना है. नये विश्लेषण में यह तथ्य सामने आया है.

स्वतंत्र विचारक संस्था क्लाइमेट ट्रेंड्स और प्रौद्योगिकी फर्म 'रेस्पिरर लिविंग साइंसेज' द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि आइजोल और मिजोरम में पीएम2.5 स्तर केवल 11.1 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के साथ भारत की सबसे स्वच्छ हवा है.



### शीर्ष प्रदूषित शहरों में शामिल एनसीआर के ये 4 शहर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के चार और शहर यथाफरीदाबाद (89 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर), नोएडा (79.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर), गाजियाबाद (78.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) और मेरठ (76.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) भी शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं.

**पीएम में 40 % की कमी हासिल करने का लक्ष्य :** यह रिपोर्ट एक अक्टूबर, 2022 से 30 सितंबर, 2023 तक सरकार के पीएम2.5 डेटा के विश्लेषण पर आधारित है और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत शामिल किए गए शहरों पर केंद्रित है. इस कार्यक्रम का लक्ष्य 2026 तक पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में 40 प्रतिशत की कमी हासिल करना है.

### पटना के वायु गुणवत्ता में 24 % की गिरावट

विश्लेषण से पता चला कि इस अवधि में पटना 99.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की औसत पीएम2.5 सांद्रता के साथ दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा. पटना में पिछले वर्ष की तुलना में वायु गुणवत्ता में 24 % की गिरावट देखी गई. रिपोर्ट में बताया गया कि शीर्ष 7 प्रदूषित शहर दिल्ली, पटना, मुजफ्फरपुर, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ सभी सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों का हिस्सा हैं. अध्ययन के दौरान दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ में पीएम2.5 की सांद्रता क्रमश: 4 %, 12 %, 12 %, 25 % और 11 % कम हो गई.

## वेनिस शहर में बस हादसे में 21 की मौत, पांच की हालत गंभीर

**भाषा। वेनिस (इटली)**

इटली के वेनिस शहर में विदेशी पर्यटकों को ले जा रही एक बस फ्लाईओवर से नीचे गिर गई, जिससे 21 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 अन्य घायल हो गए. स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में यूक्रेन के चार नागरिक और एक जर्मन नागरिक शामिल है. घायलों में फ्रांस, स्पेन और क्रोएशिया के नागरिक शामिल हैं. घायलों में से पांच की हालत गंभीर है. वेनिस प्रांत के अधिकारी मिचेल डी बारी ने बताया कि मृतकों में दो बच्चे शामिल हैं. हादसे का शिकार हुए ज्यादातर लोग युवा थे. दमकलकर्मी बुधवार सुबह तक बस का मलबा हटाने का काम करते रहे. यह नयी और



इलेक्ट्रिक बस मंगलवार शाम को विदेशी पर्यटकों को ले जा रही थी, तभी वह मेस्त्रे में एक फ्लाईओवर से नीचे गिर गई और उसमें आग लग गई. वेनिस शहर के काउंसिलिर रेनातो बोरासो ने बताया कि हादसे में बस चालक की मौत हो गयी. अभियोजक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या चालक वाहन चलाने के दौरान अस्वस्थ महसूस कर रहा था. वह एक अनुभवी चालक था.

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता, राजनीतिक - सामाजिक संगठनों व मसीही समुदाय ने शोक जताया

# लोगों की सेवा के लिए हमेशा सजग रहते थे कार्डिनल टोप्पो

संवाददाता। रांची

आर्च बिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता लगा है. बिशप्स सहित विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के सदस्यों और मसीही समुदाय के लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की है. सभी ने इसे झारखंड ही नहीं पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया है. झारखंड के लिए उनके योगदान को अतुलनीय बताया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि धर्मगुरु कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन का अत्यंत दुःखद समाचार मिला. वे लोगों की सेवा करते हुए उनके हक-अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहते थे. प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें.





### आपसी प्रेम और भाईचारा बांटने का काम किया : बंधु तिर्की

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का सेवा कार्य की भावना लेकर एक सुदूर गांव से निकलकर चर्च के उच्च पद पर आसीन होना झारखंड के आदिवासियों के लिए एक गौरव की बात थी. उन्होंने सदैव समाज के बीच आपसी प्रेम व भाईचारा बांटने का कार्य किया. साथ ही विश्व स्तर पर राज्य में आदिवासियों की दशा बेहतर बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के माध्यम से हर संभव प्रयास किया.

### आदिवासी प्रतिनिधि को पोप ने नॉमित किया था : प्रभाकर तिर्की

झारखंड आदिवासी कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय ईसाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है. उन्होंने कहा कि महामहिम पोप के कैबिनेट में भारत वर्ष से पहले आदिवासी प्रतिनिधि को कॉर्डिनल के रूप में नॉमित किए गए थे. कार्डिनल पी टोप्पो को यह जिम्मेवारी उनकी बुद्धिमत्ता के कारण मिली थी. जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल के अंतिम समय तक बेहतर तरीके से निभाया.

### धार्मिक गुरु थे कार्डिनल : राजेंद्र प्रसाद

कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के आकस्मिक निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने दु:ख व्यक्त किया. प्रसाद ने कहा कि स्व टोप्पो एक धार्मिक गुरु थे. उनके अनुयायी को इस दु:ख को सहन करने की ईश्वर शक्ति दें.



## बिशपों ने शोक संवेदना में कहा

### टोप्पो स्वर्गीय पिता के पास लौट आए हैं : थियोडोर मैस्करेनहास

रांची के सहायक बिशप थियोडोर मैस्करेनहास ने अपने शोक संदेश में कहा है कि छोटानागपुर के चर्च के विकास में उनके अपार योगदान के लिए रांची महाधर्मप्रांत हमेशा उनका आभारी रहेगा. टोप्पो स्वर्गीय पिता के पास लौट आए हैं. एमेरिटस कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम दिनों में उनकी देखभाल करने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों को धन्यवाद. भगवान उसे प्रभु के अंगूर के बगीचे में उसके काम के लिए शाश्वत पुरस्कार प्रदान करें. आइए हम प्रार्थना में एकजुट हों और प्रभु से अपने से संबंधित सभी लोगों और प्रियजनों को सांत्वना देने के लिए प्रार्थना करें. हे प्रभु, उसे अनुदान दो और उस पर सतत प्रकाश चमकने दो. एमेरिटस कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की आत्मा को शांति मिले. तथास्तु.

### मसीही समुदाय के लिए क्षति : राजीव सतीश टोप्पो

एनडब्लयूजी जीईएल चर्च के आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो ने कहा कि मसीही समुदाय के लिए यह अपूरणीय क्षति है. उनका कार्य और जीवनशैली और गरीबों के लिए उनके किए गये कार्य हमेशा प्रेरित करते रहेंगे.

### जनता के नि: स्वार्थ सेवक थे : रेव्ह डेविड

पल्ली पुरोहित संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च के रेव्ह डेविड ने कहा कि यह वास्तव में हमारे ईसाई समाज के लिए एक बड़ी क्षति है. उनका मिलनसार और प्रामाणिक स्वभाव हमेशा याद रखा जाएगा. वह वास्तव में जनता के नि :स्वार्थ सेवक थे. ईश्वर उन्हें आंतरिक विश्राम प्रदान करें और उन पर सदैव प्रकाश चमकता रहे. हम उनके परिवार के लिए पुजारियों और सभी वफादार लोगों के प्रति सहानुभूति और प्रार्थना भी करते हैं.

### समस्त कलीसिया को अपूरणीय क्षति : बिशप बी बास्के

कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर सीएनआई छोटानागपुर डायसिस के बिशप बासिल बी बास्के ने समस्त विश्वासियों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है. उनके निधन पर न सिर्फ रोमन कैथोलिक कलीसिया को बल्कि छोटानागपुर की समस्त कलीसिया को अपूरणीय क्षति हुई है. उन्होंने छोटानागपुर की समस्त कलीसिया के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसे कभी भी भूला नहीं जा सकता है. सीएनआई छोटानागपुर डायसिस के बिशप एवं समस्त विश्वासियों की ओर से रोमन कैथोलिक कलीसिया के समस्त विश्वासियों को परमेश्वर पिता शांति प्रदान करें. कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की दिवंगत आत्मा को परमेश्वर अपने राज्य में अनंत विश्राम प्रदान करें.

### ईसाई समाज की क्षति : बिशप जॉनसन लकड़ा

जीईएल चर्च के बिशप जॉनसन लकड़ा एमरटस ने कहा कि कॉर्डिनल के निधन से ईसाई समाज ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड को क्षति हुई है. परमेश्वर उनके पूरे कलीसिया और परिवार को शांति प्रदान करें.

### आपके जैसा महान न कोई था और न कोई होगा : कुलदीप तिर्की

झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पलासीडीयूस टोप्पो प्रभु को प्यारे हो गए. कलीसिया आपके महान योगदान को कभी नही भूल सकता. आपके जैसा महान न कोई था और न कोई होगा. आपका एक महान कथन जो आप हमेशा कहा करते थे, जिसे हम कभी नही भूल सकते – ईश्वर जो भी करता है ठीक ही करता है. हमारा समुदाय आपका हमेशा ऋणी रहेगा.

### झारखंड एवं आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व किया : कांग्रेस

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि उनका निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने अपने जीवन काल में चर्च के माध्यम से सेवा कार्य द्वारा पूरे विश्व में झारखंड एवं आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने जीवन पर्यन्त सर्वधर्म समभाव के संदेशों को समाज के सभी वर्गों में बांटने का काम किया. उनका मृदुभाषी सरल व्यवहार एवं मिलनसार व्यक्तित्व सदा स्मरणीय रहेगा. शोक व्यक्त करने वालों में अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, केशव महतो कमलेश, मदन मोहन शर्मा, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीश पॉल मुंजनी, शिव कुमार भगत, आभा सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, नेली नाथन, बेलस तिर्की, डॉ बिरसा उरांव, केदार पासवान, सुरेन राम, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, उज्ज्वल तिवारी, छोटू सिंह, नरेन्द्र लाल गोपी आदि शामिल हैं.





**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# कॉमर्स की पढ़ाई खोलती है कॅरियर के दरवाजे

एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद

कॉमर्स का अर्थ होता है–'व्यापार या व्यवसाय'. कॉमर्स स्ट्रीम को दसवीं पास करने के बाद चुना जाता है. आप में से कई बच्चों की रुचि व्यवसाय में होती है यह उन सभी बच्चों के लिए एकदम सही करियर विकल्प साबित हो सकता है. इसमें आपको व्यवसाय के बारे में पढ़ाया जाता है जो विद्यार्थी अपना भविष्य बैंकिंग सेक्टर में देखते हैं या वे विद्यार्थी जिनकी गणित में पकड़ बहुत अच्छी है उन सभी के लिए यह एक बेहतरीन विषय है. कॉमर्स लेने के बाद आपको 11वीं और 12वीं में बिजनेस से जुड़े सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, जिसमें मुख्यत: व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र, लेखा और इंग्लिश शामिल हैं. इन विषयों के अलावा, कुछ वैकल्पिक विषय, सूचना विज्ञान अभ्यास, गणित और शारीरिक शिक्षा शामिल हैं. 12वीं पास कर आप कॉलेज की पढ़ाई के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसमें आपको कई तरह के कोर्सेज करने को मिलते हैं.

### 12वीं के बाद के कोर्स

- सीए फाउंडेशन कोर्स
- सीएस फाउंडेशन कोर्स
- सीएमए फाउंडेशन कोर्स
- बी कॉम एलएलबी
- बीबीए
- बीए
- बीकॉम
- बीएसडब्ल्यू
- बीए इन मास कम्युनिकेशन
- बैचलर इन होटल मैनेजमेंट
- बैचलर डीग्री इन टूर एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- बैचलर डिग्री इन टूरिज्म मैनेजमेंट
- बीसीए

### बीकॉम के बाद बेस्ट कोर्स

- बैचलर ऑफ एजुकेशन
- कंपनी सेक्रेटरीशिप
- सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर
- चार्टेड एकाउंटेंट
- एम कॉम
- चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट
- सर्टिफाइट इन इंवेस्ट बैंकिंग
- यूएस सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटिंग
- बिजनेस एकाउंटिंग एंड टैक्सेशन
- सर्टिफाइड मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंट
- एमबीए
- डिजिटल मार्केटिंग
- रूरल मैनेजमेंट
- सोशल वर्क
- एलएलबी
- पीजीडीएम
- इंटरनेशनल फाइनेंशियल स्टैंडर्ड्स
- पत्रकारिता
- अर्थशास्त्र में एमए
- सर्टिफिकेट इन एकाउंटिंग
- सर्टिफिकेट इन बैंकिंग
- सर्टिफिकेट इन ई–कॉमर्स
- सर्टिफिकेट इन स्टोक मार्केट
- सर्टिफिकेट इन पब्लिक रिलेशंस
- सर्टिफिकेट इन डीजिटल मार्केटिंग
- सर्टिफिकेट इन रूरल डेवलपमेंट
- सर्टिफिकेट इन डिजास्टर मैनेजमेंट
- सर्टिफिकेट इन लाइब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साइंस
- पीजी सर्टिफिकेट इन बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज

### करियर विकल्प

- लॉ
- लॉजिस्टिक्स
- टैक्सेशन
- पत्रकार
- रूरल मैनेजमेंट
- रिटेलिंग मैनेजमेंट
- सिक्यूरिटिज मार्केट
- फाइनेंस मैनेजमेंट
- कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन
- हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- टैक्स प्रैक्टिशनर
- स्टॉक मार्केट
- हाई स्कूलों में कॉमर्स शिक्षक
- सहायक प्राध्यापक



### कॉमर्स के टॉप कॉलेज

- श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, नई दिल्ली
- हिंदू कॉलेज, नई दिल्ली
- हंसराज कॉलेज, नई दिल्ली
- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन्स, नई दिल्ली
- किरोड़ीमल कॉलेज, नई दिल्ली
- लोयोला कॉलेज (स्वायत्त), चेन्नई
- स्कूल ऑफ फाइनेंस एंड अकाउंटेंसी, बेंगलुरु

### मुख्य विषय

- लेखाकर्म
- अर्थशास्त्र
- बिजनेस स्टडीज
- अंग्रेजी

### वैकल्पिक विषय

- गणित
- सूचना विज्ञान अभ्यास
- कंप्यूटर विज्ञान
- गृह विज्ञान
- शारीरिक शिक्षा
- मनोविज्ञान
- ललित कला
- भाषा अध्ययन

### झारखंड में इन कॉलेजों से कर सकते है कॉमर्स

- रांची विश्वविद्यालय, रांची
- मारवाड़ी कॉलेज, रांची
- संत जेवियर्स कॉलेज रांची
- पीके रॉय कॉलेज, धनबाद
- बीवीयू, हजारीबाग
- महिला कॉलेज, रांची
- एसएसएलएनटी कॉलेज, धनबाद

### मुख्य बातें

- **बी कॉम (एकाउंटिंग और फाइनेंस) :** यह 3 साल का डिग्री प्रोग्राम है जिसमें एकाउंट्स और फाइनेंस में करियर बनाने के कई अवसर मिलते है, इसमें बैंकिंग, अकाउंट, फाइनेंस, टैक्सेशन के 35 से ज्यादा विषय पढ़ाए जाते हैं. इसे करने के बाद आप या तो किसी कंपनी में बतौर ट्रेनी अकाउंटेंट भी काम कर सकते हैं.
- **बी कॉम (फाइनेंशियल मार्केट) :** यह 3 वर्ष का डिग्री प्रोग्राम जिसमें आपको फाइनेंस, इंवेस्टमेंट, स्टॉक मार्केट, कैपिटल के बारे में जानकारी दी जाती है, इस डिग्री प्रोग्राम को करने के बाद आप ट्रेनी एसोसिएट, फाइनेंस ऑफिसर, फाइनेंस कंट्रोलर, फाइनेंस प्लानर, मनी मार्केट डीलर, इंशुरेंस रिस्क मैनेजमेंट जॉब्स कर सकते है.
- **बी कॉम (बैंकिंग और इंश्योरेंस) :** यह एक प्रोफेशनल और एकेडमिक 3 वर्ष का डिग्री प्रोग्राम है, इस कोर्स को करने के बाद कई सारे जॉब ऑफर मौजूद होते हैं इस डिग्री प्रोग्राम में बैंकिंग और इंश्योरेंस के साथ–साथ अकाउंटिंग, इंश्योरेंस रिस्क कवर जैसे विषयों की जानकारी दी जाती है इस डिग्री को करने के बाद आप एमबीए, एम.कॉम जैसी हायर एजुकेशन कोर्सेज कर सकते हैं जिनका पैकेज लाखों में होता है.
- **कॉस्ट और वर्क अकाउंट :** यह सीए से मिलता–जुलता कोर्स है जिसे द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा कराया जाता है. इस कोर्स को करने के बाद छात्रों को कॉस्ट अकाउंटेंट और इससे जुड़े कई पदों पर काम करने का मौका मिलता है. अगर आप सरकारी नौकरी करना चाहते हैं तो आपको द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया में आवेदन करना होगा, जिसकी प्रवेश परीक्षा हर साल जून और दिसंबर में होती है.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )